

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 137 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 02 मार्च 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया


# तो क्या बिहार में खत्म हो जाएगी शराबबंदी ?

## विधानमंडल में सवाल उठा तो नीतीश कुमार ने दिये संकेत

पटना. बिहार में शराबबंदी कानून लागू किए जाने के बाद लगातार सियासी संग्राम जारी है. सवाल ये भी उठता है कि क्या बिहार से शराबबंदी खत्म हो जाएगी. विपक्ष से लेकर सत्ता पक्ष के लोग इस कानून के खिलाफ आए दिन आवाज उठाते रहे हैं, जिसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी कानून को लेकर बड़े संकेत दिये हैं. नीतीश कुमार ने इस मुद्दे को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाने की बात कही है. बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में सरकार का पक्ष रखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाषण दे रहे थे. इसी दौरान शराबबंदी को लेकर के भी नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने सवाल खड़े करते हुए गोपालगंज में जहरीली शराब से मरने वालो के आश्रितों को मुआवजा देने का मामला उठाया.

उनकी इस मांग के बाद सीएम नीतीश कुमार ने सदन में कहा कि जहरीली शराब से पीकर यदि कोई मरता है तो वह खुद गलती करता है. सभी मामलों में बैठकर विचार सब मिलकर कर लीजिए क्योंकि शराबबंदी सिर्फ मेरा व्यक्तिगत फैसला नहीं है सबों की सहमति से इस कानून को लागू किया गया था.



नीतीश कुमार ने कहा कि आप लोग जब कहिए हम सर्वदलीय बैठक करवा देंगे. लोगों की मदद या सहयोग करने को लेकर सब लोग बैठकर विचार करिये. शराबबंदी कानून को लेकर सर्वदलीय बैठक की बात करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि चाणक्य विधि विश्वविद्यालय से सर्वे कराया गया जिसमें 2018 में एक करोड़ 64 लाख लोगों ने शराब छोड़ी.

अभी एक करोड़ 82 लाख लोगों ने शराब छोड़ी है. 2018 में जब सर्वे कराया गया था उसके अनुसार 1 करोड़ 64 लाख लोगो ने शराब छोड़ा था. उन्होंने कहा कि बिहार में 99 फीसदी महिलाएं शराब बंदी के पक्ष में हैं जबकि 82 फीसदी पुरुष शराब बंदी के पक्ष में हैं. ग्रामीण क्षेत्र 93 प्रतिशत और शहरी में 92 प्रतिशत शराब बंदी के समर्थन में बोलते हैं. नीतीश कुमार ने शराब पीने के नुकसान बताते हुए कहा कि दुनिया भर में शराब की वजह से 5.3 फीसदी लोग मरते हैं जबकि इससे 200 तरह की बीमारियां होती हैं. 27 फीसदी लोग शराब पीकर गाड़ी चलाने की वजह से एक्सीडेंट में मारे जाते हैं.

सीएम ने कहा कि शराब पीने की वजह से 18 फीसदी लोग आत्महत्या करते हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान यात्रा के दौरान हम जिस जिला में गए सब लोग शराबबंदी के समर्थन में बोल रहे थे. कोई यदि शराब पी रहा था तभी न जहरीला शराब मिल गया और पीने से मौत हो गई, इसलिए मैं कहता हूं कि पियोगे तो मरोगे.

## सरकार मेडिकल कॉलेज बनवाए, बहना नहीः उमाशंकर सिंह बसपा विधायक

संतोष कुमार द्विवेदी समाज जागरण

नगरा, बलिया। रसड़ा से बसपा विधायक उमाशंकर सिंह ने बुधवार को विधानसभा में मेडिकल कॉलेज का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि 2022 से ही बलिया में मेडिकल कॉलेज बनाने की बात हो रही है लेकिन अभी तक कॉलेज बनाने की दिशा में कुछ ठोस कदम नहीं उठा गए। कभी कहा जा रहा है कि जमीन ढ-ूंढा जा रहा है तो कभी कुछ।उन्होंने बलिया में मेडिकल कॉलेज बनवाने के लिए अपनी स्वयं की तीस विग्घा भूमि मुफ्त में सरकार को देने की बात कहते हुए कहा कि मै अपनी जमीन मेडिकल कॉलेज के लिए दे रहा हूं, सरकार मेडिकल कॉलेज बनवाए, बहाना न बनाएं।




## समाज जागरण हिंदी दैनिक समाचार में आवश्यकता है

मध्यप्रदेश के सभी जिलों से अनुभवी पत्रकार की। जो खबर और विज्ञापन दोनों लाने में सक्षम हो।

शिवशंकर पाण्डेय -8120086063 बालाघाट


*सीआईएसएफ की टीम ने धनसार कोलयरी में अवैध कोयला से लदा तीन हाइवा को पकड़ा और पुलिस के किया हवाले।*

# कोयला तस्करों में मंचा हड़कंप ,कई महीनों से अवैध कोयला का चल रहा था तस्करी के कारोबार

*सीआईएसएफ के अनुसार दोनों हाइवा अवैध कोयला तस्करी मामले मे ब्लैक लिस्टेड है और नंबर बदल कर दोनों हाइवा चलाया जा रहा था।*

**समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ सह प्रभारी , बिहार -झारखंड प्रदेश, प्रशांत भारद्वाज जिला संवाददाता धनबाद।**

झारखंड प्रदेश के धनबाद जिले में कोयला तस्करी की मामला परवाना चढ़ चुका है और दिन के उजाले में हाईवा से सरेआम कोयला की चोरी निर्वाधगति से जारी हैं ।जिसमें ब्लैक लिस्टेड हाईवा गाड़ी का नंबर - प्लेट बदल -बदल कर अवैध रूप से कोयला की चोरी किया जा रहा है। कोयला चोरी का ताजा मामला धनबाद जिले का केंदुआडीह थाना क्षेत्र के धनसार कोलियरी का हैं। कोयला तस्कर दिन के उजाले में हाइवा से कोयला चोरी कर रहे हैं ।

जिला संवाददाता के अनुसार सीआईएसएफ को मिली गुप्त सूचना पर धनसार कोलियरी से अवैध कोयला लोड कर गोधर चेकपोस्ट से बाहर निकलने के दौरान दो हाइवा जेएच 10 सीके 2367 और जेएच 10 सीएक्स 8141 को सीआईएसएफ की टीम ने पकडा। मौके पर कुसुण्डा जीएम समेत केन्दुआडीह



पुलिस की टीम ने कागजातों की जांच की मगर संबधित कोयला का चालक कागजात दे नहीं पाए। सीआईएसएफ की टीम ने धनसार थाना को कोयला से लादे दोनों हाईवा को सौंप दिया। जाँच मे दोनो हाइवा हिन्दुस्तान ट्रांसपोर्टिंग कंपनी की बताई जाती है। दोनों हाइवा हिन्दुस्तान कंपनी के साइडिंग के लिए बुक थी। छापेमारी से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गई है। बताया जाता है कि कई महीनों से अवैध कोयला तस्करी चल रही है। सीआईएसएफ के अनुसार दोनों हाइवा अवैध कोयला तस्करी मामले मे ब्लैक लिस्टेड है और नंबर बदल कर दोनों हाइवा चलाया जा रहा था।

# शिक्षक की विदाई समारोह में छात्र -छात्राओं ने फूट-फूटकर रोया

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद ( बिहार)- 0 1 मार्च 2023- गया जिला के आमस प्रखंड स्थित सुगी मध्य विद्यालय के छात्र छात्राओं ने शिक्षक के विदाई समारोह में फूट फूट कर रोया . बताते चले कि उक्त विद्यालय में शारीरिक शिक्षक के रूप में सुरेंद्र भगत पदस्थापित थे . जिनकी सेवाकाल समाप्त हो गया . उसी के उपलक्ष में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भव्य तरीके से विदाई समारोह का आयोजन किया . उपस्थित छात्र छात्राओं ने सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेंद्र भगत को पुष्प का माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर भव्य तरीके से विदाई समारोह किया . इसी क्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेंद्र भगत विद्यालय से निकलकर घर जाने के लिए रवाना हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं ने फूट-फूटकर रोते हुए घर ना जाने की आग्रह करते रहा . सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेंद्र भगत ने छात्र-छात्राओं की रोते देख भावुक होकर रो पड़े . सेवानिवृत्त



शिक्षक ने मीडिया से मुखातिब होते हुए पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि बच्चों का प्रेम व कड़ी मेहनत तथा बच्चों में अनुशासन का परिणाम है कि आज के बच्चों ने जिस प्रकार से शिक्षक के प्रति आस्था प्रेम जताया है जिससे एहसास हो गया कि मैंने अपने जीवन में जो मेहनत किया आज उसका परिणाम मिल गया . उन्होंने आगे कहा कि गुरु और शिष्य का प्रेम अटूट होता है . जिसका इतिहास साक्षी है . कहा गया है कि गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वर ,गुरु साक्षात परम ब्रम्ह तस्मै श्री गुरुवे नमः . सच है कि गुरु की महिमा अपार है . जो आमस प्रखंड के सुगी मध्य विद्यालय के बच्चों ने विदाई समारोह के दौरान गुरु एवं शिष्यों का जो प्रेम एवं संबंध का अटूट दृश्य दिखाया जो काबिले तारीफ था, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है . उन्होंने आगे कहा कि हमारा स्कूल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बाजी मार चुकी है . इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं पर मुझे गर्व है कि आने वाले दिनों में इस विद्यालय का नाम रोशन अवश्य करेगा


समाज जागरण 'विशेषांक'

***"होली के रंग समाज जागरण के संग"***

समाज जागरण रंगों के त्योहार होली के शुभ असवर पर आप सभी के लिए "होली के रंग समाज जागरण के संग" नाम से एक विशेषांक प्रकाशित करने जा रही है। जिसमें आप भी अपने अपने जीवन में होली से जुड़े अनुभव को साझा कर सकते है। बस आपको करना इतना है कि, अपने अनुभव को लिखकर हमे vatankiawaz@gmail.com पर मेल करना है। साथ मे एक फोटो भी भेजना है ताकि फोटो के साथ प्रकाशित किया जा सके। आप इसका प्रति भी प्राप्त कर सकते है। इसके लिए आपको 200 रुपये + कोरियर चार्ज देना होगा।


*जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में लगभग 200 छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने किया प्रतिभाग।*

# कृषि विज्ञान केंद्र छौलस में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में चयनित छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित।

**समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस श्रृंखला में आज जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर की अध्यक्षता में एवं समन्वयक जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र छौलस में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में बच्चों की शिक्षा को लेकर विभिन्न गुणात्मक सुधार सुनिश्चित किए जा रहे हैं इस श्रृंखला में बच्चों को विज्ञान की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन संपन्न हुआ।

इस संबंध में समन्वयक जिला विज्ञान क्लब गौतमबुद्धनगर अर्चना शिरोमणि ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य विकास अधिकारी गौतमबुद्धनगर तेज प्रताप मिश्र के द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस प्रतियागिता



में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने मॉडल प्रस्तुत किये। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में जनपद के विद्यालय/संस्थान के कक्षा 9 एवं 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का मुख्य विषय वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान, निर्धारित किया गया है, जिसमें ड्रोन टेक्नोलॉजी, नेचुरल एंड ऑर्गेनिक फार्मिंग, रोबोटिक्स, सेंसर टेक्नोलॉजी, नैनो टेक्नोलॉजी एवं नैनो मटेरियल्स, स्टीम सेल टेक्नोलॉजी, बायो एनर्जी, रिन्यूएबल एनर्जी, सोलर एनर्जी, हाइड्रोजन फ्यूल सेल एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वेब 3-0, मेटावर्स, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल्स, डिफरेंट लोन बैटरी चार्जिंग स्टेशन, मिसाइल्स टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी एंड सेटेलाइट्स, एयरक्राफ्ट, साइबर सिक्योरिटी डिजिटल इंडिया, विषय जिला स्तर पर भी चुना जा सकता है आदि विषय थे। इस प्रतियोगिता में जज प्रवक्ता रसायन विज्ञान संदीप कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 अरूण सिंह, प्रोफेसर डा0 अर्जुन सिंह के द्वारा विद्यार्थियों को चयन किया गया। उन्होंने बताया की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित होने वाले छात्र-छात्राओं जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम बुद्ध नगर धर्मवीर सिंह द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं 10 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि चयनित होने वाले विद्यार्थी आगामी 10 मार्च 2023 को मंडलीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस आयोजन में ब्लॉक प्रमुख दादरी बिजेन्द्र, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र मयंक कुमार राय, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डा0 बेनिका पन्त तथा अध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने कहा कि यह समस्त कार्यक्रम जिला अधिकारी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतमबुद्धनगर एवं प्रभारी निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सूचना के नई दिल्ली।

# उत्तर प्रदेश गाजियाबाद में ट्रांसजेंडर्स चांदनी को समाज कल्याण विभाग किया विशेष पहचान पत्र जारी

**समाज जागरण**

गाजियाबादः में ट्रांसजेंडर्स को समाज कल्याण विभाग द्वारा विशेष पहचान पत्र जारी किया जा रहा है. वहीं, गाजियाबाद जिले में ट्रांसजेंडर चांदनी, समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी किए गए विशेष पहचान पत्र को हासिल करने वाली जिले की पहली ट्रांसजेंडर बन गई हैं. इस बाबत डीएम द्वारा जारी किए गए विशेष पहचान पत्र को जिला समाज कल्याण अधिकारी ने ट्रांसजेंडर चांदनी को प्रमाण पत्र सौंपा है. आइए बताते हैं इस प्रमाण पत्र के मिलने से क्या फायदे होंग

किन्नरों को मुख्य धारा से जोड़कर समाज में उनके प्रति सोच बदलने की पहल सरकार ने शुरू कर दी है। अब सरकार किन्नरों का रजिस्ट्रेशन करेगी और उनको पहचान प्रमाण पत्र देगी। इसके बाद उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।



संयुक्त सचिव, सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश शासन समाज कल्याण अनुभाग-2 के निदेर्शानुसार किन्नरों के लिए पहचान प्रमाण पत्र बनाए जाने के संबंध में एक पोर्टल https://transgender.dosje.gov.in/Applicant/तैयार किया गया है। जिस पर पहचान पत्र बनवाने के लिए आनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था आदि के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। जिला समाज कल्याण ने बताया कि निर्देश के क्रम में जिले में किन्नरों का पहचान पत्र बनवाने के लिए जल्द ही योजना तैयार की जाएगी। बताते चलें एक सर्वेक्षण में किन्नरों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी सामने आयी है। इसमें सबसे खास है कि उत्तर प्रदेश में हर साल लगभग तीन हजार किन्नरों की संख्या बढ़ रही है। यानी 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में किन्नरों की संख्या 137465 थी। अब सर्वेक्षण में इनकी संख्या लगभग 164615 हो गई है। यानी 10 वर्षों में 27150 की वृद्धि हुई है।

# छप्पन का अजीबोगरीब आंकड़ा

**समाज जागरण**

भारत में सब कुछ अलग होता है। आंकड़े भी।दो आंकड़े तो जग जाहिर हैं।एक छत्तीस का और दूसरा छप्पन का। छप्पन का आंकड़ा स्वाभाविक है कि छत्तीस के आंकड़े से बड़ा होता है।ये आंकड़े अकेले भी जीवित रहते हैं और दो लोगों के बीच भी।

छत्तीस के आंकड़े से अकेले छत्तीसगढ़ का ही नहीं बल्कि पूरे देश से ताल्लुक है। छत्तीस का आंकड़ा सनातन है।इसका वजूद त्रेता, द्वापर और कलियुग में भी मिलता है।इस आंकड़े के असंख्य उदाहरण हैं। महाभारत से लेकर रूस -यूक्रेन युद्ध तक इसी छत्तीस के आंकड़े के प्रमुख सह उत्पाद है।

दीपावली के दूसरे दिन पड़वा को गोधन (गोवर्धन) पूजा के साथ ही हमारे यहां 'अन्नकूट' का श्रीगणेश हो जाता है। भगवान को सभी नये अन्न और शाक मिलाकर तरकारी बनती है। समर्थन में कढी,चावल भी पकाए जाते हैं। फिर पूड़ी तो होती ही है। गरीब की ओर से भगवान को यही छप्पन (56)भोग है।

भगवान को खुश करने के लिए खास लोगों की ओर से जो छप्पन भोग लगाया जाता है,वो आम आदमी के बूते की बात नहीं। छप्पन भोग में जा चीजें शामिल होती हैं उनमें

(जलेबी), धृतपूर (मेसू), वायुपूर (रसगुल्ला), चंद्रकला (पगीहुई), दधि (महारायता), स्थूली (थूली), कपूर्नाड़ी (लौंगपूरी), खंडमंडल (खुरमा), भक्त (भात), सूप (दाल), गोधूम (दलिया), परिखा, सुफलाढया सौंफयुक्त, दधिरूप (बिलसारू), मोदक (लड्डू), शाक (साग), सौधान (आधानौ अचार), मंडका (मोठ), पायस (खीर), परिष्टाश्च (पूरी), शतपत्र (खजला), सधिद्रक (घेवर), चक्राम (मालपुआ), चिल्डिका (चोला), दधि (दही), गोघ्रत, मंडूरी (मलाई), प्रलेह (चटनी), सदिका (कढ़ी), दधिशाकजा (दही की कढ़ी), सुफला (सुपारी), सिता (इलायची), हैयंगपीनम (मक्खन), फल, तांबूल, मोहनभोग, लवण, कषाय, मधुर, तिक्त, कटु, अम्ल, सिखरिणी सिखरन, अवलेह (शरबत), बालका (बाटी), इक्षु खेरिणी (मुरब्बा), त्रिकोण (शर्करा युक्त), बटक (बड़ा), मधु शीर्षक (मठरी), फेणिका (फेनी), कूपिका, पर्पट (पापड़), शक्तिका (सीरा), लसिका (लस्सी), सुवत, संघाय मोहन प्रमुख हैं।

भगवान को ये महाभोग अर्पित करने के बाद इसे मिश्रित कर आम जनता को प्रसाद वितरित किया जाता है। हमारे पडौसी शुक्ल दद्दा अन्नकूट का मतलब अलग बताते हैं।वे कहते हैं कि अन्नकूट महोत्सव में जाओ तो कूट, कूटकर खाओ।वे बताते हैं कि ये प्रसाद पेट से ऊपर अर्थात भूख से ज्यादा खाना चाहिए।ये सुपाच्य होता है। बचपन में शुक्ल दद्दा ने आधा पेट खाया तो वापसी में घर पर मार पड़ी।तब से शुक्ल जी का पूरा परिवार अन्नकूट प्रसादी कूट, कूटकर ही खाते हैं। कोई परोसा (घर ले जाने के लिए प्रसाद) दे दे तो कभी इंकार नहीं करते।

अन्नकूट के लिए हमारी श्रीमती जी सात समंदर पार भी जाने को तैयार रहतीं हैं।शहर में तो अन्नकूट का निमंत्रण ठुकराने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। यदि अन्नकूट का कोई अवसर चूक जाए तो श्रीमती जी को महिनों तक अफसोस होता है।

बहरहाल ये बात तो हुई अन्नकूट की, लेकिन सियासत में भी पिछले कुछ सालों से 56का आंकड़ा लोकप्रिय है।अब जिसका सीना 56 इंच का होता है उसी को डान कहा जाता है। हमारे यहां तो जनता चौकीदार भी 56 इंच के सीने वाले को चुनते हैं। जिनके पास सीने का साइज छोटा होता है वे 56 इंच का फोल्डिंग औजार जेब में रखते हैं।

जहां तक बात छत्तीस के आंकड़े की है तो ये आंकड़ा तो आपको अपने घर, आसपड़ोस, दफ्तर,और राजनीतिक दलों के बीच मिल जाएगा। जहां छत्तीस का आंकड़ा नहीं, वहां न कोई रहस्य नहीं,रोमांच नहीं। यहां तक कि टीवी सीरियल तक में बिना 36 के आंकड़े के कोई पटकथा पूरी नहीं होती।अब तो भले ही दुनिया ,'ग्लोबल गांव ' बन गया है किन्तु जब तक दो मुल्कों के बीच 36 का आंकड़ा न हो तब तक मजा ही नहीं आता।

मैंने तय किया है कि राष्ट्र हित मे मै अपनी नई किताब 36 और 56 के आंकड़े पर ही केंद्रित रखूंगा,ताकि एक साथ अनेक मित्रों को संतुष्ट कर सकूं।इन आंकड़ों के बिना देश, दुनिया में सब आधा -अधूरा है.

@ राकेश अचल

# अस्तित्वहीन संयुक्त राष्ट्र संघ, बाहुबली अमेरिका सहित नाटो देशों का हिमायती'

**समाज जागरण**

रूस यूक्रेन युद्ध के 100 दिन गुजर जाने के बाद अरबों रुपए के माल की हानि और लाखों लोग बेघर तथा जान गवाने के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ में नेपथ्य में अपने अस्तित्व की तलाश में घूमता नजर आ रहा है। अमेरिका तथा यूरोपीय देश रूस के खिलाफ खुलकर धन तथा सामरिक अस्त्र शस्त्र लगातार यूक्रेन को प्रदान कर रहे हैं दूसरी तरफ इन्हीं बाहुबली देशों के इशारे पर यूएनओ रूस पर नाना प्रकार के प्रतिबंध लगा चुका है' संयुक्त राष्ट्र संघ अब अस्तित्वहीन हो चुका है। अभी भी अमेरिका सहित नेटो देश यू,एन,ओ,को अपने स्वार्थ के हिसाब से संचालित करते आ रहे हैं।रूस युक्रेन युद्ध में युद्ध रोकने यू,एन,ओ, रूस के सामने गिड़गिड़ा कर अपील करता रहा, पर रूस के कान में जूं तक नहीं रेंगी उल्टा हमले और तेज कर दिए।यू,एन,ओ, की हामियत प्रायः न्यून होती जा रही है।

वैश्विक शांति सद्भावना और सौहार्द्र के लिए वैश्विक देशों ने एक मत हो कर परमाणु अप्रसार संधि पर 1970 में लगभग विश्व के सारे देशों ने अपनी मुहर लगाई थी' विश्व के 191 देशों ने अपनी सहमति जताकर परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए थे' यह इस परमाणु संधि का मूल आदर्श यही था कि मानव जाति के लिए हर संभव परमाणु हथियारों और इस खतरनाक तकनीक के प्रचार प्रसार को रोकना था' जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं थे वह भी इस संधि में शामिल हो गए थे पर परमाणु हथियार संपन्न देश भी इस बात से सहमत हैं कि परमाणु हथियार बनाने एवं इसके उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगे' द्वितीय युद्ध में हिरोशिमा और नागासाकी पर अणु, परमाणु बमों का भयानक परिणाम जापान में पूरी दुनिया के लोग देख चुके थे ,अनुभव कर चुके थे ।जापान इसके दुष्परिणाम अभी तक झेल रहा है' परमाणु हथियारों का उपयोग मानव जाति के खिलाफ ना किया जाए इसके लिए परमाणु अप्रसार संधि की कवायत यूनाइटेड नेशंस ऑर्गेनाईजेशन की गई थी' अब जब संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी से भेंट कर रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने की मध्यस्थता करने रूस के दौरे पर जाएंगे, पर संयुक्त राष्ट्र संघ शांति स्थापना के देश में कितना सफल होगा यह तो वक्त ही बताएगा । 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के बाद अनेक देश परमाणु हथियार संपन्न बन चुके हैं ।परमाणु तथा हाइड्रोजन बमों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है' उल्लेखनीय है कि इन संधियों को युद्ध से बचने और शांति स्थापित करने के प्रयास के लिए वैश्विक स्तर पर निर्मित किया गया था ।अब रूस तथा यूक्रेन युद्ध में उसकी कहीं भी कोई भूमिका दिखाई नहीं देती ,सभी संस्थाएं निष्क्रिय प्रतीत होती हैं' कमजोर और छोटे देश यूक्रेन पर पिछले 60 दिनों से रूस लगातार आक्रमण कर उसके शहरों को तबाह कर रहा है, संयुक्त राष्ट्र संघ सहित विश्व के सारे देश हाथ में हाथ धरे बैठे इस भीषण युद्ध को सिर्फ देख रहे हैं। इसे रोकने की किसी ने पहल तक नहीं की है।ऐसे में इन संधियों की प्रासंगिकता भी लगभग शून्य हो चुकी है' यूक्रेन को अपनी उस बड़ी गलती का एहसास हो रहा है जो 1994 में उसने बुडापेस्ट समझौते के तहत परमाणु हथियार नहीं बनाने के लिए वचनबद्ध होकर हस्ताक्षर करके की थी' अमेरिका यूरोपीय देश तथा रूस ने यूक्रेन को परमाणु हथियारों से दूर रखने की नीति पर काम किया था, जिसके फलस्वरूप यूक्रेन ने अपने पास मौजूद तमाम परमाणु हथियारों को इस बुढापेस्ट समझौते के तहत 1996 में नष्ट कर दिए थे। यूक्रेन रूस तथा अमेरिका और यूरोपीय देशों के दबाव में 1996 में जेनेवा सम्मेलन में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि के तहत हस्ताक्षर किए थे। भारत ने इस परमाणु संधि पर हस्ताक्षर करने से साफ इंकार कर दिया था और भारत सरकार की देखा देखी पाकिस्तान ने भी हस्ताक्षर नहीं किए थे। उस समय की यह नीति अत्यंत भेदभाव पूर्ण थी जिसके परिणाम अब साफ नजर आ रहे हैं। यूक्रेन के पास यदि आज परमाणु हथियार होते तो रूस इस तरह उस पर ताबड़तोड़ हमले न करता और रूस ने इस युद्ध में परमाणु हथियारों की उपयोग की धमकी तक दे डाली है यह अलग मुद्दा है कि रूस परमाणु हथियारों का कब और कैसे इस्तेमाल करेगा।

भारत ने पहला परमाणु परीक्षण प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में 1974 में राजस्थान के पोखरण में कराया था और तब से दुनिया ने समझ लिया है कि भारत भी एक परमाणु संपन्न देश बन चुका है एवं इस दिशा में 1998 में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में फिर से परमाणु परीक्षण कर इस पर मुहर लगा दी गई थी । भारत ने परमाणु हथियार बनाने के साथ-साथ प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने एक नीति विश्व के सामने स्पष्ट कर दी थी कि परमाणु हथियार केवल निरोध के लिए है और भारत केवल प्रतिशोध की नीति को अपनायगा इसका साफ साफ यह मतलब है कि भारत पहले परमाणु हमला नहीं करेगा और यदि कोई देश उस पर हमला करता है तो वह परमाणु हथियारों का उपयोग करने से पीछे नहीं हटेगा।

इधर परमाणु संपन्न देशों की महत्वाकांक्षाओं ने में नई करवट ली है। उत्तर कोरिया के सनकी सम्राट किम जोंग ने अपने परमाणु हथियारों से अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान को समूचा नष्ट करने की धमकी तक दे डाली है और अमेरिका उत्तर कोरिया को पूरा नष्ट करने की ठान चुका है। इसी तरह चीन ने समुद्री निगरानी करने के बहाने अपनी परमाणु पनडुब्बियों को समुद्र में उतारने का फैसला भी लिया है।

परमाणु हथियारों के उपयोग का खतरा अभी भी वैश्विक जगत में छाया हुआ है क्योंकि परमाणु अप्रसार संधि में अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, इसराइल और उत्तर कोरिया ने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है। फल स्वरूप परमाणु हथियारों के उपयोग की आशंका बनी हुई। संयुक्त राष्ट्र संघ एक कमजोर मध्यस्थ की तरह सबकी तरफ ताक रहा है। वर्तमान समय में अमेरिका के पास 6800, फ्रांस के पास 300 चीन के पास 260 ब्रिटेन के पास 215 पाकिस्तान के पास 140 और भारत के पास 110 इजराइल के पास 80 और उत्तर कोरिया के पास 10 परमाणु हथियार है। एक भी देश यदी परमाणु हथियार इस्तेमाल करता है तो पूरा विश्व और धरती तहस-नहस होने की दिशा में अग्रसर हो सकती है। विश्व बहुत गहरे संकट में है रूस यूक्रेन युद्ध यदि समाप्त नहीं हुआ तो विश्व युद्ध की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है



**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, संकलनकर्ता, रायपुर छत्तीसगढ़,**

# लट्ठमार होली

**लट्ठमार होली ब्रज** क्षेत्र में बहुत प्रसिद्ध त्योहार है। होली शुरू होते ही सबसे पहले ब्रज रंगों में डूबता है। यहाँ भी सबसे ज्यादा मशहूर है बरसाना की लट्ठमार होली। बरसाना राधा का जन्मस्थान है। मथुरा (उत्तर प्रदेश) के पास बरसाना में होली कुछ दिनों पहले ही शुरू हो जाती है।

### मान्यत

इस दिन लट्ठ महिलाओं के हाथ में रहता है और नन्दगाँव के पुरुषों (गोप) जो राधा के मन्दिर ह्यलाडलीजीह्ल पर झंडा फहराने की कोशिश करते हैं, उन्हें महिलाओं के लट्ठ से बचना होता है। कहते हैं इस दिन सभी महिलाओं में राधा की आत्मा बसती है और पुरुष भी हँस-हँस कर लाठियाँ खाते हैं। आपसी वाताार्लाप के लिए ह्यहोरीह्ल गाई जाती है, जो श्रीकृष्ण और राधा के बीच वाताार्लाप पर आधारित होती है। महिलाएँ पुरुषों को लट्ठ मारती हैं, लेकिन गोपों को किसी भी तरह का प्रतिरोध करने की इजाजत नहीं होती है। उन्हें सिर्फ गुलाल छिड़क कर इन महिलाओं को चकमा देना होता है। अगर वे पकड़े जाते हैं तो उनकी जमकर पिटाई होती है या महिलाओं के कपड़े पहनाकर, श्रृंगार इत्यादि करके उन्हें नचाया जाता है।



### लट्ठमार होली, कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा

माना जाता है कि पौराणिक काल में श्रीकृष्ण को बरसाना की गोपियों ने नचाया था। दो सप्ताह तक चलने वाली इस होली का माहौल बहुत मस्ती भरा होता है। एक बात और यहाँ पर जिस रंग-गुलाल का प्रयोग किया जाता है वो प्राकृतिक होता है, जिससे माहौल बहुत ही सुगन्धित रहता है। अगले दिन यही प्रक्रिया दोहराई जाती है, लेकिन इस बार नन्दगाँव में, वहाँ की गोपियाँ, बरसाना के गोपों की जमकर धुलाई करती है।

### परंपरा एवं महत्त्व

उत्तर प्रदेश में वृन्दावन और मथुरा की होली का अपना ही महत्त्व है। इस त्योहार को किसानों द्वारा फसल काटने के उत्सव एक रूप में भी मनाया जाता है। गेहूँ की बालियों को आग में रख कर भूना जाता है और फिर उसे खाते है। होली की अग्नि जलने के पश्चात बची राख को रोग प्रतिरोधक भी माना जाता है। इन सब के अलावा उत्तर प्रदेश के मथुरा, वृन्दावन क्षेत्रों की होली तो विश्वप्रसिद्ध है। मथुरा में बरसाने की होली प्रसिद्ध है। बरसाना राधा जी का गाँव है जो मथुरा शहर से करीब 42 किमी अन्दर है। यहाँ एक अनोखी होली खेली जाती है जिसका नाम है लट्ठमार होली। बरसाने में ऐसी परंपरा हैं कि श्री कृष्ण के गाँव नंदगाँव के पुरुष बरसाने में घुसने और राधा जी के मंदिर में ध्वज फहराने की कोशिश करते है और बरसाने की महिलाएं उन्हें ऐसा करने से रोकती हैं और डंडों से पीटती हैं और अगर कोई मर्द पकड़ जाये तो उसे महिलाओं की तरह श्रृंगार करना होता है और सब के सम्मुख नृत्य करना पड़ता है, फिर इसके अगले दिन बरसाने के पुरुष नंदगाँव जा कर वहाँ की महिलाओं पर रंग डालने की कोशिश करते हैं। यह होली उत्सव करीब सात दिनों तक चलता है। इसके अलावा एक और उल्लास भरी होली होती है, वो है वृन्दावन की होली यहाँ बाँके बिहारी मंदिर की होली और 'गुलाल कुंद की होली' बहुत महत्त्वपूर्ण है। वृन्दावन की होली में पूरा समां प्यार की खुशी से सुगन्धित हो उठता है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि होली पर रंग खेलने की परंपरा राधाजी व कृष्ण जी द्वारा ही शुरू की गई थी।

# पवन दीवान

**पवन दीवान** (अंग्रेजीःजन्म- 1 जनवरी, 1945, राजिम, छत्तीसगढ़; मृत्यु- 2 मार्च, 2014, दिल्ली) छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के प्रखर नेता, संत और कवि थे। वह छत्तीसगढ़ी, हिन्दी, संस्कृत और अंग्रेजी भाषाओं के प्रखर वक्ता थे। उन्होंने महानदी के किनारे छत्तीसगढ़ की तीर्थ नगरी राजिम से 'अंतरिक्ष' ,'बिम्ब' और 'महानदी' नामक साहित्यिक पत्रिकाओं का सम्पादन किया। पवन दीवान लम्बे समय तक राजिम स्थित संस्कृत विद्यापीठ के प्राचार्य भी रहे। वह खूबचन्द बघेल द्वारा स्थापित 'छत्तीसगढ़ भातृसंघ' के भी अध्यक्ष रहे। राजनीति में रहने के बावजूद पवन दीवान की पहचान मुख्य रूप से एक आध्यात्मिक सन्त, विद्वान भागवत प्रवचनकर्ता और हिन्दी तथा छत्तीसगढ़ी के लोकप्रिय कवि के रूप में आजीवन बनी रही। उनकी प्रकाशित पुस्तकों में कविता संग्रह 'मेरा हर स्वर इसका पूजन' और 'अम्बर का आशीष' उल्लेखनीय हैं।

### परिचय

पवन दीवान उन व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने छत्तीसगढ़ियों में स्वाभिमान जगाने का काम किया था। जिन्होंने पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के लिए आंदोलन किया था। जिन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा को भागवत कथा में शामिल कर उसे जन-जन में प्रसारित करने, प्रचारित करने और मातृभाषा के प्रति सम्मान जगाने का काम किया था। जिन्होंने हर मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई थी। जो एक सफल कवि, भागवताचार्य, खिलाड़ी और राजनेता के तौर जाने और माने गए। जिन्होंने एक पंक्ति में जीवन के मूल्य को समझा दिया था- "तहूँ होबे राखड्ड महूँ होहू राखड्ड" जिनके लिए सन 1977 में एक नारा गूँजा था- पवन नहीं ये आँधी है, छत्तीसगढ़ का गाँधी है। पवन दीवान का जन्म 1 जनवरी, 1945 को राजिम के पास ग्राम किरवई में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा गाँव में हुई। उनके पिता का नाम सुखराम धर दीवान शिक्षक थे। वहीं माता का नाम किर्ती देवी दीवान था। ननिहाल आरंग के पास छटेरा गाँव था। उन्होंने स्कूली शिक्षा किरवई और राजिम से पूरी की। जबकि उच्च शिक्षा सागर विश्वविद्यालय और रविशकंर शुक्ल विवि रायपुर विश्वविद्यालय से प्राप्त की थी। उन्होंने हिंदी और संस्कृत में एमए की पढ़ाई की थी।

### संन्यास

अध्ययनकाल के समय ही पवन दीवान में वैराग्य की भावना बलवती हो गई थी। 21 वर्ष की आयु में हिमालय की तरायु में जाकर अंततः उन्होंने स्वामी भजनानंदजी महराज से दीक्षा लेकर सन्यास धारण कर लिया और भी पवन दीवान से अमृतानंद बन गए। इसके बाद वे आजीवन सन्यास में रहे और गाँव-गाँव जाकर भागवत कथा का वाचन करने लगे।

### कविता लेखन

अध्ययन काल के दौरान पवन दीवान की रुचि खेल में भी रही। फुटबॉल के साथ बॉलीबॉल में वे स्कूल के दिनों में उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे। इस दौरान ही उन्होंने कविता लेखन की शुरूआत भी कर दी थी। धीरे-धीरे वे एक मंच के एक धाकड़ कवि बन चुके थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी

# सरोजिनी नायडू

**सरोजिनी नायडू** (अंग्रेजीः जन्म- 13 फरवरी, 1879, हैदराबाद; मृत्यु- 2 मार्च, 1949, इलाहाबाद) सुप्रसिद्ध कवयित्री और भारत देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक थीं। वह भारत के स्वाधीनता संग्राम में सदैव आगे रहीं। उनके संगी साथी उनसे शक्ति, साहस और ऊर्जा पाते थे। युवा शक्ति को उनसे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती थी। बचपन से ही कुशाग्र-बुद्धि होने के कारण उन्होंने 13 वर्ष की आयु में लेडी ऑफ दी लेक नामक कविता रची। वे 1895 में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए इंग्लैंड गईं और पढ़ाई के साथ-साथ कविताएँ भी लिखती रहीं। गोल्डन थ्रैशोल्ड उनका पहला कविता संग्रह था। उनके दूसरे तथा तीसरे कविता संग्रह बर्ड ऑफ टाइम तथा ब्रोकन विंग ने उन्हें एक सुप्रसिद्ध कवयित्री बना दिया।

**'श्रम करते हैं हम**
**कि समुद्र हो तुम्हारी जागृति का क्षण**
**हो चुका जागरण**
**अब देखो, निकला दिन कितना उज्ज्वल।'**

ये पंक्तियाँ सरोजिनी नायडू की एक कविता से हैं, जो उन्होंने अपनी मातृभूमि को सम्बोधित करते हुए लिखी थी।

### जीवन परिचय

**मुख्य लेख : सरोजिनी नायडू का जीवन परिचय**

सरोजिनी नायडू का जन्म 13 फरवरी, सन 1879 को हैदराबाद में हुआ था। अघोरनाथ चट्टोपाध्याय और वरदा सुन्दरी की आठ संतानों में वह सबसे बड़ी थीं। अघोरनाथ एक वैज्ञानिक और शिक्षाशास्त्री थे। वह कविता भी लिखते थे। माता वरदा सुन्दरी भी कविता लिखती थीं। अपने कवि भाई हरीन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय की तरह सरोजिनी को भी अपने माता-पिता से कविताझ्रसृजन की प्रतिभा प्राप्त हुई थी। अघोरनाथ चट्टोपाध्याय 'निजाम कॉलेज' के संस्थापक और रसायन वैज्ञानिक थे। वे चाहते थे कि उनकी पुत्री सरोजिनी अंग्रेजी और गणित में निपुण हों।

### साहित्यिक परिचय

**मुख्य लेख : सरोजिनी नायडू का साहित्यिक परिचय**

सरोजिनी नायडू अपनी शिक्षा के दौरान इंग्लैंड में दो साल तक ही रहीं किंतु वहाँ के प्रतिष्ठित साहित्यकारों और मित्रों ने उनकी बहुत प्रशंसा की। उनके मित्र और प्रशंसकों में 'एडमंड गॉस' और 'आर्थर सिमन्स' भी थे। उन्होंने किशोर सरोजिनी को अपनी कविताओं में गम्भीरता लाने की राय दी। वह लगभग बीस वर्ष तक कविताएँ और लेखन कार्य करती रहीं और इस समय में, उनके तीन कविता-संग्रह प्रकाशित हुए। उनके कविता संग्रह 'बर्ड ऑफ टाइम' और 'ब्रोकन विंग' ने उन्हें एक प्रसिद्ध कवयित्री बनवा दिया। सरोजिनी नायडू को भारतीय और अंग्रेजी साहित्य जगत की स्थापित कवयित्री माना जाने लगा था किंतु वह स्वयं को कवि नहीं मानती थीं।

### राजनीतिक जीवन

**मुख्य लेख : सरोजिनी नायडू का राजनीतिक जीवन**

देश की राजनीति में कदम रखने से पहले सरोजिनी नायडू दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी के साथ काम कर चुकी थी। गांधी जी वहाँ की जातीय सरकार के विरुद्ध संघर्ष कर रहे थे और सरोजिनी नायडू ने स्वयंसेवक के रूप में उन्हें सहयोग दिया था। भारत लौटने के बाद तुरन्त ही वह राष्ट्रीय आंदोलन में सम्मिलित हो गई। शुरू से ही वह गांधी जी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रति वफादार रहीं। उन्होंने विद्यार्थी और युवाओं की सभाओं में भाषण दिए। अनेक शहरों और गाँवों में महिलाओं और आम सभाओं को सम्बोधित किया। सरोजिनी नायडू का स्वास्थ्य कभी अच्छा नहीं रहा। लेकिन उनका मनोबल दृढ़ था। युवावस्था में नहीं, बल्कि बड़ी उम्र होने पर भी वह जोश और उत्साह के साथ काम करती रहीं। यह देखकर सब विस्मित रह जाते थे। उनके साथियों और प्रशंसकों को हैरानी होती थी कि इतनी अजेय शक्ति उन्होंने कहाँ से पाई है।

### स्वतंत्रता संग्राम में योगदान

**मुख्य लेख : सरोजिनी नायडू का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान**

### सरोजिनी नायडू और महात्मा गांधी


वास्तव में सन 1930 के प्रसिद्ध नमक सत्याग्रह में सरोजिनी नायडू गांधी जी के साथ चलने वाले स्वयंसेवकों में से एक थीं। गांधी जी की गिरफ्तारी के बाद गुजरात में धरासणा में लवण-पटल की पिकेटिंग करते हुए जब तक स्वयं गिरफ्तार न हो गईं तब तक वह आंदोलन का संचालन करती रहीं। धरासणा वह स्थान था जहाँ पुलिस ने शान्तिमय और अहिंसक सत्याग्रहियों पर घोर अत्याचार किए थे। सरोजिनी नायडू ने उस परिस्थिति का बड़े साहस के साथ सामना किया और अपने बेजोड़ विनोदी स्वभाव से वातावरण को सजीव बनाये रखा। नमक सत्याग्रह खत्म कर दिया गया। गांधी-इरविन समझौते पर गांधी जी और भारत के वाइसराय लॉर्ड इरविन ने हस्ताक्षर किये। यह एक राजनीतिक समझौता था। बाद में गांधी जी को सन 1931 में लंदन में होने वाले दूसरे गोलमेज सम्मेलन में आने के लिए आमंत्रित किया गया। उसमें भारत की स्व-शासन की माँग को ध्यान में रखते हुए संवैधानिक सुधारों पर चर्चा होने वाली थी। उस समय गांधी जी के साथ, सम्मेलन में शामिल होने वाले अनेक लोगों में से सरोजिनी नायडू भी एक थीं। सन 1935 के भारत सरकार के एक्ट ने भारत को कुछ संवैधानिक अधिकार प्रदान किए। लम्बी बहस के बाद, कांग्रेस, देश की प्रांतीय विधानसभाओं में प्रवेश करने के लिए तैयार हो गयी। उसने चुनाच लड़े और देश के अधिकतर प्रांतों में अपनी सरकारें बनाई जिन्हें अंतरिम सरकारों का नाम दिया गया।

सरोजिनी नायडू का यह मानना था कि भारतीय नारी कभी भी कृपा की पात्र नहीं थी, वह सदैव से समानता की अधिकारी रही हैं। उन्होंने अपने इन विचारों के साथ महिलाओं में आत्मविश्वास जाग्रत करने का काम किया।

### निर्भीक व्यक्तित्व

मुख्य लेख : सरोजिनी नायडू का व्यक्तित्व

सरोजिनी नायडू ने भय कभी नहीं जाना था और न ही निराशा कभी उनके समीप आई थी। वह साहस और निर्भीकता का प्रतीक थीं। पंजाब में सन 1919 में जलियांवाला बाग में हुए हत्याकांड के बारे में कौन नहीं जानता होगा। आम सभाओं पर जनरल डायर के द्वारा



लगाय गए प्रतिबंध के विरोध में जमा हुए सैकड़ों नर-नारियों की निर्दयता से हत्या कर दी गई थी। वैसे भी रॉलेट एक्ट के पारित होने से देश में पहले से ही काफी तनाव था। इस एक्ट ने न्यायाधीश को राजनीतिक मुकदमों को बिना किसी पैरवी के फैसला करने और बिना किसी कानूनी कार्रवाई के संदिग्ध राजनीतिज्ञों को जेल में डालने की छूट दे दी थी। जलियांवाला हत्याकांड को लेकर समस्त देश में क्रोध भड़क उठा। उस पाशविक अत्याचार की गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के मन में उग्र प्रतिक्रिया हुई और उन्होंने अपनी 'नाइट हुड' की पदवी लौटा दी। सरोजिनी नायडू ने भी अपना 'कैसर-ए-हिन्द' का खिताब वापस कर दिया जो उन्हें सामाजिक सेवाओं के लिय कुछ समय पहले ही दिया गया था। अहमदाबाद में गांधी जी के साबरमती आश्रम में स्वाधीनता की प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर करने वाले आरम्भिक स्वयं सेवकों में वह एक थीं। गांधीजी शुरू में यह नहीं चाहते थे कि महिलाएँ सत्याग्रह में सक्रिय रूप से भाग लें। उनकी प्रवृत्तियों को गांधी जी कताई, स्वदेशी, शराब की दुकानों पर धरना आदि तक सीमित रखना चाहते थे। लेकिन सरोजिनी नायडू, कमला देवी चट्टोपाध्याय और उस समय की देश की प्रमुख महिलाओं के आग्रह को देखते हुए उन्हें अपनी राय बदल देनी पड़ी।

### स्मृति में डाक टिकट

सरोजिनी नायडू के सम्मान में जारी डाक टिकट 13 फरवरी, 1964 को भारत सरकार ने उनकी जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में 15 नए पैसे का डाक टिकट भी चलाया। इस महान देशभक्त को देश ने बहुत सम्मान दिया। सरोजिनी नायडू को विशेषतः 'भारत कोकिला', 'राष्ट्रीय नेता' और 'नारी मुक्ति आन्दोलन की समर्थक' के रूप में सदैव याद किया जाता रहेगा।

### मृत्यु

सरोजिनी नायडू की जब 2 मार्च सन 1949 को मृत्यु हुई तो उस समय वह राज्यपाल के पद पर ही थीं। लेकिन उस दिन मृत्यु तो केवल देह की हुई थी। अपनी एक कविता में उन्होंने मृत्यु को कुछ देर के लिए ठहर जाने को कहा था.....

मेरे जीवन की क्षुधा, नहीं मिटेगी जब तक
मत आना हे मृत्यु, कभी तुम मुझ तक।

उनका जीवन लाभदायक और परिपूर्ण था। उस जीवन से उन्हें आत्मसंतुष्टि प्राप्त हुई थी या नहीं यह तो कोई नहीं बता सकता लेकिन जितना उनके जीवन के बारे में जानते हैं उससे इतना तो जरूर कहा जा सकता है कि उन्होंने अपने जीवन को एक उद्देश्य दिया था और उसी के अनुरूप वह जीती रही थीं। ऐसा जीवन बहुत लोगों को नसीब नहीं होता। 'गीत के विषाद से जीवन का विषाद' मिटा देने के लिए वह प्रयास करती रहीं। उसी तरह उन्होंने जीवन बिताया। आने वाली पीढ़ियाँ इसी रूप में उन्हें याद करती रहेंगी। उन्हें याद रखने का यही एक ढंग है- 'सरोजिनी नायडू जो प्रेम और गीत के लिए जीती रहीं।' जैसा गांधी जी ने कहा था, सच्चे अर्थों में वह 'भारत कोकिला' थीं।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता**

औरंगाबाद (बिहार) औरंगाबाद जिले के देव नगर पंचायत के महादलित टोला मल्लाहटोली में सांसद सुशील कुमार सिंह के सांसद निधि से बनने वाली बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर सामुदायिक भवन का भूमि पूजन मल्लाहटोली निवासी राजकीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुनील राम के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ किया गया । सांसद सुशील कुमार सिंह द्वारा देव में अपने सम्पर्क अभियान के दौरान मल्लाहटोली में सामुदायिक भवन , सार्वजनिक चबूतरा एवं शौचालय निर्माण की सहमति प्रदान किये है । सुनील राम ने स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमि पूजन करते हुये सांसद के प्रति आभार जताते हुये कहा कि पिछले दिनों मेरे मुहल्ले में



सांसद महोदय बिहार सरकार के तत्कालीन मंत्री जनक चमार के साथ संत रविदास जयंती के अवसर पर उपस्थित हो कर लोगो से मुहल्ले का विकास पर वादा किये थे । आज वह सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिससे हम सबो के क्षेत्र में सामुदायिक भवन , चबूतरा , शौचालय निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है । उक्त सभी कार्यो पर लगभग 10.70 लाख रुपया खर्च होंगे छठ महापर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को भी उक्त निर्माण से सहायता उपलब्ध हो सकेगा । भूमि पूजन के अवसर पर भाजपा जिलामंत्री समाजसेवी आलोक कुमार सिंह , उदय राम , राजेंद्र राम , राकेश राम, गुप्तेश्वर राम, रविंद्र कुमार, अशोक राम, गणेश सिंह, राजू कुमार, गुड्डू साव, पूर्व वार्ड सदस्य अशोक कुमार सिंह चंद्रवंशी , रामौतार राम , कमलेश राम , राजेन्द्र चंद्रवंशी , धर्मेंद्र बैठा , अजित रजक सहित कई ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# एक युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों में मचा चीत्कार

**दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता मदनपुर**

औरंगाबाद (बिहार) :- जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के दरभंगा गांव में एक युवक फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतक 22 वर्षीय आशुतोष कुमार गांव के रामकेवल सिंह के इकलौता बेटा है जो देर रात्रि में अपने घर से निकलकर घर से पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित बजरंगबली के मंदिर के पास बरगद के पेड़ के टहनी में लैलुन के रस्सी को बांधकर अपने गले में फंदे लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।घटना के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी है मृतक के परिजनों ने बताया आशुतोष कोरोना काल में लगे लॉक डाउन के दौरान से ही काफी तनाव में चल रहा था वह कोरोना काल के दौरान भागकर यूपी चला गया था जो 15 दिनों बाद पुलिस के माध्यम से मिला था उसके बाद से वह मानसिक तनाव में रहता था। जो देर रात्रि में घर से निकलकर पास के मंदिर समीप एक पेड़ के टहनी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।इधर घटना की सूचना मिलते स्थानीय थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है

# जमीनी विवाद में जख्मी हुए एक वृद्ध की इलाज के दौरान मौत, परिजनों में मचा कोरहराम

**दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता मदनपुर**

औरंगाबाद (बिहार) :- जिले के मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र शंकरपुर गांव में जमीनी विवाद को दो पक्षों में मारपीट हुई जिसमें जख्मी हुए एक 55 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई है मृतक सुनेशर भुइया शंकरपुर गांव के रहने वाला है जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है पत्नी लक्समनिया देवी का रो रो बुरा हाल है मृतक के परिजनों ने बताया जमीनी विवाद को लेकर गांव के महेंद्र भुइयां के साथ कई महीनों के साथ विवाद चल रहा था वो जमीन के दावेदारी करता था।इसी विवाद को



लेकर रविवार को सुबह जब घर में कोई नहीं था तो महेंद्र भुइयां और उसका बेटा रोहित कुमार घर से गजरवा जंगल के पास गजगाह डैम के पास ले जाकर मारपीट कर गंभीर अवस्था जख्मी कर दिया।और इससे भी मन नहीं भरा तो शाम में घर में घुसकर मारपीट किया। जिसके बाद इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में भर्ती कराया गया था। जहां से इलाज कर घर पर ले गए थे इसके बाद बुधवार को इनकी हालात गंभीर देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है इधर घटना की सूचना मिलते ही सलैया थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है

# गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार पूर्व सभापति को मगध विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह का मुख्य अतिथि बनाना चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन - कांग्रेस

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया ( बिहार) चुनाव आयोग द्वारा 02, गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद 27 फरवरी से गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर रोहतास, भभुआ ,बक्सर आठ जिलों में चुनाव आचार संहिता लागू कर दिया गया है। वही 01 मार्च को गया जिला अंतर्गत बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति एवं गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार अवधेश नारायण सिंह को शामिल होना चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है. उक्त आरोप प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, मिथिलेश सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, उदय शंकर पालित, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, मो समद, खालिद अमीन, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से कहे . उन्होंने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा है कि आज 01 मार्च को गया जिला अंतर्गत बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता, बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति, एवम् गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार अवधेश नारायण सिंह जी को शामिल होना चुनाव आचार संहिता का उलंघन है।नेताओ ने आगे कहा कि गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी मगध प्रमंडल के आयुक्त ने 27 फरवरी को चुनाव आयोग के हवाले से चुनाव कार्यक्रम तथा चुनाव आचार संहिता की घोषणा कर दी है।नेताओ ने आगे कहा कि मगध विश्वविद्यालय में विगत कुछ दिनों पहले तक लगभग सवा वर्ष तक परीक्षा सहित सभी कार्य बिलकुल ठप था, जिस दौरान यहां के छात्र, कर्मचारी लगातार धरना प्रदर्शन किया, जिसमे सभी राजनीतिक दलों के नेता, जनप्रतिनिधि शामिल हुए थे, परंतु स्नातकों के वोट से विधान परिषद बनने वाले विधान परिषद अवधेश नारायण सिंह एक दिन भी शामिल नहीं हुए, तथा इस संबंध में विधान परिषद में कोई आवाज भी नही उठाए थे, जिससे यहां के छात्रों में इनके प्रति काफी रोष भी है, ऐसे में इन्हे स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि बनाना, मगध विश्वविद्यालय के उन सभी छात्रों के जले शरीर पर नमक छिड़कने जैसा है, जिनकी परीक्षाएं का सत्र दो से तीन साल विलंब होने से भविष्य खराब हुआ है। कांग्रेसी नेताओ ने कहा की शायद आयोजक गन ये भूल गए कि मगध विश्वविद्यालय के ही पूर्वती छात्रों में सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी तथा मगध विश्वविद्यालय के स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्व सत्येंद्र नारायण सिन्हा के सुपुत्र पर गवर्नर, पूर्व पुलिस आयुक्त दिल्ली, पूर्व सांसद निखिल कुमार आदि कई ऐसे लोगो की लंबी सूची है, जिन्हे मुख्य अतिथि बनाया जा सकता था, परंतु एक सोची समझी साजिश के तहत गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव में प्रचार एवम् लाभ दिलाने के उद्देश्य से आयोजको द्वारा भाजपा उम्मीदवार, पूर्व विधान परिषद को मुख्य अतिथि बनाया गया जो न्याय संगत नहीं है .नेताओ ने मगध प्रमंडल के आयुक्त सह रिटर्निंग अधिकारी गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र श्री मयंक बड़बड़े से इस संबंध में उचित कारवाई करने की मांग किया है .

# तीन दिवसीय प्रमण्डल स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी 2023, का जिला पदाधिकारी ने किया विधिवत तरीके से उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया (मगध बिहार )-गया में कृषि विभाग द्वारा दिनांक 28.02.2023 से 02.03.2023 तक आयोजित तीन दिवसीय प्रमण्डल स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी 2023 मगध प्रमंडल, गया का उद्घाटन बुधवार के दिन गया के जिला पदाधिकारी डा० त्यागराजन एस एम के कर कमलों द्वारा किया गया । इस उदघाटन कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक (शष्य), मगध प्रमंडल, गया, उप निदेशक उद्यान, मगध प्रमंडल, गया सहित कृषि विभाग के प्रमण्डलीय स्तरीय, जिला स्तरीय प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारीयों सहित हजारों कृषकों ने भाग लिया है। इस मौके पर प्रदर्शनी हॉल में मगध प्रमंडल, गया के अन्तर्गत सभी जिलों के कृषकों द्वारा फल, फूल, सब्जी, मधु मशरूम इत्यादि संबंधित उत्कृष्ट प्रादर्शों का आम जनों के लिये लोकार्पण किया गया है . बुधवार को इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, गया के द्वारा उपस्थित पदाधिकारीगण एवं कर्मियों एवं कृषकों को इस प्रमंडल स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी के सफल आयोजन पर बधाई दिया । जिला पदाधिकारी द्वारा किसानों के द्वारा वर्तमान में किये जा रहे खेती में परिवर्तन लाते हुए धान एवं गेहूँ से हटकर कम सिंचाई लगने वाले



फसलों की खेती करने के लिए विशेष रूप से आग्रह किया गया, तथा लेमनग्रास की खेती, मशरूम की खेती, जैविक तकनीक से विदेशी सब्जी की खेती कराने पर बल देने का अनुरोध किया गया है।

इस कार्यक्रम में उपस्थित सुदामा महतो, जिला कृषि पदाधिकारी शशांक कुमार, सहायक निदेशक उद्यान, गया को निदेशित किया गया कि किसानों के द्वारा कलस्टर में किये जा रहे लेमनग्रास की खेती से उत्पादित तेल से बनने वाले उत्पाद यथा साबुन, सेनेटाईजर , परफ्यूम , फिनाईल आदि बनाने हेतु पीएमईजीपी एव एमएसएमई के माध्यम से निर्माण इकाई के संस्थापन हेतु आवेदन सृजन करते हुए ऋण प्रदान कराने की व्यवस्था किया जाय। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा विशेष रूप से सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया है।कृषि विभाग द्वारा बनाये गये प्रखण्डवार मशरूम ग्राम के सफल क्रियान्वयन पर हर्ष जताते हुए समस्त कृषि विभाग के टीम एवं संबंधित कृषकों को बधाई दिया गया .तथा इसकी खेती को और अधिक पैमाने पर करने के लिए निर्देशित की गई .

# देव में बीडीओ व सीओ का पदभार, सहायक समाहर्त्ता (परीक्ष्यमान) शुभम कुमार ने किया ग्रहण।

*कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बल्कि जो कर्मी लापरवाही बरतेंगे उनके विरुद्ध वरीय पदाधिकारी को कर्रवाई हेतु अनुशंसा किया जाएगा- शुभम कुमार।*

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता**

औरंगाबाद (बिहार) औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का सहायक समाहर्ता (परीक्ष्मान) शुभम कुमार ने पदभार ग्रहण किया। देव प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय में बुधवार को सहायक समाहर्ता (परीक्ष्मान) शुभम कुमार पहुंच कर प्रभार ग्रहण किया। जिला पदाधिकारी सौरभ जोरनवाल के निर्देश पर जिला में पदस्थापित सहायक ( परीक्ष्यमान ) शुभम कुमार ने बीडीओ व सीओ के रूप में प्रभार ग्रहण किया। प्रभार के बाद उन्होंने सबसे पहले अंचल कार्यालय प्रखंड कार्यालय कृषि भवन मनरेगा भवन का निरीक्षण किया, इसके बाद पदाधिकारियों से कार्यों का समीक्षा



किया। साथ साथ कर्मी उपस्थिति पंजी को जांच कर कर्मियों को कई तरह का निर्देश दिया। कहा कि कर्मी अपने ड्यूटी पर हर हाल में तैनात रहे। कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बल्कि जो कर्मी लापरवाही बरतेंगे उनके विरुद्ध वरीय पदाधिकारी को करवाई हेतु अनुशंसा किया जाएगा। इसके बाद वहां उपस्थित कर्मियों से परिचय प्राप्त किए। परिचय के दौरान कर्मियों को कई तरह का कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं पंचायत में चल रहे सात निश्चय योजना के तहत नल जल एवं गली नली के कार्यों के बारे में जानकारी लिया। प्रभार ग्रहण करने के दौरान बीडीओ कुंदन कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृष्ण देव चौधरी,प्रमुख मानवती देवी के अलवे अंचल एवं प्रखंड के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# गोह पुलिस ने शराब तस्करों के मनसूबे पर फेरा पानी, 4188 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, चार चका का 02 वाहन पर था शराब।

*पहली बार गोह थाने में 50 लाख रुपए अनुमानित मूल्य की शराब बरामद की गई है। जो गोह थाने के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।*

**समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) रंगो का त्योहार होली पर्व को लेकर शराब माफियाओं के द्वारा गोह में बड़ी मात्रा में चार चका का दो वाहन से शराब मंगाया गया था किन्तू गोह पुलिस ने शराब तस्करों के मनसूबे पर पानी फेर दिया है।

बताते चले कि मध निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मिली गुप्त सूचना के अधार पर थानाध्यक्ष कमलेश पासवान के नेतृत्व में पुलिस का एक टिम गठित किया गया। टीम में शामिल एसआई शिवध्यान राम,पीएस आई अभिषेक कुमार, दफादार राम इकबाल मिश्रा, जिला पुलिस बल बीएमपी के जवानों ने मंगलवार की रात्रि में छापेमारी कर नियामतपुर गाँव से दो चार चका वाहन के साथ एक शराब तस्कर सहित दो वाहन पर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद कर थाना लाया गया है।

थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि नियामतपुर गांव निवासी विरेन्द्र यादव के सिवाना पर बने गौशाला मकान से एक टाटा गोल्ड गाड़ी संख्या बी आर 24 पी.158 एवं बोलेरो ओ डी 05 सी 2939 गाड़ी से 12636 बोतल अंग्रेजी शराब कुल 4188 लीटर गोवा एवं पंजाब निर्मित मैकडेबल,अरिस्टो कैप्ट प्रिमियम, इम्पेरीयर ब्लू, रॉयल चैलेंजर्स शराब बरामद किया गया है। पहली बार गोह थाने में 50 लाख रुपए अनुमानित मूल्य की शराब बरामद की गई है। जो गोह थाने के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

मामले में ए एस आई विरेन्द्र कुमार राम के बयान पर गोह थाना त्रकांड संख्या 70/23 दर्ज किया गया है। जिसमें नियामतपुर गांव निवासी रामजी यादव के पुत्र प्रेम कुमार को आरोपित किया गया है। वहीं शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमप्रकाश ने दिया किसान नेता को श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण गुंजन सिंह संवाददाता गुरुआ**

गया (बिहार) गुरुआ प्रखंड के किसान संघ के पूर्व अध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद दांगी के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोकसभा में उपस्थित स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व ओबरा के पूर्व विधायक सोमप्रकश सिंह ने किसान नेता श्यामलाल प्रसाद दांगी के संघर्षो पर विस्तार से चर्चा किया। इसके बाद आने वाले लोकसभा चुनाव में समान विचारधारा वाले दल के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने की घोषणा किया। उन्होंने यह भी बताया



की औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के किसानों को उत्तर कोयल नहर परिजना के अधूरे कार्य को पूरा करने का लॉलीपॉप दिया जा रहा है। इसलिए आने वाले चुनाव में किसी के झांसा में आने कि जरुरत नही है। शोकसभा में राजद के वरीय नेता अजय कुमार दांगी, स्वराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार दांगी, गुरुआ पंचायत के मुखिया पति सुरेंद्र कुमार यादव, शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद सिंह, मधु क्लिनिक के संचालक डॉ अनिल कुमार, मुरारी प्रसाद, धनंजय कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।


# गोह पुलिस ने शराब तस्करों के मनसूबे पर फेरा पानी, 4188 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, चार चका का 02 वाहन पर था शराब।

*पहली बार गोह थाने में 50 लाख रुपए अनुमानित मूल्य की शराब बरामद की गई है। जो गोह थाने के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।*

**समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) रंगो का त्योहार होली पर्व को लेकर शराब माफियाओं के द्वारा गोह में बड़ी मात्रा में चार चका का दो वाहन से शराब मंगाया गया था किन्तू गोह पुलिस ने शराब तस्करों के मनसूबे पर पानी फेर दिया है।

बताते चले कि मध निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मिली गुप्त सूचना के अधार पर थानाध्यक्ष कमलेश पासवान के नेतृत्व में पुलिस का एक टिम गठित किया गया। टीम में शामिल एसआई शिवध्यान राम,पीएस आई अभिषेक कुमार, दफादार राम इकबाल मिश्रा, जिला पुलिस बल बीएमपी के जवानों ने मंगलवार की रात्रि में छापेमारी कर नियामतपुर गाँव से दो चार चका वाहन के साथ एक शराब तस्कर सहित दो वाहन पर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद कर थाना लाया गया है।





थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि नियामतपुर गांव निवासी विरेन्द्र यादव के सिवाना पर बने गौशाला मकान से एक टाटा गोल्ड गाड़ी संख्या बी आर 24 पी.158 एवं बोलेरो ओ डी 05 सी 2939 गाड़ी से 12636 बोतल अंग्रेजी शराब कुल 4188 लीटर गोवा एवं पंजाब निर्मित मैकडेबल,अरिस्टो कैप्ट प्रिमियम, इम्पेरीयर ब्लू, रॉयल चैलेंजर्स शराब बरामद किया गया है। पहली बार गोह थाने में 50 लाख रुपए अनुमानित मूल्य की शराब बरामद की गई है। जो गोह थाने के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

मामले में ए एस आई विरेन्द्र कुमार राम के बयान पर गोह थाना कांड संख्या 70/23 दर्ज किया गया है। जिसमें नियामतपुर गांव निवासी रामजी यादव के पुत्र प्रेम कुमार को आरोपित किया गया है। वहीं शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।


# जनता दल( यू) के कार्यकताओं व समर्थकों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 72 वा जन्मदिवस - अभय कुशवाहा

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया ( बिहार ) गया जिला के जदयू समर्थकों एवं कार्यकताओं ने बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री का 72 वा जन्मदिन जनता दल यूनाइटेड जिला कार्यालय नागमतिया रोड गया में जिला अध्यक्ष अभय कुशवाहा की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया .इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभय कुशवाहा ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन हमलोग विकास दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा नीतीश कुमार जी पूरे देश दुनियां में विकास पुरुष के रूप में जाने जाते हैं, उन्होंने जो बिहार के विकास के लिए जितना काम किए हैं ,उसको कभी भुलाया नहीं जा सकता । श्री कुशवाहा ने कहा की आने वाले दिनों में बिहार में चाहे जिसकी सरकार हो बिना नीतीश कुमार का नाम लिए उनका काम नहीं चलेगा, उन्होंने कहा कि 2024 मे नीतीश कुमार को देश आशा भरी निगाहों से देख रही



है।हमलोग उम्मीद करते हैं कि2024 में देश में विपक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लडेगी और नीतीश कुमार देश का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शौकत अली, कुंडल वर्मा, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, अरविंद सिंह, आसिफ जफर,अरुण राव, गीता वर्मा, मितम्बरा लोहड़े, विनोद कुमार, पुस्पेंदु पुष्प, धनंजय शर्मा, राजेश शर्मा, अजीत शर्मा, बीरेंद्र शर्मा, सुलतान अहमद, सुरेश प्रसाद, कैलाश पासवान, जितेंद्र दास, मुस्तकीम रंगरेज, जितेंद्र पंडित, गोल्डी गायब, छोटी गुपुत, शहजाद साह, बॉबी खान,अरविंद वर्मा,विनोद यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे

# चार शराबी गिरफ्तार, कार जप्त

**समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा**

औरंगाबाद (बिहार) कुटुंबा थाना के पुलिस ने मंगलवार को गश्ती के दौरान जमुआ पावर ग्रिड के पास से चार शराबियों को गिरफ्तार किया। शराबी की पहचान पलामू जिले के नौडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत मायापुर गांव निवासी निखिल कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, मिहिर सिंह तथा सोनू सिंह के रूप में हुई है। यह कार्यवाही माया कुमारी ने की। शराबी टाटा टियागो कार में सवार थे। कार से 1. 3 लीटर बीयर बरामद हुई है। शराबियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# खैरा गाँव में देवी माँ का प्राण प्रतिष्ठा के लिए जल यात्रा, प्राणप्रतिष्ठा के दौरान अखंड कीर्तन का भी हुआ आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता विजय कुमार सिंह संवाददाता**

औरंगाबाद (बिहार) औरंगाबाद जिले के अम्बा थाना क्षेत्र के खैरा गांव में देवी मंदिर में मां देवी का प्राण प्रतिष्ठा के लिए बुधवार के दिन जल यात्रा एवं





नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। इस जल यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ पातालगंगा तलाब से जल भरी किया । इस कार्यक्रम में अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया गया है । शुक्रवार के दिन स्थापना एवं भंडारा का कार्यक्रम किया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में घायल से मिले बसपा नेतो राघवेंद्र यादव।

**समाज जागरण ,गुंजन सिंह संवाददाता गुरुआ ।**

गया (बिहार) गुरुआ प्रखंड के पलुहारा पंचायत के डुमरी गांव के युवा समाजसेवी मो फाएक खान दो दिन पहले बाइक से गिरकर गंभीर रुप से घायल हुए थे।इस घटना की जानकारी पाकर बसपा के जिला प्रभारी राघवेंद्र नारायण यादव ने डुमरी गांव में पहुंचे और पीड़ित कार्यकर्ता से मिलकर



उनकी स्वास्थ्य की जानकारी लिया है। बसपा नेता राघवेंद्र नारायण यादव ने बताया कि मो फाएक खान शादी समारोह की तैयारी में जुटे हुए थे इसी बीच घर लौटने के दौरान बाइक से अनियंत्रित होकर घायल हो गए थे। इस मौके पर बसपा के उपाध्यक्ष वजाहत परवेज खान, ब्लूमफील्ड इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य मिनहाज खान, अशोक कुमार यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# देवहरा में स्वच्छता अभियान को लेकर गोह बी डी ओ ने दिखाई हरी झंडी।

**समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) लोहिया स्वच्छ मिशन को लेकर गोह प्रखंड के देवहरा पंचायत के विभिन्न वार्डों में बुधवार को गीला एवं सूखा कचड़ा उठाव हेतु ठेला गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार एवं पंचायत के मुखिया आरती देवी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर



कचड़ा गाड़ी को रवाना किया है। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक आलोक कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार, आवास पर्यवेक्षक अमित कुमार, पंचायत सचिव रामजीवन राम, रंजन कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक नंदकिशोर, वार्ड सदस्य रविरंजन कुमार, रविशंकर कुमार, सिद्धनाथ दास, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सिद्धनाथ साव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# मदनपुर पुलिस एक शराबी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता मदनपुर**

औरंगाबाद (बिहार):- मदनपुर थाना के पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए थाना क्षेत्र बेलवा गांव के एक शराबी को गिरफ्तार किया है थानाध्यक्ष शशी कुमार राणा ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बेलवा गांव निवासी रमन भुइयां को उसके गांव से शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है जिसपर बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम 2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है

# सीएम नीतीश कुमार के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओ ने बांटा मिठाई

**दैनिक समाज जागरण गुंजन सिंह संवाददाता गुरुआ**

गया (बिहार) गुरुआ प्रखंड के जदयू कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर मिठाई बांटकर खुशियां व्यक्त किया है। जदयू के व्यवसायी एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष उमेश प्रसाद वर्मा ने बताया कि हमलोग तमाम कार्यकर्ता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की जन्मदिन पर बधाई देते हुए अगामी लोकसभा चुनाव के बाद देश के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं। जिस प्रकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की विकास हुई है उसी प्रकार पीएम बनने के बाद देश की सवार्गीण विकास होगी। इधर जदयू नेता नीतीश कुमार, माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकुमार प्रसाद सिंह, जदयू के व्यवसायी एवं उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमेश प्रसाद वर्मा, नीभा कुमारी समेत कई लोगों ने सीएम नीतीश कुमार के जन्मदिन पर बधाई दिया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ लेकर घर नहीं बनाने वाले लाभुको के विरुद्ध होगी करवाई:-बीडीओ

**दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार यादव संवाददाता आमस**

गया (बिहार):- आमस प्रखंड क्षेत्र में बहुत से अयेसे लाभुक है जो प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने के बाद भी अभी तक घर बनाने का कार्य शुरू नहीं किया है।जिसके लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़की चिलमी के बनकट गांव का दौरा किया। जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ लेने के बाद भी घर बनाने के कार्य नहीं शुरू करने वाले लाभुको को सख्त हिदायत दिया की दो दिनों में निर्माण कार्य शुरू नहीं किया तो वैसे



लाभुको के विरुद्ध करवाई की जाएगी।बीडीओ ने बताया की प्रखंड क्षेत्र में कुछ आयेसे लाभुक है जिन्होंने ने प्रथम कि स्त की राशि प्राप्त करने के बाबजूद भी अभी तक आवास निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया है। ऐसे लोगो को पहचान कर नोटिस भी जारी किया गया है उसके बावजूद भी कार्य शुरू नहीं तो उन्हे चिन्हित कर करवाई की जाएगी।

# बाबा चौहरमल एवं पद्मभूषण रामविलास की जयंती पर हो सार्वजनिक अवकाश : संजय

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद प्रदेश महासचिव सह जिला उपाध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) संजय पासवान ने मंगलवार को लोजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने चिराग पासवान से भारत सरकार के समक्ष मांग रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल एवं दूसरे अंबेडकर के नाम से विख्यात पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण रामविलास



पासवान जी हमारे समाज के लिए आदर्श एवं प्रेरणा स्त्रोत है। देशभर में इनकी जयंती समारोह के रूप में मनाई जाती है। ऐसी शख्सियत जिसे संपूर्ण समाज सम्मान देता है। उन्हें सम्मान देने की जिम्मेवारी भारत सरकार की भी बनती है। इसलिए भारत सरकार उपरोक्त दोनों महामानवों की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करे तथा भारत सरकार दुसाध रेजिमेंट के नाम से सेना की किसी समूह का नामकरण या नए समूह का गठन करे।

# रविंद्र कुमार ने संभाला जिलाधिकारी बलिया का पदभार

## *कौशांबी जिले के मूल निवासी 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं जिलाधिकारी*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : नवागत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बुधवार को कोषागार में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। 2010 बैच के आईएएस अधिकारी रविंद्र कुमार मूलतःकौशाम्बी जिले के निवासी हैं। वह इससे पहले उन्नाव और कन्नौज में जिलाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं।



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने अपर आयुक्त के रूप में तथा आगरा, सहारनपुर, संतकबीरनगर तथा बहराइच में भी अपनी सेवाएं दी हैं। बलिया जनपद में आने से पूर्व वह विशेष सचिव आबकारी के पद पर कार्यरत थे। जिलाधिकारी ने पदभार ग्रहण करते समय कहा कि उनका उद्देश्य है सरकारी योजनाओं को जनसामान्य तक अधिक से अधिक पहुंचाना तथा जनता की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करना।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं में आता है अनुशासन : डा० प्रवीण सिंह

**जुनेद अहमद, समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : नगर पंचायत स्थित दुलेश्वरी सुखदेव (डीएस) मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्रुप ऑफ डीएस के उप प्रबंधक डॉ० प्रवीण कुमार सिंह द्वारा पौधारोपण कर एवं मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर पुष्पार्चन करने के उपरांत हुआ।



इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत भी प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ० प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि आज युवाओं में अनुशासन की अत्यंत आवश्यकता है जिसका माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कार्यक्रम ही हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं में अनुशासन, अभिप्रेरणा एवं सेवा भाव की भावना को जागृत करता है। कार्यक्रम अधिकारी लाल साहब पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ०अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मोटो है 'मुझको नहीं तुझको' स्वयंसेविकाओं को स्व से ऊपर उठकर समूह के लिए कार्य करना चाहिए ताकि स्वयं का, संपूर्ण समाज एवं मानवता का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित रहा राष्ट्रीय सेवायोजना शिविर का दूसरा दिन

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुबेछपरा बलिया में चल रहे सप्तदिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की गतिविधि पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित रही। सर्वप्रथम स्वयंसेवियों ने मां सरस्वती को स्मरण करते हुए राष्ट्रगान और लक्ष्य गीत का समवेत गायन किया।




इसके बाद पडाव स्थल प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर के परिसर व बाहर की जमीन पर पौधारोपण किया गया। जामुन, अशोक, आम, अमरूद, गुड़हल व कनैला प्रमुख थे। स्वयंसेवियों ने कतारबद्ध होकर रैली के रूप में पर्यावरण संरक्षण सम्बंधी प्रेरक नारे लगाते हुए गोपालपुर, दुबेछपरा व उदईछपरा का भ्रमण किया। टोलियों में बटकर ग्रामीणों के बीच जन जागरुकता अभियान भी चलाया गया। वापस आकर दो बजे बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शीर्षक 'पर्यावरण संरक्षण एवम् सतत विकास' रहा। गोष्ठी में स्वयंसेवी अर्जुन सिंह , आर्यन मिश्र , सुशील पाण्डेय, हर्षवर्धन सिंह , डौली ठाकुर , पलक सिंह एवम रानी तिवारी इत्यादि ने अपने - अपने विचार रखे ! अन्त में कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय मिश्र ने विषय वस्तु पर विस्तार से विचार रखा ! इन्होंने कहा कि 21वी शताब्दी में पर्यावरण की समस्या मानव जाति के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है ! स्थाई विकास के लिए पर्यावरण के घटकों का संरक्षण आवश्यक है ! विकास और पर्यावरण में संतुलन के द्वारा ही हम सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकते है ! साथ ही इन्होंने सभी स्वयंसेवियों से पर्यावरण संरक्षण की अपील की ! अन्त में प्राचार्य डॉक्टर गौरी शंकर दिवेदी के आशीर्वचन से गोष्ठी का समापन हुआ।

# नवागत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने गिनाई अपनी प्राथमिकता

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : नवागत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बुधवार को विकास भवन सभागार में पत्रकारों के साथ वार्ता की। अपना सम्पूर्ण परिचय देने के बाद आम जनता के हित में अपनी प्राथमिकताएं भी गिनाई।

मूल रूप से कौशाम्बी के रहने वाले रविन्द्र कुमार इससे पहले उन्नाव और कन्नौज में डीएम रह चुके हैं।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जनसामान्य के लिए शासन की जो योजनाएं हैं, वह हर एक पात्र तक पहुंचे, इसका प्रयास किया जाएगा। जनशिकायतों का निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता पर होगी। अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश रहेगा कि समयसीमा के अंदर जनशिकायतों का निस्तारण करें, कोई टालमटोल नहीं होना चाहिए।




जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के विकास के लिए जो परियोजनाएं चल रही है, समयसीमा में पूरा कराया जाएगा। लंबे समय से जो प्रोजेक्ट लंबित है, उनको भी संज्ञान में लेकर प्रोजेक्ट की समीक्षा करके आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गो-आश्रय स्थल की व्यवस्था शासन की प्राथमिकता पर हैं, इनके सम्बन्ध में किसी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। सरकारी योजना का लाभ जनपदवासियों को मिले, इस पर भी पूरा फोकस होगा। मीडिया बन्धुओं की ओर से सहयोग की हमेशा अपेक्षा रहेगी। आपके सकारात्मक सहयोग से और बेहतर ढंग से कार्य होगा।

# प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने बोला जोरदार हमला

## चौधरी ने वित्त मंत्री को शायर के साथ -साथ भविष्य वक्ता और आकड़ो का फर्जी जादूगर कहा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राम गोविंद चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री पर जोरदार राजनैतिक हमला बोला है। कहा कि प्रदेश के वित्त मंत्री द्वारा सदन में प्रस्तुत बजट भाषण के आंकड़े पूर्णतया असत्य और जनता एवं बेरोजगार युवकों को भ्रमित करने वाला है।

कहा सरकार ने बजट भाषण में पृष्ठ संख्या 06 पर कहा है कि 6 वर्षों में 12 लाख युवकों को प्रशिक्षित कर किया गया है, तथा 4.88 लाख युवकों को प्रतिष्ठित कंपनियों में समायोजित किया गया है। फिर दूसरे पृष्ठ संख्या 7 पर कहा गया है कि 12 लाख 50 हजार युवकों को प्रशिक्षित किया गया है। यही नहीं वित्त मंत्री ने पृष्ठ संख्या 7 पर ही कहा है कि 24 नवंबर 2023 तक तीन लाख 95 हजार उद्यमी पंजीकृत हुए जिसमें 25 लाख 64 हजार से अधिक रोजगार का सृजन हुआ। नवंबर 2023 आने में अभी 9 माह शेष है यही नहीं नवंबर 2023 को एक साल पीछे के वित्तीय वर्ष 2022-23 मिलाकर खड़ा कर दिया गया है और पंजीकृत उधमी 3.95 लाख हुए परंतु रोजगार सृजित बताया गया 25.64 लाख। इससे स्पष्ट होता हैं कि भाजपा सरकार बेरोजगारों के साथ कितना मजाक कर रही है। रामगोविन्द चौधरी ने व्यंग करते हुए कहा कि वित्त मंत्री को शायर के साथ -साथ भविष्य वक्ता औड़ आकड़ो



के फर्जी जादूगर बनने के लिए मैं बधाई देता हूँ।

# एपेक्स स्कूल में लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी और याद किए गए डॉक्टर सीवी रमन

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : एपेक्स स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों के द्वारा एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में विज्ञान शिक्षक धर्मेंद्र चौहान, मनीष कुमार तथा विद्यालय की छात्राओं अंजली गुप्ता, रेखा यादव, रोशनी सिंह तथा छात्र अभिलेख सिंह, रितेश सिंह, आदित्य राज, पंकज यादव सहित अनेक छात्र छात्राओं ने विज्ञान दिवस के अवसर पर डॉक्टर सीवी रमन को याद करते हुए वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी के विकास में उनके योगदान और हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व परअपने विचार रखे। विज्ञान दिवस पर विचार गोष्ठी के समापन के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए विज्ञान विषय पर आधारित अनेक प्रकार के मॉडल और प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें कक्षा 11वीं की छात्रा सुजाता मिश्रा और उनकी टीम के द्वारा स्वसन तंत्र, साक्षी उपाध्याय और उनकी टीम के द्वारा रक्त परिसंचरण तंत्र, अनन्या गुप्ता और उनकी टीम के द्वारा पाचन तंत्र सहित विद्यालय के छात्रों नेहा, साजिया ,आर्यन, रेखा



शीतल ,आस्था ,अनुष्का ,सतीश, प्रवीण ,गार्गी ,प्रियांशी, शाहीन, रिचा, स्वाति ,सोनम ,शिवांगी अभिनव, आंचल ,रीशवांशु, अंजलि, सहित अनेक छात्र छात्राओं द्वारा सोलर सिस्टम ,स्मार्ट सिटी, प्रदूषण नियंत्रण, मौसम परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम, प्रदूषण के दुष्प्रभाव, वृक्ष संरक्षण द्वारा पृथ्वी की रक्षा, वर्षा जल संरक्षण एवं उसके विविध प्रयोग सहित विज्ञान के तमाम विषयों पर प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यालय के संरक्षक सुभाष चंद्र उपाध्याय एवं प्रबंधक इंजीनियर धनंजय उपाध्याय सहित प्रदर्शनी देखने आए तमाम अभिभावकों ने छात्र छात्राओं द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी की बहुत सराहना की। विद्यालय के संरक्षक सुभाष चंद्र उपाध्याय ने कहा कि विद्यालय द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहें जिससे बच्चों का विकास हो और हमारा समाज तथा देश सुशिक्षित बने सुदृढ़ बनें।

इस कार्यक्रम का संयोजन विज्ञान शिक्षिका रितु कुमारी ने किया तथा विद्यालय के उप प्रधानाचार्य नरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शशि मोहन पांडे, अर्जुन द्विवेदी, रवि प्रकाश पांडे , शंभू नाथ यादव ,सत्यनारायण यादव, जयशंकर सिंह, संतोष चौहान, रिशिका सिंह, अनीता यादव सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एक वांछित अभियुक्त को खेजुरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

बलिया.: अपराध को शून्य करने के लिए अपराधियों. के विरुद्ध चलाए




जा रहे अभियान में खेजुरी पुलिस को एक सफलता प्राप्त हुई। पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 26/2023 धारा 363 भादवि0 के वांछित अभियुक्त पवन बारी पुत्र राजकुमार बारी निवासी बालूपुर थाना खेजुरी को पचखोरा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया व उसके पास से नाबालिग अपहता की सकुशल बरामदगी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर उसे न्यायालय के सिपुर्द किया गया।

# शुभ मुहूर्त पर मुंडन संस्कार कराने के लिए गंगा तट पर उमड़ी भारी भीड़

**विवेक राय, समाज जागरण**

नरहीं (बलिया) : मुंडन संस्कार के शुभ मुहूर्त पर उजियार गंगा घाट जहां उत्तर वाहिनी गंगा का प्रवाह है गंगा तट पर मुंडन संस्कार के लिए बुधवार को गंगा तट पर भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह से ही ट्रैक्टर ट्रालियों, लग्जरी गाड़ियों एवं डीजे बैण्ड बाजा लेकर सुबह से गीत गाती महिलाओं का जत्था गंगा तट पर पहुंचना शुरू हुआ। मुंडन संस्कार के लिए नाव कम पड़ गई। नाविक मुंडन संस्कार के लिए एक हजार से लेकर इक्कीस सौ रुपए ले रहे थे। ओहार के लिए बांध बांधने के लिए लोग इस पार से उस पार आ जा रहें थे।



मुंडन संस्कार करने के बाद महिला पुरूष श्रद्धालुओं की भीड़ मंगला भवानी मंदिर पर दर्शन पूजन करने के लिए उमड़ पड़ी। अगल बगल के बागीचो में घर से बना कर लाई गई पूड़ी सब्जी को एक साथ बैठकर भोजन किया। माल्देपुर निवासी नाविक जवाहर लाल साहनी ने बताया कि आज मुंडन संस्कार करने के लिए भारी भीड़ उमड़ी हुई है। ज्यादातर लोग इंजन वाली नाव की मांग करते हैं इस लिए नावों की कमी हो जा रही है।

# महिला कोटेदार पर कम राशन देने का आरोप

**संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : क्षेत्र के नरहीं ग्राम पंचायत सच्चितापुर की महिला कोटेदार पर कार्डधारक सुगंती देवी ने कम राशन देने, खाद्यान्न की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया है।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भेंजे गये शिकायती पत्र में सुगंती देवी ने कहा है कि गांव की कोटेदार गीता देवी के पति जयप्रकाश राजभर व उसके पुत्र द्वारा राशन वितरण का कार्य किया जाता है। जयप्रकाश राजभर अपनी दबंगई से राशन के वितरण में मात्र 5 किलो चावल देकर अंगूठा लगवा ले रहा है। गेंहू का वितरण नही किया जाता है। तौल में भी कम देना, गेहूं की कालाबाजारी करना उसकी आदत हो गयी है। गेंहू व सही वजन की बात करने पर कोटेदार पति कहता है कि डीएम साहब ने सीबीआई से एफआईआर करा कर हमारा कुछ



नही बिगाड पाये तो तुम किस खेत की मूली हो। न्याय हित में 25 फरवरी को मशीन में अंगूठा लगवा कर राशन न देना, कार्डधारकों को राशन कम देना, चावल का घोटाला करना , कम तौल करना, कम मात्रा में चावल , गेंहू वितरण दर्शा कर खाद्यान्न की कालाबाजारी करना आपराधिक कृत्य है। इसकी जांच करा कर दोषी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाई होना आवश्यक है।

# भाई के स्थान पर परीक्षा दे रहे एक मुन्ना भाई पकड़ा गया

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया ) : बैरिया थाना क्षेत्र के यशोदा देवी बालिका इंटर कालेज दुबे छपरा में बुधवार को यूपी बोर्ड के हाई स्कूल की अंग्रेजी की परिक्षा में अपने भाई के स्थान पर परिक्षा दे रहे एक फर्जी परीक्षार्थी को उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्रा व क्षेत्राधिकारी बैरिया उस्मान द्वारा पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

उक्त जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्रा ने बताया कि अंग्रेजी की परीक्षा के



समय मैं स्वयं व क्षेत्राधिकारी बैरिया प्रवेश पत्र से परीक्षाथीर्यों का मिलान कर रहे थे। तभी एक परिक्षार्थी की जगह पर दूसरा किशोर परिक्षा देते हुए पकड़ लिया गया। केन्द्र व्यवस्थापक राकेश कुमार पाठक ने उक्त फर्जी परीक्षार्थी मुन्ना भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद उसे न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया । बैरिया एसएचओ धर्म बीर सिंह ने बताया कि पूछताछ में मुन्ना भाई ने स्वीकार किया है कि मैं अपने भाई के स्थान पर विज्ञान का भी परीक्षा दे चुका हूं।

# कोरोना काल में आयुर्वेद के प्रति लोगों का विश्वास बढा : डा. संजय सिंह

**संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : श्री नरहेजी चिकित्सालय नरहीं के तत्वावधान में बुधवार को आयोजित निःशुल्क वृहद चिकित्सा शिविर व औषधि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दूर दराज से आए 4 सौ से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे विभिन्न रोगों की दवा दी गयी। इससे पूर्व चिकित्सालय परिसर में भगवान धन्वन्तरि मंदिर का शिलान्यास डा. संजय सिंह क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बलिया ने किया। इस दौरान डा. सिंह ने पांच दर्जन से अधिक औषधीय पौधों का रोपण भी किया। शिलान्यास के साथ ही नरहीं में आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज खुलने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर व मंदिर शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुये डा. संजय सिंह ने कहा कि कोरोना काल में आयुर्वेद के प्रति लोगों का विश्वास बढा है। कोरोना पीडित काढा व औषधियों से इम्युनिटी बढाये। कहा कि जहां एलोपैथिक दवा बीमारी होने के मूल कारण पर न जाकर इसको दूर करने





पर केंद्रित होती है वहीं आयुर्वेद हमें बीमारी होने की मूलभूत कारणों के साथ साथ इसके समग्र निदान के विषय को भी बताया है। विशिष्ट अतिथि डा. एलबी कुशवाहा जिलाध्यक्ष आयुष मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि आयुर्वेद प्राकृतिक एवं समग्र स्वास्थ्य की पुरातन भारतीय पद्धति है। आयुर्वेद का शाब्दिक अर्थ जीवन का विज्ञान है। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रमुख शिक्षाविद् डा. विजय नारायण सिंह गोपाल ने कहा कि धन्वन्तरि भगवान विष्णु के अवतार हैं। जिन्होने आयुर्वेद प्रवर्तन किया। इनका पृथ्वी लोक में अवतरण समुद्र मंथन के समय हुआ था। धन्वन्तरि को आयुर्वेद की चिकित्सा करने वाले वैद्य आरोग्य का देवता कहते हैं। इसके पूर्व आयोजक आनन्द विजय सिंह ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम् व माल्यार्पण कर अलंकृत किया। चिकित्सा शिविर में डा. एस एन गिरी, डा. एम एस इस्लाम, डा. एस एन राय, डा. वी त्रिपाठी, डा. समीउल्लाह अंसारी, डा. शमीम , डा. एस राय आदि चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण किया। इस मौंके पर डा. वीरेंद्र यादव, डा. गोपाल जी पांडेय, आरएसएस के रसडा जिला प्रचारक अनुज जी, अर्जुन गोपालन, आदित्य नारायण सिंह, राजीव सिंह चंदेल, प्रदीप कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. कृष्ण मोहन सिंह ने किया।

# अब 6 मार्च तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन का एमडीए अभियान

## जनपद में अब तक 28 लाख 43 हजार 381 लाभार्थियों ने खाई दवा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जनपद में 27 फरवरी तक चलने वाला फाइलेरिया उन्मूलन का एमडीए अभियान अब 6 मार्च तक चलेगा। इस अभियान की तारीख बढ़ाने के पीछे अधिकाधिक लोगों को दवा खिलाने का उद्देश्य है। जनपद में अब तक 28 लाख 43 हजार 381 लाभार्थियों ने दवा का सेवन कर लिया है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जयंत कुमार ने बताई है।

बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के तहत जनपद में 10 फरवरी को एमडीए अभियान शुरू हुआ था। यह अभियान 27 फरवरी तक चलना था। परन्तु अब यह अभियान 6 मार्च तक चलेगा। उन्होंने बताया कि जिले में बुधवार को शहिद मंगल पाण्डेय राजकीय महिला महाविद्यालय, समेत कई स्थानों पर फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। अभियान के दौरान 30 लाख,25 हजार 109 आबादी को दवा



खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। वहीं अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए 5444 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर, 439 सुपरवाइजर और 2772 प्रशिक्षित टीम घर-घर जाकर दवा खिला रही है। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि दवा स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सामने ही खानी है और दवा खाली पेट नहीं खानी है। डी ई सी को पानी के साथ खाना है और एल्बेंडाजॉल को चबाकर ही खाना है। फाइलेरिया की दवा एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती व अत्यधिक बीमार लोगों को नहीं खानी है। शेष सभी लोग साल में एक बार और लगातार पांच वर्ष तक दवा खाकर भविष्य में फाइलेरिया बीमारी से मुक्ति पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दवा खाने से बचने के लिए बहाने बिल्कुल भी न करें। दवा खाने के बाद जी मिचलाना, चक्कर या उल्टी आए तो घबराएं नहीं। ऐसा शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होने से हो सकता है, जो दवा खाने के बाद मरते हैं। ऐसी प्रतिक्रिया कुछ देर में स्वतः ठीक हो जाती है। यह बीमारी इस मामले ज्यादा खतरनाक है कि इसके लक्षण ही 10-15 वर्ष बाद दिखते हैं और जब दिखते हैं तब इसका कोई खास उपचार नहीं बचता है। वहीं शुरू में संक्रमित व्यक्ति बिना किसी लक्षण के दूसरे स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित करता रहता है। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि अभी तक जो लाभार्थी दवा नही खाए हैं ।वह आशा कार्यकर्ता से संपर्क स्थापित कर दवा अवश्य खा लें, जिससे जनपद को फाइलेरिया से मुक्त किया जा सके।

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में..................

## छात्रों को निःशुल्क वितरण होगा वस्त्र, आवास, स्टेशनरी एवं औषधि

**समाज जागरण**

बलिया : समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बस्तौरा रसड़ा में अध्ययनरत संवासी छात्रों को शासन द्वारा निःशुल्क भोजन, वस्त्र, आवास, स्टेशनरी एवं औषधि प्रदान किया जाता है।

शिक्षण सत्र 2023-24 में (85 प्रतिशत ग्रामीण व 15 प्रतिशत शहरी क्षेत्र)कक्षा-6.7.8.9 एवं 11 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बस्तौरा-रसड़ा से प्रत्येक कार्य दिवस में 28 से 15 मार्च तक निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। प्रार्थना पत्र पूर्णरूपेण भर कर जमा करने की अन्तिम तिथि 15 मार्च निर्धारित है। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थियों के प्रवेश परीक्षा का आयोजन 27 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बस्तौरा रसड़ा में सम्पन्न होगा। कक्षा 11 में प्रवेश कक्षा-10 में प्राप्त प्राप्ताकों की मेरिट के अनुसार किया जायेगा।

# पहले ही दिन डीएम ने दिखाए सख्त तेवर

*–डीएसटीओ का एक दिन का वेतन रोकने का दिया आदेश*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अर्थ एवं संख्या अधिकारी (डीएसटीओ) विजय शंकर के मुख्यालय पर अनुपस्थित होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और उनका एक दिन का वेतन रोकने का आदेश पहले ही दिन जारी किया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनी और उसके जल्द से जल्द निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनता की समस्याए सुनने के दौरान के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता पर लिया जाए और उनका जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। संवेदनशील प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के आदेश दिए।

# 'पीएम कौन होगा, बाद में देखेंगे', 24 के चुनाव में विपक्ष की एकजुटता के लिए खड़गे ने चला नया दांव

चेन्नई. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अगले साल यानी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी एकता का आह्वान करते हुए कहा कि ह्यविभाजनकारी ताकतोंह्ल के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना बेहद जरूरी है. इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि इस तरह की एकजुटता के बीच यह ह्यसवाल नहींह्ल है कि प्रधानमंत्री पद का उम्मी-दवार कौन होगा.

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने अपने कार्यालय के कक्षों का निरीक्षण किया और सभी पटल पर जाकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके कार्य सम्बन्धी जानकारी ली। परगना कक्ष में साफ-सफाई ठीक से ना होने और रिकॉर्ड रूम की स्थिति ठीक ना होने पर नाराजगी जताते हुए सुधार लाने की चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि 15 दिन के अंदर सारी व्यवस्था ठीक कर ली जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने न्यायिक अभिलेखागार का निरीक्षण किया। उन्होंने फाइलों का रखरखाव ठीक से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि होली से पहले सभी कक्षों की साफ-सफाई हो जानी चाहिए।

# सुखद अनुभूति देने वाला बलिया का कार्यकाल बोलीं: सौम्या अग्रवाल

## -स्थानांतरण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सम्मान समारोह

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : डीएम सौम्या अग्रवाल के स्थानांतरण के बाद उनका सम्मान



समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को हुआ। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि बलिया में बतौर डीएम आठ महीने का कार्यकाल काफी सुखद अनुभूति देने वाला रहा।

यहां कभी कोई दिक्कत समझ में नहीं आयी। यहां बहुत सारे कार्य किए गए, जो जमीन पर दिखा। मुख्यमंत्री जी का हर एक भ्रमण सकारात्मक रहा। उन्होंने कहा कि यहां के लोग बहुत अच्छे हैं। सच्चे मन से जुड़ने पर यहां के लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को यही सन्देश दिया कि हर कोई सकारात्मक सोच के साथ काम करें। सबको अंत में सबको शुभकामनाएं देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**जब हाईस्कूल में था, तभी हुआ था प्रभावित**

सम्मान समारोह में एक अजीब किस्सा सामने आया। एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र ने अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा कि निवर्तमान डीएम जब महराजगंज में सीडीओ थीं, तब वह हॉली क्रॉस स्कूल में 10वीं में थे और एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आयीं थीं। इनके रूप में एक आईएएस ऑफिसर को देख काफी प्रभावित हुआ था और स्वयं भी आईएएस अफसर बनने की ठान ली थी। आज अगर एसडीएम के रूप में हूँ तो इसमें मैडम की ओर से मिली प्रेरणा भी काफी सहायक साबित हुई है।

### वक्ताओं ने इन उपलब्धियों का किया बखान

एडीएम, सीआरओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों ने अपने सम्बोधन में निवर्तमान डीएम की तमाम उपलब्धियों को गिनाया। वक्ताओं ने कहा कि बलिया को मेडिकल कालेज की जमीन चिन्हित करने में जिलाधिकारी का विशेष सहयोग रहा। इनकी विशेष रुचि का ही परिणाम रहा कि जमीन ढूंढकर चिन्हित की जा सकी। सुरहाताल को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करना भी खास उपलब्धि रही। बलिया के लिए यह बहुत बड़ा काम हुआ। किसी भी अधिकारी के सामने जो भी समस्याएं आयी, उसको अपने ऊपर लेकर उसका समाधान कराना भी बेहतर नेतृत्व क्षमता का अनूठा उदाहरण बताया।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर तुरंत हुआ समस्या का निस्तारण

**समाज जागरण**

बलिया : राजदुलारी देवी पत्नी अर्जुन राय आदि निवासीगण कोटवा नरायनपुर थाना नरहीं, तहसील व जिला बलिया द्वारा जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि गांव के कुछ अवांछनीय तत्वों द्वारा उनके दरवाजे के सामने होलिका दहन करने का प्रयास किया जा रहा है।

उक्त प्रकरण की जांच उपजिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी सदर से करायी गयी। जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि विवादित स्थल आवेदिका के निवास स्थान से अलग है, जो ग्राम सरायकोटा की आराजी सं० 309 में है। उक्त आराजी में ही होलिका दहन के स्थान के रूप में 0.061 हे0 भूमि दर्ज है, किन्तु स्थल चिन्हित नहीं है और न ही इसके पूर्व उक्त स्थल पर होलिका दहन हुआ है। आवेदिका व ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि पूर्व में मौजा सरायकोटा के गाटा सं0



309 में ही सड़क के किनारे होलिका दहन हुआ करता था, किन्तु इस बार नई जगह पर होलिका दहन किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। उभयपक्ष तथा अन्य उपस्थित ग्रामवासियों की सहमति से यह निश्चित किया गया कि इस बार भी होलिका दहन पूर्व की भांति सड़क के किनारे वाले स्थान पर ही किया जायेगा। इस प्रकार उक्त विवाद का निस्तारण तत्काल मौके पर ही अधिकारीगण की सक्रियता से आवेदिका व ग्रामवासियों की आम सहमति से किया गया। साथ ही पत्रकारों के साथ परिचय के दौरान जिलाधिकारी को ज्ञात हुआ कि एक घायल सांड रिजर्व पुलिस लाइन क्षेत्र में घूम रहा है जो काफी दिनों से बीमार है। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 ओम प्रकाश को तुरंत निर्देश दिया कि मौके पर जाकर उसका उपचार कराएं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने मौके पर जाकर उस सांड का उपचार किया और उसे बछईपुर स्थित बृहद गो-आश्रय स्थल में स्थानांतरित करवाया।

# पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने की दुह्साकीय घटना

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली क्षेत्र के नरायनपुर में मंगलवार की शाम एक दुसाहसिक घटना में एक मुकदमे के वांछित को पकड़ने गये हल्का दारोगा एव उनकी टीम पर वांछित ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। इस दुस्साहसिक घटना में दारोगा समेत एक सिपाही घायल भी हो गये। पुलिस ने वांछित को बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर न्यायालय के सिपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक ज्ञानचंद शुक्ल अपने हमराही सिपाही धीरज मौर्य, श्याम सिंह,महिला आरक्षी ज्योति सिंह के साथ क्षेत्र में निकले थे,तभी उन्हें सूचना मिली कि नारायनपुर का एक वांछित अपराधी अपने घर पर मौजूद है। उपनिरीक्षक ने उसे पकड़ने की नीयत से उसके घर पहुच कर उसकी घेराबंदी का उसे पकड़ने का प्रयास किया तो घर के अंदर दरवाजे की पीछे छिपे उक्त वांछित युवक राजकुमार चौहान उर्फ हैंडिल ने उनके ऊपर जान से मारने की नियत से चाकू लेकर हमला बोल दिया। इस हमले में उपनिरीक्षक की हथेली पर चाकू लग गया और खून बहने लगा। जिसके बाद इस पुलिस एव वांछित में गुत्थमगुत्था होनी लगी बीच मे आये सिपाही धीरज मौर्य को भी चोट लग गयी। किसी तरह से पुलिस उस हमलावर को काबू में करके थाने ले आई। मामले में एसआइ ज्ञानचंद शुक्ल की तहरीर पर पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य आईपीसी की धारा 307,353, 504 एव आर्म्स एक्ट 4,25 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस ने उसे बुधवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।घटना पर कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया की युवक राजकुमार चौहान उर्फ हैंडील शातिर चोर है,क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं में वांछित है।इसके पर न्यायलय द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वारंट भी निर्गत हो चुका है।

# जिलाधिकारी ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने पहले ही दिन कई समस्याओं का निस्तारण करवाया। रसड़ा स्थित भगत सिंह इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया और चल रही बोर्ड परीक्षा के संबंध में जानकारी विद्यालय के कर्मचारियों से ली। उन्होंने निर्देश दिया की परीक्षा में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं आना चाहिए और परीक्षा सकुशल होनी चाहिए। उन्होंने कक्षों का निरीक्षण किया और सीसीटीवी तथा निगरानी कैमरो के बाबत जानकारी ली।

# मुख्तार अंसारी गिरोह का शूटर गिरफ्तार

मऊ : मुख्तार अंसारी आई0एस0 191 गिरोह का शूटर/हिस्ट्रीशीटर अपराधी बृजेश सोनकर के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बंधा रोड हनुमान मंदिर के पास से मुख्तार अंसारी (आई0एस0 191) गिरोह का शूटर/हिस्ट्रीशीटर अपराधी बृजेश सोनकर निवासी मठियाटोला थाना कोतवाली से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त के विरुद्ध आर्म्स

# स्व नागेंद्र प्रसाद राय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

प्रमुख समाजसेवी, पूर्व प्रबंधक जनता जनार्दन इंटर कालेज गांधीनगर स्व0 नागेंद्र प्रसाद राय की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर मे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया` सर्वप्रथम उनके भतीजे अवधेश नारायण राय पूर्व प्रधानाचार्य झारखण्डेय महादेव राष्ट्रीय इंटर कालेज शेर करीमुद्दीनपुर एव उनके नाती हर्ष राय प्रबंधक डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर ने दीप जला कर एव पुष्पांजलि अर्पित किया` तदुपरांत विद्यानंद राय ग्राम प्रधान, रमेश राय,मिन्कू राय दिवाकर पांडे, अमित रॉय, ज्ञान जी राय, रामजी राय, मधुकर पांडेय, नरेंद्र राय, अमित त्रिपाठी, नेहा राय, अंजली राय, जोखन यादव, शुभम मधेशीया, अभिषेक राय, ओमप्रकाश, मोकिम अंसारी,रितेश राय आदि लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की`

स्व नागेंद्र प्रसाद राय को याद करते हुए अवधेश राय ने कहा कि वो बड़े ही नेक इंसान थे`सदैव लोगों की मदद करते एव प्रबंधक रहते हुए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र मे भी बहुत सारे काम किए` हर्ष राय ने कहा कि बाबा स्व0 नागेन्द्र प्रसाद राय जी सदेव हमारे प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे एवं उनके बताये हुए रास्ते पर ही केवल मैं ही नहीं अपितु पूरा परिवार चलने का प्रयास करता है`

उक्त सभा मे डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर, सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज, गांधीनगर, जनता जनार्दन



इंटर कालेज, गांधीनगर के समस्त स्टाफ एव क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे`

# नेशनल साइंस डे के उपलक्ष्य में बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के ताज पब्लिक स्कूल, ताजपुर में 28 फरवरी को नेशनल



साइंस डे के उपलक्ष्य में बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न मॉडल द्वारा विज्ञान के तथ्यों को दशार्या। मॉडल में न्यूरॉन मॉडल,एयर पॉल्यूशन, ह्यूमन बॉडी सिस्टम, वाटर प्यूरिफिकेशन मॉडल , कोविड 19 वायरस एंड इट्स प्रिकॉशन, डाइजेस्टिव सिस्टम, स्मार्ट सिटी मॉडल, सोलर सिस्टम, होलोग्राम , पिन होल कैमरा ,लिफ्ट , एस्केलेटर मॉडल के अलावा पोस्टर द्वारा भी बच्चों ने शरीर के विभिन्न अंगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रदर्शनी का उद्घाटन फादर फेलिक्स राज प्रधानाचार्य हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर और पूर्व प्रधानाचार्य नर्बदेश्वर राय ने किया। उन्होंने बच्चों की प्रदर्शनी और उन के द्वारा प्रस्तुत मॉडल की प्रसंशा की। उन्होंने कहा की विद्यालय में इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं में प्रतिभा का बिकास होता है। प्रदर्शनी में डॉक्टर हरिमोहन गिरी,मनोज गुप्ता, फिरोज अंसारी, दुर्गेश वर्मा, राजमणि वर्मा , हारून रशीद , शशिकांत सिंह, अखिलेश यादव, रामचंद्र यादव के अलावा बहुत से अभिभावक उपस्थित रहे।सभी के प्रति आभार विद्यालय के डायरेक्टर डाक्टर मसूद अहमद के द्वारा ज्ञापित किया गया।

# होली त्यौहार को लेकर खाद्य विभाग हुआ सक्रिय, लिये 9 नमूने

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : होली त्यौहार को देखते हुए सहायक आयुक्त प्रथम आजमगढ़ विनीत कुमार पाण्डेय व सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र में नेतृत्व में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने सिकन्दरपुर व मनियर में मंगलवार को जमकर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध 9 नमूने लिये।

अधिकारियों ने सिकन्दरपुर व मनियर से खोआ, पनीर, मिलक केक, सॉस, बेसन, छेना की मिठाई व नामकीन के नव नमूने लिये। श्री मिश्र ने बताया कि होली त्योहार पर जनसामान्य को मिश्रित खाद्य पदार्थ से बचाव करने के लिए यह अभियान आगे भी चलेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी खाद पदार्थ बाजार से खरीदने से पहले उसकी शुद्धता की परक कर लेनी चाहिए। जांच अभियान के समय मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश यादव, अनिल कुमार यादव, संतोष कुमार व वह खाद्य सहायक दयाशंकर थे।

# प्रो०आनन्द कुमार सिंह के जन्मदिन पर शुभकामनाओं की बौछार

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज के सी एम डी डा० आनन्द सिंह के जन्मदिन पर मध्य रात्रि से ही शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया.लोगों ने डा० आनन्द सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी.सत्यदेव ग्रुप आफ कालेजेज की ट्रस्टी श्रीमती सावित्री सिंह.श्रीमती सुमन सिंह.डा० सानन्द सिंह प्रबन्ध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज.डा० प्रीति सिंह.योगी आनन्द.फादर पी विक्टर प्रधानाचार्य सेण्ट जान्स स्कूल सिद्दिकपुर जौनपुर.आनन्द सिंह प्रबन्ध निदेशक आई डी मेमोरियल ग्रुप आफ कालेज.राकेश राय प्रबन्ध निदेशक जय बजरंग ग्रुप्स आफ कालेज.अमित कुमार सिंह रघुवंशी निदेशक सत्यदेव डिग्री कालेज.दिग्विजय उपाध्याय काउंसलर सत्यदेव ग्रुप्स.फादर फेलिक्स राज प्रधानाचार्य हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर.हर्ष राय डायरेक्टर डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर.डा० मसूद अहमद डायरेक्टर ताज पब्लिक स्कूल ताजपुर.नेहाल अहमद डायरेक्टर ए के इण्टर नेशनल स्कूल मुहम्मदाबाद.सुधीर श्रीवास्तव प्रधानाचार्य जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर.हिमांशु राय प्रबन्धक जय बजरंग आई टी आई लट्ठूडीह.नर्वदेश्वर राय पूर्व प्रधानाचार्य जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर.फादर गुरू प्रधानाचार्य सेण्ट जान्स स्कूल गाजीपुर.सिस्टर अल्फोंसा प्रधानाचार्य लूर्दस बालिका इण्टर कालेज गाजीपुर.प्रमुख समाजसेवी सिद्धार्थ सेवार्थ.सुधाकर राय प्रबन्धक शिवकुमार राय आई टी आई कालेज.अब्दुल कादिर खान प्रबन्धक एस के नेशनल कान्वेंट स्कूल महेन्द.यशवंत सिंह.दिनेश



राय गुड्डू.श्याम बहादुर राय.विवेक कुमार सौरभ.राम जी गिरी.प्रशान्त सिंह सोनू.पंकज राय प्रगतिशील किसान.राजेश कुशवाहा प्रबन्धक एम जे आर पी स्कूल गाजीपुर.पूर्व मंत्री ओम प्रकाश सिंह.डा० विरेन्द्र यादव बिधायक.पूर्व मंत्री सैय्यदा शादाब फातिमा.ब्रजेन्द्र सिंह ब्लाक प्रमुख बाराचंवर.हरिनारायण हरीश जी, प्रोफेसर हरिकेश सिंह पूर्व वाइस चांसलर, डाक्टर बिजेंद्र सिंह प्राचार्य डाक्टर राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज, प्रमोद सिंह निदेशक डाक्टर राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज,राम जी गिरी

समेत ढेर सारे लोगों ने शुभकामनाएं ब्यक्त की है।

# प्रदेश सरकार की हर योजनाएं समाज के हर आखिरी व्यक्ति तक पहुंच रही है - आदित्य सिंह , युवा भाजपा नेता

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर - मुख्यमंत्री योगी के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल अब 29 फरवरी 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया है ।



ज्ञात हो कि पूर्व में भी अपर मुख्य सचिव गृह रहे अवनीश कुमार अवस्थी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सलाहकार नियुक्त किया गया था ।

वही अवनीश कुमार अवस्थी को इस कार्यकाल की अवधि में अस्थायी तौर पर ही सरकारी सेवक माना जाएगा और इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है ।

इस कार्यकाल के बढ़ने के अवसर पर भाजपा नेता आदित्य सिंह ने मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी को बधाई देते हुए कहा कि हम युवाओं को विश्वास है कि आपके सलाह पर उत्तर प्रदेश का सर्वांगिण विकास होगा और उत्तर प्रदेश में अमन झ्र शांति कायम रहेगी ।

आदित्य सिंह ने कहा कि अवनीश कुमार अवस्थी को प्रशासनिक कार्यों का काफी लंबा अनुभव रहा है । इसी के चलते उत्तर प्रदेश की हर योजनाएं समाज के हर आखिरी व्यक्ति तक पहुंच रही है ।

# चोरी के आरोप मे गुड्डू राजभर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गाजीपुर के कुशल निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के मार्ग दर्शन मे दिनांक 01.03.2023 को देखभाल क्षेत्र,पेन्डिंग विवेचना व सुरागरसी पतारसी में बाराचवर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे अण्डरपास में मामूर थे कि मूखबीर की सूचना पर कि एक व्यक्ति सघन सहकारी समिति लिमिटेड ऊंचाडीह के चोरी में संदिग्ध व्यक्ति जो कामूपुर बाजार में खड़ा है जो कहीं भागने की फिराक में है इस सूचना पर कामूपुर बाजार के बाहर सुभाष यादव के गिट्टी बालू की दुकान के पास जाने वाले तिराहे के पास से गुड्डू राजभर पुत्र राजकुमार राजभर नि0 दुबिहाँ (नेवादा) थाना करी0पुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 19 वर्ष को सघन सहकारी समिति लिमिटेड ऊंचाडीह के चोरी के 7000 रुपये के साथ समय 11.00 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार मौर्य,का0,सूरज कुमार,का0विजय कुमार शामिल थे।

# सत्यदेव लॉ कालेज गाजीपुर का शिलान्यास

## सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर में हुआ शिलान्यास

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के प्रमुख शिक्षण संस्थान सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज



गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर में बुधवार एक मार्च 2023 को सत्यदेव ला कालेज के निर्माण की आधारशिला रखी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार सदर अभिषेक कुमार रहे। उन्होंने आधारशिला रखने के पश्चात अपनी शुभकामनाएं ब्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी।इस अवसर पर प्रोफेसर सानंद सिंह ने बताया की आने वाले जुलाई माह से यहां पर तीन वर्षीय ला का कोर्स प्रारंभ हो जायेगा। कानून की पढ़ाई यहां पर उपलब्ध हो जाने पर जनपद के विद्यार्थियों को इसकी शिक्षा के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कानून एक ऐसी शिक्षा है जिसका समाज में सर्वाधिक महत्व है। सत्यदेव ला कालेज को इसी सत्र 2023 से बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के द्वारा एन ओ सी मिल गयी है।

उक्त कार्यक्रम में सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के सीएमडी प्रोफेसर आनंद सिंह, सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के एमडी प्रोफेसर सानंद सिंह सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय सत्यदेव डिग्री कॉलेज के निदेशक अमित रघुवंशी सत्यदेव डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राम चंद्र दुबे समाजसेवी सत्येंद्र सिंह और कॉलेज के विद्वान प्राध्यापक एवं कर्मचारीयो की उपस्थिति बनी रही। कार्यक्रम का प्रारंभ वेदपाठी ब्राह्मण द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ तहसीलदार महोदय के कर कमलों द्वारा नवग्रह पूजन व भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हुआ ।नीव के 5 ईटों के विधिवत पूजन के बाद नीव रखी गई। इसके पश्चात आरती, हवन के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन के बाद सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया।

# प्रदर्शन से खिलाड़ियों ने टाटा स्टील के शीर्ष पदाधिकारी की मन मोहा

**- बच्चों के जिमनास्टिक एवं एथलेटिक्स प्रदर्शन से गदगद नजर आए टाटा स्टील के शीर्ष पदाधिकारी**

**- टाटा स्टील द्वारा खिलाड़ियों व स्टेडियम के बाबत सुविधाएं बढ़ाने का दिया भरोसा**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति जिमनास्टिक एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को टाटा स्टील के ऑल इंडिया हेड ऑफ मार्केटिंग प्रवीन कुमार विल्सन पुर्ते ने किया। टाटा स्टील के शीर्षस्थ अधिकारियों द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर एथलेटिक्स खिलाड़ियों से मिलकर उनको प्रोत्साहित किया गया। खेलकूद विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए टाटा स्टील के ऑल इंडिया हेड आफ मार्केटिंग प्रवीन कुमार विल्सन पुर्ते ने स्कूली बच्चों के एथलेटिक्स खेल को देखकर कहा कि प्रतिभा किसी स्थान विशेष की मोहताज नहीं होती। आज ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों द्वारा इस तरह का प्रदर्शन काफी उत्साहवर्धक रहा है। इस अवसर पर हॉकी कोच ओमेंद्र सिंह द्वारा टाटा कंपनी द्वारा स्थानीय स्टेडियम बड़े खेल आयोजन के साथ ही सुविधाएं मुहैया कराने के बाद बात रखी गई। जिस पर अधिकारियों ने कहा कि निश्चित रूप से टाटा स्टील के तरफ से जनपद के खेल स्टेडियम विशेष आयोजन किया जाएगा। जिससे लोगों का खेल के प्रति उत्साह बना रहे। हेड आफ मार्केटिंग प्रवीन कुमार विल्सन पुर्ते ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मैं खुद हॉकी खिलाड़ी रहा हूं। ऐसे में मेरे द्वारा निश्चित रूप से खिलाड़ियों के सुविधाओं के लिए विशेष प्रयास व आयोजन किए जाएंगे। टाटा स्टील के तरफ से चीफ सेल्स मैनेजर राहुल लाल, हेड आफ मार्केटिंग



टाटा शक्ति एवं टाटा कोष अमृता गुप्ता जुठानी, हेड ऑफ सेल वैभव चतुर्वेदी व मैनेजर सचिन मिश्रा, लालबहादुर जायसवाल, रोहित कुमार शामिल रहें। प्रतियोगिता के प्रायोजक जायसवाल आयरन स्टोर रहे। आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट विक्रांत जायसवाल ने किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश



सबरवाल द्वारा अधिकारियों का स्टेडियम में स्वागत किया गया। वहीं टाटा स्टील अधिकारियों द्वारा खेल खिलाड़ियों व अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया गया। टाटा स्टील अधिकारियों द्वारा जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सबरवाल के साथ ही जिम्नास्टिक कोच रीमा यादव, एथलेटिक्स कोच आशा, कुश्ती कोच संगीता, कबड्डी कोच जैनुलआब्दी, हाकी कोच ओमेंद्र सिंह व क्रिकेट कोच भूपेंद्र वीर सिंह के साथ वार्ता कर स्टेडियम के सुविधाओं और समस्याओं की बाबत पूरी जानकारी ली।

# छह गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल चार पहिया बरामद

- मुहम्मदाबाद गोहना पुलिस को मुखबीर की सूचना पर मिली कामयाबी
- गिरफ्तार अभियुक्तों में से एकपर 25 हजार रुपए का इनाम था घोषित

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

मऊ : पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को मुहम्मदाबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर वलीदपुर मोड़ से एक चार पहिया व एक दो पहिया वाहन सवार कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पांच तमंचा, कारतूस और चोरी की एक मोटरसाइिल व चार पहिया बरामद किया गया। उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया तथा बरामद वाहनों को अन्तर्गत एमवी एक्ट सीज किया गया। उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक लालू यादव उर्फ गोलू पुत्र पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था।




# मच्छरों के बढ़ते प्रकोप बीच ग्राम पंचायत विभाग बना है लापरवाह

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

- लावार्साइड का छिड़काव नहीं, संक्रामक बीमारियों का खतरा
- संचारी रोग से बचाव के लिए ग्राम पंचायतों को हर माह दी जाती है दवा
–हर ग्राम पंचायत को 10 हजार रुपये का दिया जाता है अनटाइड फंड

मऊ : मौसम में बदलाव के बाद से अनेक संक्रामक बीमारियों ने तेजी से पांव पसारना शुरू कर दिया है। गांव से लेकर शहर तक इन दिनों मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। विशेषकर घनी आबादी में लोग बुखार की चपेट में आने लगे हैं। मच्छरों से परेशान ग्रामीणों को बचाने के लिए सरकार ने ग्राम पंचायतों को ही जिम्मेदारी थमा दी है। गांवों में मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराने की जवाबदेही अब स्वास्थ्य विभाग के बजाए ग्राम प्रधान की होती है। स्वास्थ्य विभाग सिर्फ दवा मुहैया कराता है। पंचायती राज की अवधारणा को साकार करने के लिए ग्राम पंचायतों को भारी-भरकम बजट देने के साथ ही काम करने व निर्णय लेने की भी छूट दी गई। इसके बावजूद ग्राम पंचायतों में बदलाव की बयार थमी हुई है। इसमें कुछ वजह से जानकारी का अभाव व अधिकारियों का असहयोग भी है। हर ग्राम पंचायत को 10 हजार



रुपये का अनटाइड फंड दिया जाता है। इसे मुख्य रूप से सफाई व स्वच्छता में ही खर्च करना होता है। ग्राम प्रधान व एएनएम का संयुक्त खाता होता है, लेकिन शायद ही कोई ऐसा गांव होगा, जहां यह फंड खर्च होता हो।

**नालियों की नही होती नियमित सफाई**

ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई नियमित रूप से नहीं हो रही है। नाला का स्लैब खुले होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं। इससे डेंगू मलेरिया होने का खतरा बढ़ गया है। विभाग सिर्फ कागजों पर फागिंग मशीन व ब्लीचिंग पाउडर से मच्छरों को मार रहे हैं।

ग्राम प्रधान, आशा और एएनएम की मांग पर नियमित रूप से सभी ब्लाक को लावीर्साइड दिया जाता है। गांव में इसका छिड़काव कराने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की होती है।

**– बेदी यादव, जिला मलेरिया अधिकारी**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवा की उपलब्धता के बाद से ग्राम पंचायत द्वारा इसका छिड़काव किया जाएगा। वही नियमित रूप से इसकी निगरानी भी की जाएगा।

**राजेंद्र प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी**

# निर्धारित अवधि तक पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान करें

**दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन की भेजी गयी तृतीय किश्त**

## *दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न जनपदों में वृहद स्तर का कार्यक्रम आयोजित किये जाय –मंत्री नरेन्द्र कश्यप*

समाज जागरण

मुख्यमंत्री जी के दिशा निर्देश पर प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बुधवार को विधानसभा स्थित नवीन भवन के अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने पिछड़ा वर्ग विभाग में संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित



किया कि स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने वाले पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जाय। उन्होंने पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित अवधि तक पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान कर दी जाय।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन की तृतीय किश्त दी जा चुकी है। दिव्यांगजनों की पेंशन को आधार से लिंक कराने का कार्य 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो गया है। उन्होंने दिव्यांगजन अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न जनपदों में वृहद स्तर का कार्यक्रम आयोजित किये जाएं।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि डॉ शकुन्तला पुर्नवास मिश्रा विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनो छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित की जा रही खेल प्रतियोगिता की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाय। रजिस्ट्रार ने बताया कि मार्च के आखिरी सप्ताह में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट, उत्तर प्रदेश को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठापित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के समयबद्ध रूप से करने के निर्देश दिये।

बैठक में अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण हेमंत राव, तथा निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण वंदना वर्मा, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण सत्य प्रकाश पटेल एवं आयुक्त दिव्यांगजन सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# सेना की नौकरी न मिलने से युवक ने किया ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या

सदर प्रतापगढ़-नोएडा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा व सेना भर्ती की तैयारी करने वाले युवक ने जेब में सुसाइड नोट रखकर ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।प्रयागराज-प्रतापगढ़ रेलमार्ग पर मंगलवार की सुबह देल्हूपुर थाना क्षेत्र के धीरगंज रेलवे स्टेशन के पास थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी अमन सिंह (23) का शव क्षत विक्षत हालत में ग्रामीणों ने देखा। सूचना पर पहुंची देल्हूपुर व मऊआइमा पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।उसकी जेब कब्जे में लिया। मृतक की जेब से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला। जिसमे वह परिवार के लोगों से माफी मांगते हुए घटना के लिए खुद को जिम्मेदार ठहरा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के पिता देवेंद्र प्रताप सिंह सहित रोते बिलखते रहे।

मृतक छह दिन पहले नोएडा से घर आया था, लेकिन वह मानसिक रूप से परेशान था। घटना से मृतक के बड़े भाई अंकुश व बहन महिमा का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रेप के आरोपित को दस साल की जेल–

प्रतापगढ़ सदर। अपर सत्र न्यायाधीश कुंदन किशोर ने रेप व जान से मारने की धमकी देने का आरोप सिद्ध होने पर सांगीपुर के विजय रजक को दस साल जेल की सजा सुनाई है। साथ ही छह हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। घटना 3 दिसंबर 2021 की शाम 4 बजे की है। महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि विजय उसे घसीटकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। राज्य की ओर से पैरवी एड-ीजीसी अनिल कुमार मिश्र ने की

# मातेश्वरी भक्तों द्वारा पवित्र सरयू की जलधारा में यज्ञ में स्थापित कलश के जल को किया प्रवाहित

- *कलश के जल को सरयू में किया विसर्जित, भंडारे में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु*
- *सदगुरू महाराज के दर्शन पाने के लिए दूरदराज क्षेत्र से आए भक्त रहे लालायित*

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

मऊ : सदगुरु महाराज ने बुधवार को अश्वमेध यज्ञ का विधि-विधान से पूणार्हुति कर सर्व समाज के कल्याण की ईश्वर से कामना की। राष्ट्रीय एकता अखंडता बनाए रखने के लिए सबको सद्बुधि प्रदान करने के लिए ईश्वर से अनुनय विनय किया। तत्पश्चात मातेश्वरी भक्तों द्वारा पवित्र सरयू की जलधारा में यज्ञ में स्थापित कलश के जल को प्रवाहित कराया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर सदगुरु महाराज के दर्शन करने के लिए भक्तों में होड़ लगी रही। सदगुरु महाराज सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किए तथा सबको यज्ञ में बताए गए कर्म को करने को कहा। योग, साधना, सुविचार, सदाचार, सच्चरित्र और दूसरों की भलाई करने के लिए भक्तों को प्रेरित करते रहें। इस अवसर पर यज्ञ के आचार्यगण, महिला और पुरुष स्वयं सेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। यज्ञ में कोलकाता, झारखंड,



बिहार, बंगाल और बैंकांक सहित भारी संख्या में दूसरे प्रांतों की मातेश्वरी भक्त व यज्ञ में शामिल थे। बैंकांक से आई सीमा सिंह ने सतगुरु को स-ष्टांग प्रणाम किया तथा आशीर्वाद ग्रहण कर यज्ञ स्थल से रवाना हुई।

आध्यात्मिक नगरी मातेश्वरी धाम पर दस दिन से डेरा डाले हुए लोग धीरे-धीरे समेटते रहे। अपने घरों के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। 15 हजार भक्तों को दस दिन तक निश्शुल्क भोजन, आवासीय व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा देना सब सद्गुरु की कृपा से हुआ। मातेश्वरी भक्त अपना डेरा आध्यात्मिक वातावरण गूंज सुनाई दे रही थी। मातेश्वरी भक्तगण के प्रधान हवन कुंड का रखवाली करते रहे। अश्वमेघ महायज्ञ को लेकर क्षेत्र में खूब चर्चा रही। लोगों ने कहा कि सद्गुरू महाराज जंगल में मंगल कर गए। सद्गुरू जी ने विशाल अश्वमेघ महायज्ञ कराकर इस जंगल के पर्यावरण को भी शुद्ध कर दिया। कलकत्ता के कारीगरों द्वारा भव्य पंडाल तथा बेहद खूबसूरत देवी-देवताओं, ऋषि-मुनियों की झांकिया लोगों को आकर्षित करती रही। फायर बिग्रेड, जनसेवा हास्पिटल बड़हलगंज के डायरेक्टर डा. रमेशचंद के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम निश्शुल्क चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराया। यज्ञ समाप्त होने पर प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

# साइबर जागरूकता लिए जौनपुर पुलिस ने चलाया अभियान

**आमजन को साइबर क्राइम व उससे बचाव के लिए विशेषज्ञ ओपी जायसवाल ने बताये उपाय**

दिलीप कुमार जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण



बदलापुर/बक्शा, जौनपुर। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण के पर्यवेक्षण में प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को साइबर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। बदलापुर थाने में प्रभारी निरीक्षक संतोष पाण्डेय की देख–रेख में साइबर विशेषज्ञ ओपी जायसवाल ने जानकारी दिया। साथ ही बक्शा क्षेत्रांतर्गत राजाराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल नौपेड़वा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम हुआ जहां छात्र–छात्राओं सहित आम जनमानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। इसी प्रकार जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष सहित साइबर क्राइम के जानकारों ने साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक किया।

इस मौके पर साइबर विशेषज्ञ ओपी जायसवाल ने बताया कि आधार कार्ड से सम्बन्धित होने वाली ठगी/साइबर फ्रॉड के लगातार बढ़ते मामले को ध्यान में रखते हुये पैसों के लेन–देन अथवा उपयोग करते हुये भी सजगता बरतनी चाहिए। किसी भी कंपनी का कस्टमर केयर नम्बर उसकी आधिका-रक वेबसाइट से ही लें, क्योंकि साइबर ठगों ने अपने मोबाइल फोन नम्बरों को विभिन्न आनलाइन कंपनियों के कस्टमर केयर के नाम से गूगल पर अपडेट कर रखा है। श्री जायसवाल ने बताया कि कोई भी बैंक अधिकारी फोन पर कभी भी एटीएम, खाते व क्रेडिट कार्ड से सम्बन्धित जानकारी नहीं मांगता, इसलिए कभी भी फोन काल पर बैंक से सम्बन्धित जानकारी शेयर न करें। किसी भी क्यूआर कोड से पेमेंट लेते या देते समय पूरी सतर्कता बरतते हुए यह जरूर देखें कि क्यूआर कोड पेमेंट लेने वाला है या देने वाला।

श्री जायसवाल ने बताया कि किसी को भी मोबाइल या फोन पर अपने खाते का विवरण न दें। आनलाइन शॉपिंग या पेमेंट करते हुए विशेष सावधानी रखें। फेसबुक इत्यादि सोशल साइट्स के पासवर्ड बेहद गोपनीय रखे और समय समय पर बदलते रहे। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

# मां का स्थान देवी–देवताओं से भी ऊंचा : ऋषिकेश जी महाराज

**समाजसेविका कलावती देवी की 10वीं पुण्यतिथि पर जुटे सैकड़ों महिलाओं व पुरूषों को दिया गया साड़ी, शाल और कम्बल**

दिलीप कुमार जायसवाल, ब्यूरो चीफ,
समाज जागरण

जौनपुर, खुटहन। मां का स्थान देवी–देवताओं से भी ऊंचा है। मनुष्य का प्रथम गुरू मां ही होती है। इसके बाद लोग स्कूल जाते हैं जहां से शिक्षा–दीक्षा लेकर सामाजिक बनते हैं। कुल मिलाकर पूरी दुनिया आपको गलत रास्ता दिखा सकता है लेकिन मां, बाप एवं गुरू कभी नहीं ऐसा करते हैं। उक्त विचार समाजसेविका कलावती देवी की 10वीं पुण्यतिथि पर उपस्थित लोगों के बीच जौनपुर–बदलापुर मार्ग पर औंका में स्थित परमहंस आश्रम के महंथ श्री ऋषिकेश जी महाराज ने व्यक्त किया।

खुटहन क्षेत्र के ईश्वरपुर–सलहदीपुर में आयोजित पुण्यतिथि अवसर पर सर्वप्रथम गुरू जी ने कलावती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया। साथ ही मंचासीन अतिथिगण अवकाशप्राप्त सैनिक दिनेश यादव फौजी राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय यादव महासंघ, ग्राम विकास अधिकारी नरेन्द्र जी, वरिष्ठ पत्रकार बृजेश उपाध्याय, डा. राजेश यादव एवं समूह सम्पादक



रामजी जायसवाल ने भी कलावती देवी को नमन किया।

इसके बाद उपस्थित सैकड़ों महिलाओं व पुरूषों को उपहार स्वरूप साड़ी, कम्बल, शाल आदि वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलावत देवी के पति लालता यादव एवं संचालन अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष अजय पाण्डेय ने किया। इस मौके पर आये लोगों का स्वागत पत्रकार बृजेश यादव एवं इश्के लाल यादव ने किया।

इस अवसर पर अनीता सिद्धार्थ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के अलावा सुजीत यादव ग्राम पंचायत अधिका-री, विपिन यादव ग्राम विकास अधिकारी, ब्रह्मजीत यादव, रामबचन प्रधान, सुभाष प्रधान, रामाश्रय, लाल बहादुर, अच्छे लाल, पारसनाथ यादव, राधेश्याम पहलवान, रामदेव यादव, गौरीशंकर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अन्त में कार्यक्रम आयोजक बृजेश यादव ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# टाइपराइटर से होने वाली टक–टक की आवाज विलुप्त होने के कगार पर

## *उपयोग भले ही कम हुआ हो लेकिन अस्तित्व कभी भी खत्म नहीं होगा : शरद जायसवाल*

दिलीप कुमार जायसवाल, ब्यूरो चीफ,
समाज जागरण

जौनपुर। आज टाइपराइटर मशीन का नाम कान में पहुंचने पर जहां लोगों के आंखों के सामने पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं, वहीं नयी पीढ़ी में चर्चा होने लगी है कि यह कौन सी मशीन है? फिलहाल बता दें कि यही वह मशीन है जो 90 के दशक तक सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों में बहुत महत्व रखती थी। सारे कागजात इसी मशीन से होकर अधिकारी के पास पहुंचते थे। इस मशीन को चलाने वाला टाइपिस्ट या टाइपराइटर अर्थात टंकण करने वाले टंकणक की उस समय बहुत अहमियत होती थी। लोग काम निकलवाने के लिये उन्हें टाइप बाबू कहते थे। यही मशीन 90 के दशक तक बहुत महत्वपूर्ण बड़ी मशीन हुआ करती थी।

बता दें कि लगभग हर संस्था या कार्यालय में टाइपराइटर मशीन का नजर आना उस संस्था और कार्यालय की शोभा और अहमियत को दशार्ता था। उस समय के छात्र–छात्राएं मैट्रिक की परीक्षा देने के साथ ही महाविद्यालय मंत जाने से पहले टाइप सीखना शुरू कर देते थे। हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं की मशीन अलग–अलग होती थी। अंग्रेजी टाइप करना आसान होता था, इसलिए 75 फीसद छात्र–छात्राएं अंग्रेजी सीखते थे और 25 फीसद ही हिन्दी टाइप सीखते थे। उस समय इस मशीन को जो सबसे ज्यादा स्पीड में चलाता था, वह उस दौर का हीरो हुआ करता था। हिन्दी में प्रति मिनट 25 शब्द एवं अंग्रेजी में प्रति मिनट 30 शब्द टाइप करने वाला प्राइवेट की बात तो दूर, सरकारी कार्यालयों में सेट हो जाता था।

इस मैनुअल टाइपराइटर मशीन से बहुत सारे सीखने वाले लोग डिजाइन बनाकर भी टाइप कर लेते थे। मशीन में उस समय ईमोजी टाइप शब्द हुआ करते थे जिसे बनाना पड़ता था। विशेषकर टाइपिस्ट की उस दौर में कोर्ट–कचहरी में बहुत मांग होती थी। खासकर जो शॉर्ट हैण्ड जानता था, उस टाइपिस्ट की भर्ती जज, मजिस्ट्रेट आदि महत्वपूर्ण अधिकारी के सहायक के रूप में होती थी।

हालांकि टाइपराइटर की टाइपिंग उतनी अच्छी नहीं होती थी, इसलिये उसी दौर में इलेक्ट्रॉनिक टाइपराइटर मशीन आयी जिसमें बहुत ही शानदार व सुन्दर टाइप हुआ करती थी लेकिन काफी महंगी होने के कारण बाजार नहीं पकड़ सकी। इसी बीच उसी दशक में कम्प्यूटर का प्रादुर्भाव हुआ। देखते ही देखते यह टक–टक की आवाज वाली टाइपराइटर बहुत तेजी से विलुप्त होने लगी लेकिन यह कहना गलत होगा कि आज खत्म हो गयी है, क्योंकि आज कम्प्यूटर पर अंगुली रखने के पहले इसी टाइपराइटर मशीन पर हाथ रखना पड़ता है।

आज हर जगह टाइपराइटर के स्थान पर कम्प्यूटर के की-बोर्ड ने जगह ले रखी है लेकिन पूर्व की अपेक्षा आज कम जरूर मगर कुछेक टाइप सेण्टर संचालक पुरानी स्मृति एवं धरोहर की भांति टाइप सेण्टर अवश्य चला रहे हैं।

इस बाबत पूछे जाने पर नगर के अटाला मस्जिद के पास संचालित उषा टाइप राइटिंग इन्स्टीच्यूट के संचालक शरद जायसवाल ने बताया कि कम्प्यूटर की टाइप महंगी होने के कारण अभी भी सस्ते टाइप के लिये कलेक्ट्रेट, कचहरी सहित एकाध जगह पर एक–दो मशीन अवश्य दिख रही हैं जिसे वृद्ध लोग ही चला रहे होते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता स्व. मदन लाल जायसवाल के जमाने में जौनपुर मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में कई दर्जन टाइप सेण्टर चल रहे थे लेकिन अब मेरे अलावा एकाध जगह ही इस तरह के सेण्टर संचालित हैं। श्री जायसवाल ने बताया कि टाइपराइटर मशीन का ग्राफ भले ही कम हुआ हो लेकिन खत्म नहीं हुआ है जो कभी भी खत्म नहीं होगा, क्योंकि अगर ऐसा होता तो मेरे सेण्टर पर छात्र–छात्राओं का आना बन्द हो गया होता। प्रत्येक माह दो दर्जन से अधिक प्रवेश होता



रहता है।वाली टाइपराइटर मशीन ग्राफ भले ही कम हुआ हो लेकिन खत्म नहीं है जो कभी भी नहीं होगाः शरद जायसवाल

जौनपुर। आज टाइपराइटर मशीन का नाम कान में पहुंचने पर जहां लोगों के आंखों के सामने पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं, वहीं नयी पीढ़ी में चर्चा होने लगी है कि यह कौन सी मशीन है? फिलहाल बता दें कि यही वह मशीन है जो 90 के दशक तक सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों में बहुत महत्व रखती थी। सारे कागजात इसी मशीन से होकर अधिकारी के पास पहुंचते थे। इस मशीन को चलाने वाला टाइपिस्ट या टाइपराइटर अर्थात टंकण करने वाले टंकणक की उस समय बहुत अहमियत होती थी। लोग काम निकलवाने के लिये उन्हें टाइप बाबू कहते थे। यही मशीन 90 के दशक तक बहुत महत्वपूर्ण बड़ी मशीन हुआ करती थी।

बता दें कि लगभग हर संस्था या कार्यालय में टाइपराइटर मशीन का नजर आना उस संस्था और कार्यालय की शोभा और अहमियत को दशार्ता था। उस समय के छात्र–छात्राएं मैट्रिक की परीक्षा देने के साथ ही महाविद्यालय मंत जाने से पहले टाइप सीखना शुरू कर देते थे। हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं की मशीन अलग–अलग होती थी। अंग्रेजी टाइप करना आसान होता था, इसलिए 75 फीसद छात्र–छात्राएं अंग्रेजी सीखते थे और 25 फीसद ही हिन्दी टाइप सीखते थे। उस समय इस मशीन को जो सबसे ज्यादा स्पीड में चलाता था, वह उस दौर का हीरो हुआ करता था। हिन्दी में प्रति मिनट 25 शब्द एवं अंग्रेजी में प्रति मिनट 30 शब्द टाइप करने वाला प्राइवेट की बात तो दूर, सरकारी कार्यालयों में सेट हो जाता था।

इस मैनुअल टाइपराइटर मशीन से बहुत सारे सीखने वाले लोग डिजाइन बनाकर भी टाइप कर लेते थे। मशीन में उस समय ईमोजी टाइप शब्द हुआ करते थे जिसे बनाना पड़ता था। विशेषकर टाइपिस्ट की उस दौर में कोर्ट–कचहरी में बहुत मांग होती थी। खासकर जो शॉर्ट हैण्ड जानता था, उस टाइपिस्ट की भर्ती जज, मजिस्ट्रेट आदि महत्वपूर्ण अधिकारी के सहायक के रूप में होती थी।

हालांकि टाइपराइटर की टाइपिंग उतनी अच्छी नहीं होती थी, इसलिये उसी दौर में इलेक्ट्रॉनिक टाइपराइटर मशीन आयी जिसमें बहुत ही शानदार व सुन्दर टाइप हुआ करती थी लेकिन काफी महंगी होने के कारण बाजार नहीं पकड़ सकी। इसी बीच उसी दशक में कम्प्यूटर का प्रादुर्भाव हुआ। देखते ही देखते यह टक–टक की आवाज वाली टाइपराइटर बहुत तेजी से विलुप्त होने लगी लेकिन यह कहना गलत होगा कि आज खत्म हो गयी है, क्योंकि आज कम्प्यूटर पर अंगुली रखने के पहले इसी टाइपराइटर मशीन पर हाथ रखना पड़ता है। आज हर जगह टाइपराइटर के स्थान पर कम्प्यूटर के की-बोर्ड ने जगह ले रखी है लेकिन पूर्व की अपेक्षा आज कम जरूर मगर कुछेक टाइप सेण्टर संचालक पुरानी स्मृति एवं धरोहर की भांति टाइप सेण्टर अवश्य चला रहे हैं।

इस बाबत पूछे जाने पर नगर के अटाला मस्जिद के पास संचालित उषा टाइप राइटिंग इन्स्टीच्यूट के संचालक शरद जायसवाल ने बताया कि कम्प्यूटर की टाइप महंगी होने के कारण अभी भी सस्ते टाइप के लिये कलेक्ट्रेट, कचहरी सहित एकाध जगह पर एक–दो मशीन अवश्य दिख रही हैं जिसे वृद्ध लोग ही चला रहे होते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता स्व. मदन लाल जायसवाल के जमाने में जौनपुर मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में कई दर्जन टाइप सेण्टर चल रहे थे लेकिन अब मेरे अलावा एकाध जगह ही इस तरह के सेण्टर संचालित हैं। श्री जायसवाल ने बताया कि टाइपराइटर मशीन का ग्राफ भले ही कम हुआ हो लेकिन खत्म नहीं हुआ है जो कभी भी खत्म नहीं होगा, क्योंकि अगर ऐसा होता तो मेरे सेण्टर पर छात्र–छात्राओं का आना बन्द हो गया होता। प्रत्येक माह दो दर्जन से अधिक प्रवेश होता रहता है।

# कैरम प्रतियोगिता बालक वर्ग में मुहम्मद इमरान हुए विजेता

नगीना। नगर के मुहल्ला अकाबरान स्तिथ इकबाल मैमोरियल जूनियर हाईस्कूल में आयोजित कैरम प्रतियोगिता बालक वर्ग में मुहम्मद इमरान विजेता हुये जबकि मुहम्मद अयान उप विजेता रहे।बालिका वर्ग में कु0 रजिया विजेता व कु0 शफिया उपविजेता रही।बैडमिंटन प्रतियोगिता में मुहम्मद इमरान विजेता व मुहम्मद रेहान उप विजेता रहे।जबकि बालिका वर्ग में कु0 मन्तशा अकरम व कु0 शाहजिन उपविजेता रही।स्कूल प्रबंधक हसन जावेद ने विजेताओं को बधाई दी।



## गोपी सेवा समिति के द्वारा फूलों की होली का रंगारंग कार्यक्रम अग्रसेन विद्यालय में हुआ आयोजित

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना ।गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गोपी सेवा समिति के द्वारा फूलों की होली का रंगारंग कार्यक्रम अग्रसेन विद्यालय में हुआ जिसमें मुख्य रुप से काशीपुर के प्रसिद्ध कपिल बावरा जी कृष्ण कन्हैया के रूप में फूलों की होली खेलते हुए नजर आए देर शाम खेली गई फूलों की होली में ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे यह नगर नगीना नहीं बल के साक्षात बृंदावन हो स्कूलों की होली के कार्यक्रम रजनी जोहर के नेतृत्व में हुआ इसमें नगर की रजनी जौहर आभा अग्रवाल सुनीता चारु मल्होत्रा दीपा नीतू मित्तल बीना आदि महिलाएं मौजूद रही



## राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह गोन्डा का निरीक्षण सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती द्वारा किया गया

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के तत्वावधान में दिनांक 01.03.2023 को राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर ग्रह गोण्डा का निरीक्षण सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती श्री रामचन्द्र यादव-। द्वारा किया गया। जिसमें जनपद श्रावस्ती से निरूद्ध किशोर बंदियों से संबंधित सुविधाओं का निरीक्षण किया गया तथा उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।



उक्त कार्यक्रम में श्री संतोष कुमार दुबे, अधीक्षक राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर ग्रह गोण्डा, श्री दयाराम लिपिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती, श्री हरिश्चन्द्र केयर टेकर, श्री वीरेन्द्र प्रकाश, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, श्री संजीव कुमार, अशर्फीलाल केयर टेकर, सत्यभान कौशल विकास से प्रशिक्षण देने हेतु आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रत्येक विधानसभा में रोजगार मेले का आयोजन कर बेरोजगार अभ्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार से लाभान्वित किया

ओंकार नाथ चौधरी

प्रत्येक विधानसभा में रोजगार मेले का आयोजन कर बेरोजगार अभ्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार से लाभान्वित किया जाना है. श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में रोजगार मेले का आयोजन कर बेरोजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक रोजगार से लाभान्वित किया जाना है। जिसके तहत जनपद की विधान सभाओं में जिला सेवायोजन कार्यालय श्रावस्ती, जिला समन्वयक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन श्रावस्ती एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिनगा/हरदत्त नगर गिरंट के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

उन्होने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 289-भिनगा में 03 मार्च, 2023 को राजकीय आई0टी0आई0 भिनगा एवं विधान सभा क्षेत्र 290-श्रावस्ती में 17 मार्च, 2023 को विकास खण्ड परिसर इकौना में किया जायेगा।

## विख्यात पर्यटन स्थलों के विकास के लिए हैदराबाद में दक्षिणी क्षेत्र की कार्यशाला आयोजित की

स्थायी और विख्यात पर्यटन स्थलों को विकसित करने और देश में स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, पर्यटन मंत्रालय (एमओटी) ने भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम), संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरटीएसओआई) के सहयोग से 28 फरवरी, 2023 को हैदराबाद में स्थायी और विख्यात पर्यटन स्थलों के विकास पर तीसरी क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और दक्षिणी क्षेत्र के राज्यों /केन्द्र शासित प्रदेशों जैसे आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, तमिलनाडु और तेलंगाना के पर्यटन उद्योग के हितधारकों की व्यापक भागीदारी देखी गई।



कार्यशाला की शुरूआत भारत पर्यटन बैंगलोर/ बेंगलुरु के क्षेत्रीय निदेशक श्री मोहम्मद फारूक के उद्घाटन भाषण के साथ हुई। अपने संबोधन में, उन्होंने संसाधनों की सीमा पर को ध्यान में रखते हुए और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करते हुए पर्यटन क्षेत्र के विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आईआईटीटीएम के निदेशक श्री आलोक शर्मा ने स्थायी पर्यटन की अवधारणा को क्रियान्वित करने और इसे मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्रीय कार्यशाला का विषय रखा। उन्होंने परिभाषित किया कि पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्थायी पर्यटन के लिए क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित करने की पहल स्थायी पर्यटन के विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा की गई पहलों से परिचित कराने का एक प्रयास है।

पर्यटन मंत्रालय के श्री अरविंद विश्वनाथन ने देश में पर्यटन के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए पर्यटन मंत्रालय की प्रमुख केन्द्र प्रायोजित योजना स्वदेश दर्शन 1.0 की सफलता की कहानियों को साझा किया। उन्होंने स्वदेश दर्शन 2.0 का अवलोकन भी किया और बताया कि यह गंतव्य विकास में स्थिरता को कैसे एकीकृत करता है। .

आरटीएसओआई की प्रतिनिधि श्रीमती मृदुला तंगिरला ने पर्यटकों को संवेदनशील बनाने और जिम्मेदार यात्रा की मांग पैदा करने की आवश्यकता पर प्रतिभागियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने जिम्मेदार यात्री अभियान की शुरूआत की और पर्यटकों को जिम्मेदार व्यवहार के बारे में शिक्षित करने के तरीके बताए।

# न्यायालय के आदेश पर राजस्व व नगर पालिका ने करोड़ों रुपए की जमीन कब्जा मुक्त कराई भूमाफियाओं मची खलबली

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़। पालिका प्रशासन और राजस्व विभाग ने न्यायालय के आदेश पर नगरपालिका की करोड़ों रुपए की संपत्ति कब्जा मुक्त कराकर तारबंदी की। जानकारी के अनुसार नगर निवासी शकील अहमद का नगर पालिका परिषद से लगभग 20 वर्षों से सम्पत्ति विवाद न्यायालय में विचाराधीन चल रहा था उक्त संपत्ति नगर मोहल्ला कि ला की टीचर कालोनी से सटे मौजा अजब नगर (अफजलगढ़) स्थित गाटा संख्या 91/1.853 तथा गाटा संख्या 92/.053 जिसका रकबा 24 बिघा है जिस भूमि पर आम का बाग और गेहूं की फसल खड़ी हुई है। जोकि सवा दो करोड़ की सम्पत्ति अंकि जा रही है माननीय न्यायालय बिजनौर ने



नगरपालिका के पक्ष में फैसला देते हुए कब्जा मुक्त कराने के आदेश दिए थे जिस पर बुधवार को एसडीएम धामपुर मनोज सिंह,ईओ कौशल कुमार,हल्का लेखपाल बैनीराम, लेखपाल प्रमोद कुमार, लेखपाल अवधेश कुमार, ब्रजपाल सिंह, पालिका कर्मचारी ब्रजमोहन,शाबिर सुलेमान,व सहित पुलिस प्रशासन में एसएसआई आशीष तोमर पुलिस बल को मौके लेकर ले जाकर कब्जा मुक्त कराया भूमि की पैमाईश के बाद नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने सिमेन्टेड पिलर खड़े कर कांटेदार तार बन्दी दी कराईं है। प्रशासन द्वारा इस कारवाई से भूमाफियाओं में खलबली मची हुई है।

# 'पर्यावरणीय चुनौतियां एवं सतत विकास' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सिम्पोजियम का हुआ शुभारंभ

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी। 1 मार्च, बुधवार को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में डी एस टी एवं एस ई आर बी नई दिल्ली के तत्वावधान में पर्यावरणीय चुनौतियां एवं सतत विकास विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सिम्पोजियम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा राजर्षि एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्जन से हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय इलाहाबाद में भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बी एन सिंह ने कहा कि भारत में आदिकाल से प्रकृति की पूजा होती रही है, आधुनिक विकास माडल ने हमें प्रकृति से दूर किया है। जिससे पर्यावरणीय संकट उत्पन्न हुआ है। अगर हमें पर्यावरण को बचाना है तो प्रकृति का संरक्षण करना होगा। मुख्य वक्ता राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित प्रोफेसर ओम प्रकाश पांडेय ने कहा कि वेद हमारा प्राचीन एवं पवित्र ग्रंथ है। अगर पर्यावरण संकट समाप्त करना है तो वैदिक जीवन पद्धति अपनानी



पड़ेगी। लीना सिम्पी ने कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में ऐसे कार्य करने की जरूरत है, जिससे पर्यावरण शुद्ध रहे। मिथिलेश शुक्ला ने कहा कि हमें इलेक्ट्रॉनिक्स वाहनों को बढ़ावा देकर पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। पूर्व प्राचार्य डॉ त्रिवेणी सिंह ने कहा कि हमें स्वस्थ रहना है तो पर्यावरण को ठीक करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पी के श्रीवास्तव ने कहा कि हमें स्वयं तय करना चाहिए हम पर्यावरण बचाने के लिए क्या कर सकते हैं। प्रथम सत्र में डॉ अजय कुमार सिंह, दीक्षा, प्रियम्बिका सिंह, दयानंद सिंह, आकांक्षा, लवली, अंजली, दरबार सिंह सहित अनेक प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया। सत्र की अध्यक्षता प्रो राम सुन्दर यादव एवं डॉ एम पी त्रिपाठी ने किया। सिंपोजियम में डॉ अर्जुन पांडेय, डॉ अक्षयवर नाथ तिवारी, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ चन्द्रशेखर सिंह, डॉ बीरेंद्र बहादुर सिंह, डॉ सुरेन्द्र प्रताप यादव, डॉ उमेश सिंह, डॉ भगवती थीटे, डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ अतिकुर रहमान, डॉ अरविन्द कुमार सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिखा शुक्ला ने किया।

# अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारकों को माह मार्च, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का 05 से 20 मार्च तक होगा वितरण

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, जिला पूर्ति अधिकारी, श्रावस्ती ने जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों को सूचित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह मार्च, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का 05 से 20 मार्च, 2023 के मध्य निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण कराया जाएगा तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को माह जनवरी, फरवरी व मार्च, 2023 त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रू0 18/प्रति किग्रा0 की दर से वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 कि0ग्रा0 गेहूं व 21 किग्रा0 चावल कुल 35 किग्रा0 खाद्यान्न तथा पात्रगृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल कुल 05 किग्रा0 खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उक्त वितरण ई-पॉस मशीन के माध्यम से कराया जाएगा। वितरण के दौरान प्रत्येक उचित दर विक्रेता की दुकान पर नामित नोडल अधिकारी अपनी निगरानी में लाभार्थियों को निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराएंगे। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी के सम्बन्ध में पोर्टबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होने बताया कि उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 20 मार्च, 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। आवश्यक वस्तुओं का निर्बाध रूप से वितरण सुनिश्चित कराने हेतु उचित दर विक्रेताओं द्वारा वितरण के दौरान खाद्यान्न वितरण का कार्य प्रातः 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक सुनिश्चित किया जाएगा। वितरण के दौरान ब्लाकवार नामित नोडल अधिकारी एवं समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक अपने क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर पारदर्शी वितरण सुनिश्चित कराएंगे।

# जुलूस की तैयारी व प्रबंधन को लेकर होली रंग गुलाल समिति की बैठक

नगीना - नगीना में होली पर निकाले जाने वाले व कई वर्षो से आकर्षण का केंद्र रहे परम्परागत हवन गुलाल जुलूस की तैयारी व प्रबंधन को लेकर होली रंग गुलाल समिति की बैठक गत रात्रि पूर्व चेयरमेन प्रभातचंद गुप्ता के आवास पर उन्ही की अध्यक्षता व समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में जुलूस को ओर अधिक आकर्षक व भव्य बनाने पर जोर दिया गया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि जुलूस इस बार भी जनभावनाओं के अनुरूप भव्य तरीके से निकाला जायेगा। जुलूस में इस बार पिछले वर्ष के अतरिक्त कुछ ओर हास्य विनोद की झांकी शामिल की जाएगी। उन्होंने बताया किमोहल्ला चौधराना स्थित देवता



मंदिर परिसर में 8 मार्च की प्रातः 7 बजे हवन प्रारम्भ होगा तत्पश्चात देवता मंदिर से जुलूस प्रारम्भ होगा। जुलूस अपने तय मार्ग से होता हुआ 12 बजे स्टेशन पर समाप्त होगा।बैठक में जुलूस की व्यवस्थाओ को लेकर कार्य विभाजन किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने सभी सदस्यों से अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करने की अपील की।

# आरोप घर में घुसकर दबंगों ने हथियारो से डराया धमकाया पुलिस ने छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़ । नगर निवासी एक व्यक्ति ने घर में घुसने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला नेजो सराय निवासी कमालुद्दीन पुत्र बशीरुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने पुराने घर अपने भाईयों शहाबुद्दीन वहाजुद्दीन के घर पर था कि सिराजुद्दीन पुत्र नसीमुद्दीन तथा जावेद, जुनेद वह शिब्बू पुत्र गण सिराजुद्दीन व अफसार पुत्र शमीम अहमद मौहल्ला मियादी मौखा हमसाज होकर हथियारों तमंचे लैस में मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे घर पर जाकर हमला कर दिया तथा घर की औरतों के साथ बदतमीजी की और हथियारों के बल पूर्वक डराने धमकाने लगे महिलाओं की चिख पुकार होने पर हमलावर अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर मौके से भाग गए पीड़ित ने इसकी सूचना एसओजी व प्रभारी निरीक्षक को दी उसने बताया है कि हमलावर पहले से ही उसके घरवालों से रंजिश रखते हैं और कभी भी घटना का अंजाम दे सकते हैं पीड़ित ने पुलिस को अपनी जान माल का खतरा को देखते हुए न्याय की गुहार लगाई जिस पर तहरीर के आधार पर पुलिस ने छः लोगों अफसर,सिराजुद्दीन,जावेद, जुनेद,शिब्बू,इकराद्दीन के विरुद्ध आई पी सी की धारा 147, 148, 149, 323, 354, 452, 506 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कें अवसर पर हुआ प्रतिभा पुरस्कार वर्षिकोत्सव का आयोजन

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद सिद्धार्थ नगर आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन के सहयोग से स्माइल फाउंडेशन, सिद्धार्थनगर जिले के 14 विकासखंड के 36 परिषदीय विद्यालयों को बेहतर बनाने की परियोजना में कार्यरत है। इस परियोजना को सफलतापूर्वक चलाने में जिला शिक्षा विभाग का सहयोग भी सम्मिलित है। इस उपक्रम के तहत शिक्षा का अनुकूल माहौल बनाने, स्कूल संबंधित अधोसंरचना को सुधारने और शिक्षकों की क्षमता निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं।

परियोजना के अंतर्गत 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय गोलहौरा में जिला स्तरीय प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें, लक्ष्य छात्रों को शैक्षिक और सह-शैक्षिक की कई श्रेणियों के तहत अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच देना था। जहां छात्रों ने इन श्रेणियों में विजेता बनने के लिए प्रतिस्पर्धा की (क) इनोवेशन चैलेंज; (ख) रळएट चैलेंज; (ग) प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता; और (घ) चित्रकला प्रतियोगिता। इस कार्यक्रम में 14 ब्लॉकों के 36 स्कूलों से कक्षा 6वीं से 8वीं तक के चयनित 118 छात्रों ने भाग लिया।

संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय गोलहौरा की करिश्मा पांडे ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह इनोवेशन चैलेंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलबेनवा के रूपेश कुमार ; STEM



चैलेंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय परसा खुर्द के करम हुसैन और (घ) चित्रकला प्रतियोगिता चैलेंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय सुपाराजा के अरुण कुमार पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी तहसील बांसी श्री प्रमोद कुमार द्वारा माँ सरस्वती को माल्यर्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बेसिक शिक्षा विभाग से बालिका शिक्षा समन्वयक श्री सुरेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ0 प्रतिभा सिंह, प्रवक्ता, जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान,थानाध्यक्ष श्री बलजीत राव, बेसिक शिक्षा संदर्भ व्यक्ति श्री नीबूलाल एवं मंच संचालक राज्य संदर्भ व्यक्ति बेसिक शिक्षा श्री अपूर्व श्रीवास्तव, श्री सतीश चंद्र त्रिपाठी, संरक्षक, उत्तर प्रदेश, शिक्षक संघ आदि लोगों की मुख्य उपस्थिति रही। आज के प्रतिभा पुरस्कार उत्सव में अध्यापक, अध्यापिका, अभिभावकों एवं बच्चों का पूरा हजूम रहा। बच्चो के उत्साह और उनके प्रयासों को देख के सभी मेहमान हैरान रहे

# एससीओ के पहले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं पारंपरिक चिकित्सा पर एक्सपो का उद्घाटन केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोणोवाल कल करेंगे

गुवाहाटी 1 मार्च 2023ः केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग और आयुष मंत्री सवार्नंद सोणोवाल शंघाई सहयोग संगठन (रउड) के तहत गुवाहाटी में गुरुवार से शुरू हो रहे पहले बी2बी वैश्विक सम्मेलन एवं पारंपरिक चिकित्सा पर एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। एसीओ के 17 देशों से 150 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों अपनी तरह के पहले इस चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं।

कर्टेन रेजर प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग और आयुष मंत्री सबार्नंद सोणोवाल कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत पूरे विश्व में पारंपरिक चिकित्सा के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। आज हमें यह बताते हुए अपार खुशी हो रही है कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ)- एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संगठन -की अध्यक्षता इस वर्ष भारत कर रहा है । असम के शहर गुवाहाटी में आयोजित हो रहे इस सम्मेलन से रोगियों की देखभाल और क्लीनिकल एक्सिलेंस में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह एक खास अवसर है, क्योंकि 17 देशों के विशेषज्ञ पारंपरिक चिकित्सा पर विचार मंथन के लिए एक मंच पर आ रहे हैं। समग्र स्वास्थ्य के लिए आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और पारंपरिक चिकित्सा के समन्वय (इंटीग्रेशन) के लिए यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। कल के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग और आयुष मंत्री सबार्नंद सोणोवाल, केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री महेंद्र भाई मुंजपारा, म्यांमार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. थेटखेंगविन, मालदीप के स्वास्थ्य मंत्री मोहम्मद सईद और सचिव आयुष वैद्य राजेश कोटेचा उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

शंघाई सहयोग संगठन के तहत 2 से 5 मार्च, 2023 तक असम के शहर गुवाहाटी असम में बी2बी कॉन्फ्रेंस एवं पारंपरिक चिकित्सा पर एक्सपो का आयोजन हो रहा है। यह सम्मेलन और एक्सपो नियामकों, उद्योगो एवं व्यापारी नेतृत्व करने वालों के लिए एक अवसर लेकर आया है। इससे एससीओ एवं सहयोगी देशों के बीच पारंपरिक चिकित्सा के अलग-अलग आयामों जैसे उत्पाद, सेवा, शिक्षा, कौशल विकास, कॉस्मेटिक और हर्बल आदि के लिए परस्पर मैत्री एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। अभी तक 13 देशों के करीब 75 आधिकारिक एवं व्यापारिक प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में हिस्सा लेने की पुष्टि की है। चीन, उज्बेकिस्तान, किरगिस्तान और कजाकिस्तान के आधिकारिक प्रतिनिधि वर्चुवल रूप सम्मेलन में शामिल होंगे।

केंद्रीय आयुष मंत्री श्री सबार्नंद सोणोवाल ने कहा कि भारत के लोगों को अपनी परंपरा पर गर्व है, खास तौर पर समृद्ध पारंपरिक चिकित्सा पर जिसने हजारों वर्षों से मानवता की सेवा की है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत हमें यह अवसर मिला है कि मानव जीवन के गुणात्मक सुधार के लिए हम अपनी विरासत और पारंपरिक चिकित्सा के पुनरोद्धार की विश्वव्यापी मुहिम का हिस्सा बनें। कोविड महामारी से पार पाने में पारंपरिक चिकित्सा ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। अब जरूरत है कि इसको आगे ले जाया जाए और यह मंच इसके लिए एक बेहतरीन अवसर है।

असम के शहर गुवाहाटी में अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय आयुष मंत्री श्री सोणोवाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में पिछले आठ सालों में उत्तर-पूर्व ने खासा विकास किया है। अब यह क्षेत्र भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। हम सबके लिए यह गर्व का विषय है कि गुवाहाटी में इस स्तर के अंतरराष्ट्रीय एक्सपो का आयोजन हो रहा है। क्षेत्र के लोगों के लिए 2047 तक भारत को विश्व में श्रेष्ठतम देश बनाने की मुहिम का हिस्सा बनने का यह स्वर्णिम अवसर है।भारत ने 17 सितंबर 2022 को उज्बेकिस्तान के समरकंद में वर्ष 2023 के लिए एससीओ परिषद के प्रमुखों की अध्यक्षता ग्रहण की है। समरकंद में एससीओ शिखर सम्मेलन में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत पारंपरिक चिकित्सा पर एक नए एससीओ विशेषज्ञ कार्य समूह के लिए पहल करेगा।

एससीओ मेंडेट के तहत आयुष मंत्रालय ने विभिन्न पहल किए हैं। इसी वर्ष फरवरी में पारंपरिक चिकित्सा के प्रेक्टिशनरों और विशेषज्ञों का एक वर्चुअल सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें एससीओ के 25 देश शामिल हुए। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के अनुरुप नई दिल्ली में पिछले महीने ही आयोजित पारंपरिक चिकित्सा के विशेषज्ञ कार्यकारी समूह के ड्राफ्ट ळडफ को मंजूरी दी गई।


शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), या शंघाई पैक्ट, शंघाई, चीन में 15 जून 2001 को स्थापित आठ सदस्यीय बहुपक्षीय संगठन का एक यूरेशियन राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा गठबंधन है। एससीओ में 08 सदस्य राज्य, 03 पर्यवेक्षक और 14 संवाद सहयोगी देश शामिल हैं। भारत को जुलाई 2005 में अस्ताना शिखर सम्मेलन में पर्यवेक्षक का दर्जा दिया गया और 9 जून, 2017 को अस्ताना, कजाकिस्तान में एससीओ शिखर सम्मेलन में पूर्ण सदस्य का दर्जा दिया गया। पारंपरिक चिकित्सा के विशेषज्ञ कार्यकारी समूह में स्वीकार किए गए उपरोक्त ड्राफ्ट को आगे होने वाले शिखर सम्मेलन में अंगीकार किया जाएगा।

पारंपरिक चिकित्सा पर एक्सपो का उद्देश्य एससीओ एवं साझेदार देशों के बीच पारंपरिक चिकित्सा पर व्यापार के नये रास्ते खोलना है। आयुष इंडस्ट्री के साथ ही पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित विदेशी उद्योग/निर्यातक/आयातक अपने उत्पाद एवं सेवाओं को इस एक्सपो में प्रदर्शित करेंगे।

# श्री अन्न आज की जरूरत- केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि श्री अन्न (मिलेट) आज की जरूरत है, क्योंकि ये पोषक तत्वों से भरपूर होते है। वर्तमान परिवेश में घर हो या बाहर हमारे पास भोजन तो उपलब्ध है, लेकिन उसमें जरूरत के हिसाब से पोषक तत्वों की कमी है। पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा भोजन में रहे, इसके लिए थाली में श्री अन्न होना जरूरी है। श्री तोमर ने यह बात जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय नेशनल मिलेट कांफ्रेंस के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

श्री तोमर ने कहा कि हम जानते हैं कि दुनिया में मिलेट विशिष्ट उत्पादन के रूप में उत्पादित होता रहा है। समय के साथ मिलेट का भोजन की थाली में स्थान कम होता गया और इसकी प्रतिस्पर्धा समाप्त हो गई। मिलेट को पुनः बढ़ावा मिले और इसका उपयोग बढ़े, इसे लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। भारत की अगुवाई में वर्ष 2023 को पूरी दुनिया मिलेट ईयर के रूप में मना रही है। 18 मार्च को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी इसे विधिवत लांच करेंगे। इसके अलावा, इस वर्ष देशभर के लगभग 50 शहरों में जी-20 की बैठकें आयोजित होना हैं, जिनमें विदेशों के



लगभग दो लाख लोग भारत आएंगे। प्रधानमंत्री के निर्देशन में जी-20 की बैठकों के माध्यम से भी मिलेट के प्रचार-प्रसार की योजना तैयार की गई है। जी-20 के सभी कार्यक्रमों में, भोजन में मिलेट को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि जब ये लोग अपने देश लौटे तो यहां से भोजन का अच्छा स्वाद लेकर जाएं और दुनियाभर में भारतीय श्री अन्न को नई पहचान मिलें। इसका लाभ हमारे किसानों व देश को मिलेगा।

श्री तोमर ने कहा कि मिलेट फसल वर्षा आधारित होती है, जिसे कम खर्च व कम पानी में उगा सकते है। गरीब किसान बंजर धरती में इसका उत्पादन कर सकते है। मिलेट का उपयोग जितना बढ़ेगा, भोजन में उतने पोषक तत्व मिलेंगे, जिसका फायदा लोगों को होगा। मिलेट का उपयोग दुनिया में बढ़ेगा तो प्रोसेसिंग बढ़ेगी, निर्यात बढ़ेगा, जिसका लाभ छोटे किसानों को होगा और उनकी माली हालत सुधारने में सफलता मिलेगी। यह मिलेट ईयर इस दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। देश में इस पर रिसर्च बढ़ाने के लिए तीन राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र हरियाणा, हैदराबाद व बेंगलुरू में स्थापित किए गए है, जिनके जरिए काफी काम हो रहा है। कृषि क्षेत्र में करीब 2000 स्टार्टअप काम कर रहे हैं, जिनमें अधिकांश मिलेट से संबंधित हैं। हमारे देश से 4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के कृषि उत्पादों का निर्यात हुआ, जिनमें अधिकांश हिस्सा आर्गनिक व मिलेट का है। उन्होंने कहा कि म.प्र. में कृषि को बढ़ावा देने व सोया राज्य बनाने में जवाहरलाल नेहरू कृषि वि.वि. की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि मिलेट की जो किस्में विलुप्त हो रही हैं, उन पर भी वि.वि. काम कर रहा है, जिसे और बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्रम में सांसद श्री वी.डी. शर्मा, म.प्र. के कृषि मंत्री श्री कमल पटेल, कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा आदि भी मौजूद थे।

# कानपुर में अपराधियों के खिलाफ सफल आईपीएस प्रमोद का कठोर परिश्रमः हत्यारा गिरफ्तार

## गालियों से नाराज जिगरी दोस्त ने ही की थी फूलबदन की हत्या, भेजा जेल

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां लक्ष्मीरतन कॉलोनी के पास बीते सोमवार रात को ईंट मारकर हुई बाइक मैकेनिक 53 साल के फूल बदन की हत्या में नजीराबाद पुलिस ने उसके ही दोस्त रमन गुप्ता को जेल का रास्ता दिखाया है, क्योंकि फूलबदन की ईंटों के प्रहार से् हत्या किसी और ने नहीं ,बल्कि उसके इसी दोस्त रमन गुप्ता ने ही की थी। पुलिस के अनुसार आरोपी उसकी दुकान के बाहर बिस्तर बिछाकर सोता था। वारदात की रात फूलबदन ने उसका बिस्तर हटा दिया था। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने पहले उसकी हत्या की फिर बिस्तर बिछाकर सो गया था। सेंट्रल जोन के डीसीपी आईपीएस प्रमोद कुमार ने पत्रकारों को बताया कि घर से कुछ दूरी पर ही बाइक रिपेयरिंग की दुकान खोले फूलबदन की हत्या कर दी गई थी। जिसपर पुलिस ने फूलबदन के बेटे विशाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी।

नजीराबाद पुलिस द्वारा दोस्त रमन गुप्ता बाइक मैकेनिक 53 साल के फूल बदन की हत्या का यह सटीक खुलासा मात्र 24 घंटों के भीतर डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार के सफल निर्देशन में किया गया। उनके कुशल निर्देशन में हत्या जैसे संगीन वारदात की घटना का यह सटीक खुलासा पहला नहीं है। देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और इमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली की बेहद तेज तर्रार और व्यवहार कुशल यहां सेंट्रल जोन के डीसीपी आईपीएस प्रमोद



कुमार इसके पहले भी जिन भी जनपदों में पोस्ट रहे हैं। वहां भी अपराधी माफियाओं को भरपूर सबक सिखाते हुए सभी संगीन घटनाओं का भी खुलासा करने में इसी तरह से सफल रहे हैं, जिसका स्पष्ट प्रमाण सेंट्रल जोन का डीसीपी बनाए जाने के पहले उनके दक्षिणी जोन का भी सफल कार्यकाल है। यहां भी उनकी कर्तव्य के प्रति निष्ठा लोकहित में कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में ही अग्रणी रही, जिसका भरपूर लाभ अब सेंट्रल जोन में भी मिल रहा है, जिसका भी प्रमाण फूलबदन हत्याकांड का सटीक खुलासा है।

सेंट्रल जोन के डीसीपी आईपीएस प्रमोद कुमार ने बताया कि इस बीच जब पुलिस ने घटना के वक्त मौजूद रहे दोस्त रमन गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वारदात का खुलासा हो गया। रमन ने बताया कि जब वह सोने के लिए पहुंचा तो बिस्तर और कंबल गायब था, जिस पर उसने फूलबदन से बिस्तर के बारे में पूछा तो उसने गाली गलौज शुरू कर दी। इससे गुस्साए रमन ने फूलबदन को नाली में धक्का दे दिया। इसके बाद पास में पड़ी ईंट से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। इसके बाद बिस्तर पर बिछाकर सो गया।

# 28 हजार के करीब 10वी के परीक्षार्थियों ने हल किया हिंदी का पेपर आज शुरू होगा 12वी बोर्ड का पेपर

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(02मार्च)एक मार्च से माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से आयोजित बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई है। एक मार्च को जिले के 132 परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों ने हिन्दी का पर्चा हल किया। जिला शिक्षा कार्यालय के परीक्षा खंड से मिली जानकारी अनुसार एक मार्च को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित दसवीं बोर्ड के हिन्दी प्रश्नपत्र में कुल दर्ज 22,589 परीक्षार्थियों में 21,797 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 792 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

बोर्ड परीक्षाओं के निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थी पहुंच गए थे। जिन्हें समयानुसार परीक्षा शुरू होने के 10 मिनट पहले उत्तर पुस्तिका और पांच




मिनट पहले प्रश्नपत्र का वितरण किया गया। हालांकि किसी प्रकार का कोई नकल प्रकरण सामने नहीं आया।

2 मार्च से जिले के 119 परीक्षा केंद्रों में बारहवीं के कुल दर्ज 21,316 परीक्षार्थी के बैठने की व्यवस्था की गई है। जिसमें 1253 स्वाध्यायी और 49 दिव्यांग परीक्षार्थी हैं। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। दो मार्च को हिन्दी का पहला पेपर होगा। सभी परीक्षार्थियों को सुबह 8.30 बजे तक परीक्षा केंद्रों में पहुंचना अनिवार्य होगा।

# 10वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या,जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(02मार्च) कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत नांदी निवासी एक छात्रा का शव बुधवार को फंदे पर लटकता मिला। जानकारी के अनुसार शीतल उर्फ सपना सलामे (17 वर्ष) पिता ईशुलाल सलामे कक्षा 10वीं की छात्रा थी। उसने अपने घर के पंखे पर फांसी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली।



कटंगी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किशोरी का शव फंदे से उतारा। पुलिस ने पंचनामा आदि के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी भेजा है। पुलिस ने बताया कि नाबालिग ने फांसी क्यों लगाई है, यह पता कर रहे हैं।

# छिट मेची नदी के सामान्य गति पर लौटने से किसान और स्थानीय निवासी खुश हैं

**रंजीत कुमार पोद्दार संवाददाता समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : नदी के बहाव को सामान्य रूप दिए जाने के बाद किसान और स्थानीय निवासी खुश हैं। मालूम हो की खोरीबाड़ी के सिंघ्याजोत में छिट मेची नदी की धारा बदलने के मामले में छह फरवरी को एक निजी केसर के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी थी। मद्देनजर खोरीबाड़ी थाने की पुलिस ने घटना की जांच की, मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। अंत में, सिलीगुड़ी महकमा परिषद ने संकटग्रस्त नदी के मार्ग को बहाल करने के लिए कदम उठाए। दूसरी ओर, नदी का बहाव सामान्य होने से निवासी और स्थानीय किसान खुश हैं। साथ ही महकमा परिषद का आभार व्यक्त किया। इस संबंध में सिलीगुड़ी महकमा परिषद के वन एवं भूमि अधिकारी किशोरी मोहन सिंह ने कहा कि अवैध रूप से नदी का मार्ग बदल दिया गया था। खोरीबाड़ी ब्लॉक मुख्य रूप से एक कृषि क्षेत्र है, मद्देनजर खेती करने में कोई कठिनाई न हो। इसको देखते हुए नदी के मार्ग को सामान्य रूप से बहाल करने के लिए कदम उठाए गए हैं। स्थानीय आनंद कुमार प्रसाद ने कहा, यह बहुत अच्छा है कि प्रशासन हमारी बात सुन रहा है। नदी के बहाव को सामान्य किए जाने से क्षेत्र के हजारों किसानों को लाभ होगा।



# घर में घुसकर मारपीट कर दंपत्ति को गंभीर रूप घायल करने वाले आरोपियों के ऊपर मामला दर्ज

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(02मार्च)वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम पुनी में बीती रात सोते हुए परिवार के ऊपर सात लोगों ने पति-पत्नी पर लाठी, डंडों से हमला कर घायल कर दिया।जिन्हें ग्रामीणों के बीच-बचाव के बाद उपचारार्थ हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुनी में घटित इस मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि एक दिन ग्राम के किसी परिवार के यहां आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम में 40 वर्षीय राजाबाबू पिता जयकिशन बिसेन का ग्राम के ही सुजीत ठाकरे से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जहां उपस्थित लोगों ने मामले को शांत कराया। इसी रंजिश पर हरेलाल ठाकरे, शिवलाल ठाकरे, कृष्णा ठाकरे, चमरू ठाकरे, विकास ठाकरे, सुजीत ठाकरे और पवन ठाकरे ने रात लगभग 11.30 बजे राजा बाबू के घर में हमला बोल कर बिसेन परिवार को गंभीर रूप से घायल कर दिया।



आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से पहले घर की बिजली काटी और फिर दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसकर परिवार के साथ सो रहे राजा बाबू को उठाकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस बीच बीच-बचाव करने आई राजा बाबू की पत्नी 27 वर्षीय गायत्री और दो बच्चों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घटना की आवाज सुनाकर पहुंचे ग्रामीणों ने राजा बाबू उसके परिवार को बचाया और गंभीर रूप से घायल राजा बाबू और उसकी पत्नी गायत्री को एम्बुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।इस मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस ने जाँच शुरू कर दिया है।

# किशोरियों को आत्मसुरक्षा,शिक्षा और बाल अपराध जैसे विषय पर किया गया आयोजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(02मार्च)महिला बाल विकास विभाग के निर्देशन में आवाज संस्था के द्वारा किशोरी बालिकाओं और महिलाओं के आत्म विश्वास को बढ़ाने और उन्हे सामने आकर अपनी बात रखने के लिए प्रोत्साहित करने एक सप्ताह का कार्यक्रम सखी उत्सव आयोजित किया जा रहा है।

बैहर ब्लॉक के ग्राम कोयलीखापा, कुगांव, जैतपुरी, सामरिया, धीरी, खजरा, घुईटोला, भालापुरी, सिजोरा तथा कदला पंचायत में कार्यक्रम कर महिला सुरक्षा, किशोरियों को शिक्षा, बाल अपराध रोकथाम जैसे मुद्दों पर खुले मंच पर सखी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमे शौर्यादल की महिलाओं ने और किशोरियों ने खूब बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान अन्य गतिविधी भी की गई जैसे दौड़, चम्मच दौड़, पिट्ठू, कबड्डी, खो-खो इत्यादि का आयोजन किया गया '

आवाज संस्था द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश, बच्चों के साथ होने वाली हिंसा के मामलों में शीर्ष स्थान पर है। बाल हिंसा में भी बच्चों का गुमना या उनका दुव्यार्पार एक ऐसा विषय है जिसे लेकर जनमानस में जागरुकता की बहुत कमी है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो इन विषयों की गंभीरता समझने के लिए न संसाधन हैं और न ही अवसर। बाल संरक्षण को सुनिश्चित करते हुए समुदाय को जागरुक करने के लिए जरूरी है कि वहाँ के किशोर-किशोरियों की सहभागिता को बढ़ावा दिया जाए। हमारे अनुभव यह भी बताते हैं कि किशोरों/लड़कों के पास तो कई बार गाँव से बाहर, शहर जाकर खोजने के कई अवसर होते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है और वे समाज से जुड़े मुद्दों को भी जान-समझ पाते हैं, लेकिन तुलनात्मक रूप से किशोरियों के पास इन अवसरों की काफी कमी रहती है।




आवाज जन कल्याण समिति, बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर राज्य में अलग-अलग तरह के हस्तक्षेप कर रही है ' जिसमे हर पंचायत की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शौर्यदल बहन जी, सीडीपीओ बैहर, सेक्टर सुपरवाइजर तथा आवाज जिला समन्वयक श्री शिवगिरी गोस्वामी, ब्लॉक समन्वयक प्रवीण शांडिल्य, शौर्यदल समूह और समुदाय भी उपस्थित रहे

# सामाजिक कुरीतियों और लोकशाही की बुराईयों को दूर करती है पत्रकारिता - श्री रामलाल रौतेल

## उत्पादन से समृद्ध और शक्तिशाली बनता है राष्ट्र - कमिश्नर श्री राजीव शर्मा

पत्रकार देवऋषि नारद की भूमिका निभाता है सरकार और जनता के बीच पुल है- शारदा अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण श्री रामलाल रौतेल ने कहा है कि सामाजिक कुरीतियों और लोकशाही की बुराईयों को पत्रकारिता दूर करती है। उन्होंने कहा कि राजनीति और समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने का प्रयास पत्रकारिता ने जिम्मेदारी के साथ किया है और निरन्तर कर रही है। इस कार्य में पत्रकारिता ने अहम भूमिका निभाई है। अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण श्री रामलाल रौतेल ने आज अनूपपुर में एम.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन संभागीय इकाई शहडोल के तत्वावधान में आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह एवं वार्षिक कलैण्डर विमोचन कार्यक्रम को संबोधित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा ने कहा कि कोई भी देश उत्पादन से समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनता है। उन्होंने कहा कि देश समृद्ध और शक्तिशाली बने इस हेतु हमें उत्पादन बढ़ाने के लिए संसाधन बढ़ाने पर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के सर्वांगीण विकास के लिए हमारे सामाजिक मूल्य अच्छे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा समाज विश्व का एक ऐसा समाज है। जिसमें एक वर्ष में दो बार मां की शक्ति की पूजा होती है। कमिश्नर ने कहा कि सनातन धर्म विश्व का ऐसा धर्म है जो सभी को स्वतंत्रता और प्रजातंत्र की सीख देता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का मतलब जिम्मेदार नागरिक बनकर अपनी जिम्मेदारियों को निभाना है। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले के लोग ऊजार्वान है।




गंगा मैया को पानी देने वाली पुण्य भूमि के लोग हैं। यहां की पत्रकारिता समाज को नई दिशा देने का कार्य करेगी।

समारोह को एम.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री राधा वल्लभ शारदा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकार को संविधान में कोई स्थान नहीं है। वह पुल की भूमिका निभाता है। जनता की आवाज सरकार तक एवं सरकार के कार्य जनता तक पहुंचाता है। पुराने समय में देवऋषि नारद की भूमिका पुल की तरह थी। पत्रकार को समय की पाबंदी का ध्यान रखना होगा, अन्यथा वह नकलची होगा। श्री शारदा ने कहा कि पत्रकारों को राज्य सरकार की पत्रकारहित की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। श्री शारदा ने स्पष्ट किया कि सरकार की बीमा योजना पत्रकार एवं उनके परिवार के हित में है। ग्रामीण अंचल के पत्रकारों को नियुक्ति पत्र एवं वेतन आयोग के अनुसार वेतन मिलना चाहिए। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार पत्रकारों को बीमारी के अवसर पर आर्थिक रूप से मदद करती है। पत्रकारों को एकजुट होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर परिषद जैतहरी श्री उमंग अनिल गुप्ता, अध्यक्ष नगर परिषद बरगवां श्रीमती गीता गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष नीरज गुप्ता, संभागीय महासचिव श्री आनंद पाण्डेय, जिला अध्यक्ष श्री अभय पाठक, श्री विजय पंडा एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

# दार्जिलिंग जिला सीपीआईएम ने नक्सलबाड़ी से जनमत संग्रह कार्यक्रम की शुरूआत

**रंजीत कुमार पोद्दार संवाददाता समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : सिलीगुड़ी महकमा परिषद विकास कार्य में विफल व 12 सूत्री मांगों के समर्थन में दार्जिलिंग जिला सीपीआईएम ने बुधवार को नक्सलबाड़ी से जनमत संग्रह कार्यक्रम की शुरूआत की। माकपा ने जनता के हस्ताक्षर एकत्र कर सिलीगुड़ी महकमा परिषद का घेराव करने की चेतावनी दी। इस दिन नक्सलबाड़ी के पार्टी कार्यालय से लेकर पूरे नक्सलबाड़ी में लोगों के हस्ताक्षर लिए गए। माकपा जिला सचिव समन पाठक, सीटू जिला अध्यक्ष गौतम घोष, नक्सलबाड़ी एरिया कमेटी सचिव विकास चक्रवर्ती सहित अन्य मौजूद रहे। इस दौरान समन पाठक ने कहा कि पूरे महकमा में भू-माफिया और रेत का कारोबार चल रहा है। गांव के लोगों को क्षेत्र में शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। मद्देनजर 12 सूत्री मांगों के समर्थन में जन हस्ताक्षर कार्यक्रम शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि एक लाख लोगों से इस जनमत संग्रह को लेकर नक्सलबाड़ी से शुरू होकर सिलीगुड़ी अनुमंडल परिषद का घेराव किया जायेगा। यह कार्यक्रम 15 मार्च तक चलेगा। साथ ही सीटू जिलाध्यक्ष गौतम घोष ने महकमा परिषद के कार्य को लेकर रोष व्यक्त किया।



# 22 लीटर अवैध अंग्रेजी कीमत 6650 रू बिक्री करते पाए जाने पर चचाई पुलिस ने किया जप्त

**बी एल सिंह समाज जागरण**

अनूपपुर/चचाई नवागत पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार के द्वारा अवैध कार्यों पर रोक लगाने के लिए समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया था उसी एवज में चचाई नगर निरीक्षक बी.एन.प्रजापति द्वारा लगातार अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों पर कार्यवाही की जा रही जिस पर 1 मार्च 2023 को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि आरोपी विवेक सिंह पिता सूर्यप्रकाश सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी पटनाकला थाना चचाई के पास से हंटर कंपनी की बियर 11 बाटल, पावर 1000 कंपनी की बाटल 10 नग, गोवा कंपनी का चार पाव, प्लेदन देशी शराब 03 पाव, कुल 14.910 लीटर कुल कीमती 4250 रुपए की व आरोपी संत सिंह नायक पिता स्व0 प्रेमा नायक उम्र 56 साल नि0 खम्हरिया थाना चचाई के पास से अवैध शराब हंटर बियर 07 बाटल, पावर 1000 कंपनी की बियर 05 बाटल कुल 12 बाटल, 07 लीटर 800 मिली ग्राम, . कीमती 2400 रुपए कुल कीमती 6650 रुपए की जप्त की जाकर अपराध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पंवार पुलिस (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के कुशल निर्देशन में एवं एसडीओपी सुश्री कीर्ति सिंह बघेल के कुशल नेतृत्व में टीम गठित कर थाना प्रभारी निरी. बी.एन. प्रजापति, उनि0 संजय खलखो, सउनि महिपाल प्रजापति, प्र0 आर0 जयबहादुर सिंह, म0 आर0 अंकिता पटेल, आर0 चालक अरविन्द परमार की अहम भूमिका रही।



# शिशु शिक्षा मंदिर मुसेपुर में विज्ञान मेला का आयोजन सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण) सदर प्रखंड के मुसेपुर स्थित बीएनएसएस मंदिर में को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। इसका शुभारंभ कोठिया पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार सिंह, पूर्व जिला पार्षद राजेंद्र राय, स्थानीय पूर्व मुखिया मुन्ना कुमार, प्रोफेसर मोतीलाल राय, समाजसेवी अजय कुमार राय एवं शिक्षक धर्मनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से किया। वहीं प्रदर्शनी में

पलक, स्वेच्छा, खुशी, आदिति, रितिका, अनुष्का, निशा अमीषा, सोनाली, सुधांशु, अंकित, प्रिंस, तेजस्वी, उमंग सहित दर्जनों विद्यार्थियों ने फिजिक्स, कैमेस्ट्री और बायोलॉजी व होम साइंस से संबंधित मॉडल व प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। वहीं सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बच्चों को साइंस डे और विकास में विज्ञान की भूमिका के बारे में बताया। बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों ने भी अपने मॉडल से दर्शा दिया है कि छोटे बच्चों को भी विज्ञान की काफी समझ है। साइंस डे को मनाने का यही उद्देश्य है कि हमारे बच्चे विज्ञान विषय में रुचि लें। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 21 साइंस के मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें प्रमुख रूप से सिस्मोग्राफ, कूलर, ज्वालामुखी, 3ऊ होलोग्राम, एटीएम मॉडल, सोलर प्लांट, ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, विड मिल, सोलर सिस्टम, प्रोजेक्टर, मिक्सर, इलेक्ट्रिक बेल, हाइड्रोलिक लिफ्ट, टेलीस्कोप, वाटर प्यूरीफायर, एटीएम कैश, रेन वाटर हार्वेस्टिग, विड प्रोड्यूसिग इलेक्ट्रिक, मॉडल शोइंग डे एंड नाइट, इलेक्ट्रिक फैन, कैलिडियोस्कोप आदि के माडल प्रस्तुत किए। वहीं विद्यालय के निदेशक सत्येंद्र नारायण सिंह ने बच्चों व शिक्षकों को साइंस डे की बधाई दी एवं बच्चों के मॉडल को देखकर उनकी कार्यों की सराहना की।जिसके बाद प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे मॉडल को पुरस्कृत किया गया।



इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ-साथ अन्य बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# बरात मे दो बाईक हुई चोरी,अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

बनोयापुर (सारण) थाना क्षेत्त के बेरुई गाव मे बरात मे दो बाइक की चोरी अज्ञात चोरो द्वारा कर लीग गयी है।

दर्ज प्राथमिकी मे पीड़ित अनिल सिंह ने बताया है कि दरवाजे पर बरात मे जयमाला का कार्यक्रम व्हल रहा था।खाना के बाद जन बाईक के पास गया तो देखा कि गोरेया कोठी सिवान के दिनेश पाण्डेय तथा बेरुई के शत्रुघन साह की बाइक अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गयी है।जिस मामले मे अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।इधर पिछले दिनों बाईक चोरी की घटनाओ से इलाके मे दहाश्त का माहौल है।

# महिला को गाव वालो ने मारपीट कर किया जखमी

**दैनिक समाज जागरण**

बनियापुर (सारण) स्थानीय थाना क्षेत्र के मिस्कारी टोला गाव मे शौच करने गयी महिला को प्रताड़ित करते मारपीट करते जख्मी कर दिए जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

घटना मे पीड़ित मदीना खातून उर्फ लाखो खातून ने बताई है कि शौच के लिए घर से खेत मे गयी थी तभी गाव के वारिस मिया मेरा हाथ पकड़ लिया जिसका विरोध करने पर लाठी डंडे से मारपीट करने लगा तब तक शोर सुनकर और लोग आ गए तब तक साबिर मिया मौजमील मिया शमीमा खातून शहंशज खातून आ कर मारपीट कर जख्मी कर दिया।जिसके बाद इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया।मामले मे पुलिस अनुसन्धान मे जुट गयी है।

# असम करीमगंज जिला के दुल्लभछड़ा चाय बागान खंड 68 की जलाशय से गुमशुदा नंदलाल भर की लाश बरामदः हत्या की आशंका

**असम करीमगंज संवाददाता सचिन्द्र शर्मा दैनिक समाज जागरण**

करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र के सिपाछड़ा झुग्गी निवासी नंदलाल भर (40), दुल्लभछड़ा चाय बागान के अस्थायी कर्मचारी। वह 24 फरवरी को अपने घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसे काफी तलाश के बाद नहीं मिला.भाई शंभू भर ने 26 फरवरी को राताबाड़ी थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया. लेकिन 27 फरवरी को दुलभछड़ा चाय बागान के सेकसन 68 के जलाशय के पास पैंट देखे जाने पर परिजनों का शक और बढ़ गया और उन्होंने राताबाड़ी थाने के साथ-साथ राताबाड़ी विधायक विजय मालाकार को सूचना दी. राताबाड़ी पुलिस प्रशासन ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए शव को जलाशय से पोस्टमॉर्टम के लिए करीमगंज सिविल अस्पताल भेज दिया. आधिकारिक नियमों को पूरा करने के बाद 28 फरवरी को



अंतिम संस्कार किया गया। हालांकि परिजनों का कहना है कि नंदलाल भर की हत्या की गई है। उन्होंने कारण बताया कि शव के चेहरे पर खून और गले पर काला निशान था, जिससे यह साबित होता है कि उसकी हत्या दम घुटने से की गई है। उन्हें शक है कि इसमें पड़ोसी शामिल हैं। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के आधार पर हत्याकांड में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए राताबाड़ी पुलिस प्रशासन, विधायक विजय मालाकार सहित करीमगंज सांसद कृपानाथ माला का ध्यान आकृष्ट कराया.

# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुकेश गर्ग ने एसडीएम बरवाला के नाम सुपरिंडेन्ट को सौंपा ज्ञापन

हरियाणा /हिसार (राजेश सलूजा) : कांग्रेस प्रदेश महासचिव (अर्बन लोकल बॉडी) व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुकेश गर्ग ने नगरपालिका कार्यालय बरवाला में एवं नगरपालिका की बैठकों में पार्षदों के परिवार वालों द्वारा हस्तक्षेप व बैठको में बैठना तुरंत प्रभाव से बंद करवाए जाने को लेकर एसडीएम बरवाला के नाम सुपरिंडेन्ट रामकरण को ज्ञापन सौंपा गयो एसडीएम बरवाला डॉ अशवीर सिंह नैन ने तुरंत प्रभाव से नगरपालिका सचिव बरवाला को आगामी कार्यवाही हेतु लिख दिया गया है वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुकेश गर्ग ने बताया कि नगरपालिका बरवाला की बैठकों व अन्य सरकारी कार्यों में पार्षदों के परिवार वालों का हस्तक्षेप रहता है पार्षद प्रतिनिधि कहकर जनता को गुमराह किया जा रहा है कई बार तो जनता को पता ही नहीं चलता कि पार्षद कौन है पार्षद प्रतिनिधि वाला मामला कई वर्षों से चला आ रहा है जबकि कानून में प्रतिनिधि जैसा कोई भी पद नहीं है वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुकेश गर्ग ने प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका की बैठकों व सरकारी कार्यालयों में पार्षदों के परिवार वालों का हस्तक्षेप तुरंत प्रभाव से बंद करवाए जाने की मांग की है

## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दो की मौत व तीन गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण संवाददाता**
**बेतिया**

नरकटियागंज-बेतिया मुख्य मार्ग में साठी थाना क्षेत्र के सतवरिया जामुनबाड़ी के पास मंगलवार की देर शाम दो समय अलग-अलग घटनाओं में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो की मौत तथा 3 घायल हो गए है। मृतक में एक थाना क्षेत्र के सतवरिया गांव निवासी मुकेश राम (15) दूसरा सोमगढ़ निवासी सुनील कुमार पांडेय (25) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में सतवरिया गांव निवासी वीरा राम का पुत्र रामू (21) उसका बहनोई लौरिया थाना के लिपनी निवासी सुनील राम (22) का इलाज गोरखपुर में चल रहा है। जबकि सोमगढ़ निवासी इस्लाम मियां का पुत्र लड्डू आलम उम्र 30 को पुलिस द्वारा घटनास्थल से उठाकर चनपटिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहीं रामू राम और सुनील राम को ग्रामीणों ने इलाज हेतु चनपटिया भर्ती कराया। जहां इन तीनों की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच भेजा गया। मुकेश राम को इलाज के दौरान बेतिया में मौत हो गई। वहीं सुनील कुमार पांडे की मौत पटना पीएमसीएच में हो गई। जबकि लड्डू आलम का इलाज पटना में जारी है। जो जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। वहीं दूसरी तरफ रामू राम का इलाज गोरखपुर कराया जा रहा है। बुधवार की को मुकेश राम का शव जैसे ही सतवरिया गांव पहुंचा गांव में मातमी सन्नाटा एवं चिख-पुकार मच गया। जबकि सोमगढ़ निवासी सुनील पांडे का शव खबर लिखे जाने तक गांव नहीं पहुंचा था। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि 2 की मौत एवं तीन घायलों की सूचना प्राप्त हुई है। लेकिन परिजन द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन प्राप्त होते ही अग्रसर कार्रवाई की जाएगी। सतवरिया के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मुकेश राम और सुनील राय,रामु राम चनपटिया से दवा खरीद कर अपने गांव सतवरिया वापस आ रहे थे। जबकि सोमगढ़ के सुनील पांडे एवं लड्डू आलम एक शादी समारोह से घर वापस आ रहे थे। मुकेश के परिजनों ने ने बताया कि मुकेश गांव के ही साइकिल दुकान पर काम कर रहा था और वही सुनील पांडे के परिजनों ने बताया कि सुनील के मां-बाप बचपन में ही गुजर गए भाई अनिल पांडे और भौजाई के द्वारा लालन-पालन हुआ सुनील पेसे से बेतिया के किसी निजी कोचिंग सेंटर में पढ़ाने का काम करते थे सुनील पांडे की शादी 19 /5/2023 को अरेराज पूर्वी चंपारण के किसी गांव में तय हुई थी सुनील पांडे के कमाई से ही घर चलता था इधर युवा भाई के असमय मौत से उनके परिजन एवं बड़ा भाई अनिल पांडे सन है

## डिजिटल ट्रांजेक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**समाज जागरण संवाददाता**
**कृष्णकांत तिवारी बगहा**

रामनगर कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देशन में नगर परिषद रामनगर परिसर में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत पी एम स्वनिधि योजना के लाभुकों को स्वनिधि से समृद्धि के तहत डिजिटल ट्रांजेक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस प्रशिक्षण का शुभारंभ माननीय सभापति प्रतिनिधि , माननीय उपसभापति प्रतिनिधि, कार्यपालक पदाधिकारी एवं अग्रणी जिला प्रबंधक बेतिया द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आरंभ में नगर मिशन प्रबंधक विनोद कुमार सिंह द्वारा पी एम स्वनिधि योजना पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा स्वनिधि से समृद्धि स्कीम पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक शाखा रामनगर के शाखा प्रबंधक द्वारा उपस्थित वेण्डरों को डिजिटल ट्रांजेक्शन का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया गया तथा डिजिटल ट्रांजेक्शन से होने वाले कैशबैक पालिसी के बारे में जानकारी प्रदान की। शाखा प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक शाखा रामनगर के द्वारा उपस्थित वेण्डरों को डिजिटल ट्रांजेक्शन का प्रशिक्षण दिया गया और साथ क्युआर कोड के लिए आवेदन फार्म भी उपलब्ध कराया गया। शाखा प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक शाखा भावल के द्वारा डिजिटल ट्रांजेक्शन



का प्रशिक्षण दिया गया तथा यूनो ऐप के प्रयोग के बारे विस्तार पूर्वक बताया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम के इस क्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक बेतिया द्वारा उपस्थित वेंडरों को स्वनिधि से समृद्धि स्कीम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और वेण्डरों अपने संबंधित बैंक का क्यूआरकोड प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी श्रीऋषिकेश अवश्थी ने उपस्थित वेंडरों को डिजिटल ट्रांजेक्शन के लाभ के बारे में बताया,ए डी बी शाखा प्रबंधक द्वारा डिजिटल ट्रांजेक्शन से होने वाले कैश बैक पालिसी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 115प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे माननीय उपसभापति प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित शहरी फुटपाथ विक्रेताओं को डिजिटल ट्रांजेक्शन के प्रेरित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामुदायिक संगठक , सामुदायिक संसाधन व्यक्ति रोशन आरा, निवेदिता, गीतांजलि, सहजादी, गुलनाज, नजराना, पिंकी,नीलम, अनीता, तबस्सुम, प्रियंका,नीलू,आदि उपस्थित रहीं।

## वैश्य एकता मंच के अध्यक्ष प्रो0 ज्योतिषचंद्र साह और सचिव अमित पूर्वे बने

**दैनिक समाज जागरण**

फारबिसगंज के स्थानीय पटेल चौक स्थित शीतल साह गोला में फारबिसगंज वैश्य समाज के सैकड़ों सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में अभिभावक हरगोविंद राउत जी के अध्यक्षता में बैठक के बाद वैश्य समाज के नई कमेटी का गठन वैश्य एकता मंच के नाम से हुआ , वैश्य एकता मंच के नई कमेटी में प्रोफेसर ज्योतिष चंद्र साह को अध्यक्ष और राजद जिला उपाध्यक्ष , कुशल संगठन कर्त्ता अमित पूर्वे को मंच का सचिव बनाया गया, मंच के कमेटी को बटवृक्ष का रूप देते हुए 15 संरक्षक, 25 मार्गदर्शक , 21 विशेष आमंत्रित सदस्य के साथ कमेटी का विस्तार किया गया । कमेटी में रजत रंजन उर्फ राजू साह , होली साह , राजकुमार मंडल , राकेश बंसल को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष बनाया गया तो वही श्री बबलू साह ,राहुल रंजन, संतोष केसरी एवं कामेश्वर जयसवाल को उप सचिव बनाया गया तथा अभिषेक नीरज उर्फ बबलू एवं रंजन भगत को कोषाध्यक्ष बनाया गया। अविनाश कनोजिया उर्फ अंशु को मीडिया प्रभारी तो आदर्श जायसवाल को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया । नई जिम्मेदारी संभालते हुए वैश्य एकता मंच के सचिव अमित पूर्वे ने सभा को ऊर्जा भरते हुए कहा वैश्य समाज सदियों से ही समाज के पोषक रहे हैं इनका योगदान हमेशा से समाज के हित में रहा है, सभी के साथ रहा है । वैश्य समाज तब तक कमजोर है जब तक



एकत्रित नहीं है, जिस दिन वैश्य समाज एकत्रित हो जाएगा तो उसी दिन से उसे कोई कमजोर कर नहीं सकता है चाहे वह कोई भी क्षेत्र क्यों ना हो, इसीलिए सभी वैश्य को एक विचार के साथ आज के बदलते हालात में एकत्रित होने की बहुत ही जरूरत है जिसमें युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी, बैठक में मुख्य रूप से अभिषेक नीरज , बबलू गुप्ता, ज्योति चंद साह, सुशील प्रसाद नायक, शिवानंद भगत, दिनेश कुमार भगत, पप्पू जायसवाल ,भोला जयसवाल, राजू महाजन, नंदन साह, बबलू गुप्ता, राजेश गुप्ता , राजकुमार अमित पूर्वे, विशाल आनंद चौधरी ,नवीन कुमार गुप्ता, दिनेश गुप्ता ,मनोज जयसवाल ,कामेश्वर साह ,राकेश रोशन ,होली साह , विवेक कुमार, कामेश्वर जयसवाल, प्रवीण कुमार भगत, सूरज कुमार केसरी ,प्रकाश साह ,राजेश कुमार जायसवाल, अनिल कुमार मंडल, रंजन भगत ,राकेश बंसल ,संतोष भगत, रोशन भगत ,कामेश्वर सोनी, नागेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, अमरेंद्र नारायण, सचिन कुमार गुप्ता, विकास कुमार, रंजीत जयसवाल, आदि सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे

## चार शराबी के साथ दो कारोबारी से कुल बीस लीटर महुआ शराब किया गिरफ्तार भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**उमाकांत साह**

बांका/चांदनः जिला प्रशासन के निर्देश पर लगातार शराब एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान के तहत आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में श्याम जी रजक व पुलिस बल ने चार शराबी को गिरफ्तार कर जुमार्ना हेतु बांका न्यायालय भेज दिया, जिसमें एक शराबी जुमार्ना नहीं देने पर एक महीने की कारावास हेतु जेल भेज दिया गया। जिसकी पहचान झाझा जमुई जिला के हारना गांव निवासी मिथिलेश पूझार पिता स्वर्गीय महावीर पुझार व सुरेंद्र यादव पिता राम प्रसाद यादव एवं आनंदपुर ओपी क्षेत्र के सतभैया गांव निवासी भीखो पुझार पिता देवी पुझार व तालेश्वर पुझार पिता छेदी पुझार के रूप में की गई। चारों शराबी दो अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया था। वहीं दूसरी ओर गुप्त सूचना पर आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एएसआई श्याम जी रजक बुधवार दिवा गस्ती अभियान में कुसुम जोरी पंचायत के दहगिलवा गांव निवासी बसंत दास व गोविंद दास को दस दस लीटर महुआ शराब



के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों गिरफ्तार शराब कारोबारी शराब की कारोबार करता है। जिसके निशानदेही पर दहगिलवा गांव के पश्चिम झाड़ी में छुपा कर रखे कुल बीस लीटर महुआ शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम एवं सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज कर गुरुवार को बांका जेल भेज दिया जाएगा।

## प्रधानाध्यापक की वाहन की धुलाई करते छात्राओं की हुई बीडीओ वायरल

### एसडीओ ने दिया जांच रिपोर्ट के बाद कार्यवाई करने का आश्वासन

**पालीगंज संवाददाता वेद प्रकाश**
**समाज जागरण**

पालीगंज/ कुछ दिनों पूर्व स्थानीय बाजार स्थित उच्च विद्यालय के छात्रावास में रह रही कुछ छात्राओं द्वारा प्रधानाध्यापक के वाहन धुलाई करते हुए बीडीओ वायरल हुई है। जिसको लेकर पालीगंज एसडीओ ने मामले की जांच रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाई करने की आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व पालीगंज बाजार स्थित उच्च विद्यालय परिसर से एक बीडीओ वायरल हुआ है। जिसमे कुछ छात्राओं को प्रधानाध्यापक दुलारचंद पासवान की गाड़ी धुलाई करते हुए देखा जा रहा है। इस सम्बंध में मंगलवार को जब एक अखवार के संवाददाता ने मामले की जानकारी के लिए प्रधानाध्यापक को फोन



किया तो प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में बुलाया। जब संवाददाता प्रधानाध्यापक के कार्यालय में पहुंचा तो उसे बिना अनुमति कार्यालय के अंदर आने का हवाला देते हुए प्रधानाध्यापक ने संवाददाता के साथ अभद्र ब्यवहार किया व कड़ी आवाज में संवाददाता को विद्यालय से बाहर निकल जाने को कहा। वहां से संवाददाता ने बाहर निकल गया। वही संवाददाता ने अनुमंडल कार्यालय पालीगंज पहुंचकर एसडीओ मुकेश कुमार को इस घटना से अवगत कराया।

इस मामले में पालीगंज एसडीएम मुकेश कुमार ने कहा की मामले की जानकारी मुझे मिली है। जिसकी पालीगंज बीईओ की जांच रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाई किया जाएगा।

## बाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार एवं अनुष्का एकेडमी के निदेशक नीरज कुमार श्रीवास्तव ने किया सम्मानित

### सांसद सुनील कुमार ने कहा यह पहली बार ऐसा चंपारण में हुआ जहा एक पत्रकार को हजारों हजार लोग सम्मानित कर रहें हैं

**समाज जागरण संवाददाता**
**कृष्णकांत तिवारी बगहा**

चम्पारण के लाल ने चम्पारण ही नहीं बल्कि पूरे बिहार का नाम रौशन किया हैं स्वतंत्र मीडिया परिषद पत्रकार संघ के दूसरे बार प्रदेश अध्यक्ष बनने पर आफताब रौशन को बाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने सम्मानित किया साथ ही अनुष्का एकेडमी विद्यालय के निदेशक अपने स्कूल के प्रांगण में प्रदेश अध्यक्ष को सम्मानित किए हजारों के सख्या में जन प्रतिनिधि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के सभी पत्रकार लोगों ने दिया बधाई। साथ ही पदाधिकारियों एवं समाजसेवी लोगों के द्वारा भी बधाई दिया गया वही स्वतंत्र मीडिया परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आफताब रौशन ने बताया कि अगले बार 45000 वोट से मैंने अपना जीत दर्ज किया था। इसबार मैने 79786 वोट से अपना एक सानदार जीत हासिल किया हैं। इस चुनाव की घोषणा उत्तर प्रदेश से



किया गया हैं। बोर्ड के अगली बैठक में मुझे प्रमाण पत्र एवं सम्मान पत्र तथा अंगवस्त्र से सम्मानित किया जाएगा। बिहार के प्रदेश अध्यक्ष पद का मुझे शपत दिलाया जायेगा। और साथ ही आफताब रौशन ने बताया कि मेरे विरोधियों को बहुत जबरदस्त झटका लगा है। अब वह यह सोच रहे हैं कि रिश्ते कैसे लगाया जाए मेरे विरोधियों का स्वागत है और वह कल भी मेरे भाई थे और आज भी मेरे भाई हैं मैं किसी का विरोध नहीं करता। मैं सबको अपना भाई मानता हूं चाहे वह कोई भी हो। इस अवसर पर राकेश मिश्रा, माखन कुमार, अरुण कुमार विजय राउत, प्रकाश सिंह, आफताब सिद्दीकी, नीरज कुमार श्रीवास्तव, अभिजित श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव दिलावर खान आदि शिक्षक एवं पत्रकार लोग मौजूद रहे।

## अम्बेडकर के विचारों को जन जन तक पहुंचा रहे जदयू कार्यकर्ता

मनेर। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जदयू के द्वारा चलाया जा रहा अभियान बुधवार को मनेर प्रखंड के 3 पंचायतों में चलाया गया। जदयू नेता सह विधान पार्षद रविंद्र सिंह व पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्रकांत मिश्रा के नेतृत्व में प्रखंड के बलुआ, सराय व बांक पंचायत के विभिन्न महादलित टोलों में घर घर जाकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचार व सुझाव को अपनाने का अनुरोध किया गया। विधान पार्षद रविंद्र सिंह इस बाबत बताया कि पार्टी का यह फैसला है कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सुझाव एवं विचार है उसे जन-जन तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार का यह विचार है कि अगर बाबा साहब के विचार सुझाव पर अगर आप अमल करते हैं तो आप का हक कोई भी मार नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि जदयू का हर कार्यकर्ता टोला मोहल्ला में जा जाकर बाबासाहेब के विचार से लोगों को अवगत कराएगा। मौके पर जदयू महासचिव चंद्रकांत मिश्रा, हुलास मांझी, समाजसेवी प्रनेश कुमार, ओमप्रकाश सिंह, सरपंच लालबाबू सिंह, समाजसेवी रिंकू कुमार, चंदन पटेल, प्रतीक राज, धर्मेंद्र कुमार ,बिट्टू सिंह, कुंदन कुमार, विपिन सिंह, सुबोध कुमार आदि मौजूद थे।

## भरगामा प्रखंड में जानकीनगर शाखा नहर पर पुल निर्माण को जल संसाधन मंत्री ने दी मंजूरी

**मासूम रजा जिला संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

अररिया जिले के भरगामा प्रखंड में जानकीनगर ब्रांच कैनाल के आर. डी. 149.0 पर डी. एल. आर. ब्रिज बनाने पर खर्च होंगे 142.722 लाख रुपये आसपास के कई गांवों के निवासियों को आवागमन में होगी सुविधा

पटना, अररिया जिले के भरगामा प्रखंड स्थित ग्राम नयानगर, अकरथापा में जानकीनगर ब्रांच कैनाल के आर. डी. 149.0 पर डी. एल. आर. ब्रिज बनाने के प्रस्ताव को जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने स्वीकृति दे दी है। उन्होंने इसके लिए 1,42,72,200 रुपये (एक करोड़ 42 लाख 72 हजार 200 रुपये की राशि को भी स्वीकृति दे दी है। जल संसाधन विभाग की इस योजना से अररिया जिले के भरगामा प्रखंड अंतर्गत अकरथापा, नयानगर, इस्लामपुर, विषहरिया, शहावत, जन्नतपुर, टपरा, हसनपुर इत्यादि गांवों के निवासी लाभान्वित होंगे।

उल्लेखनीय है कि उक्त स्थल पर पहले लकड़ी का पुल था, जो वर्तमान में क्षतिग्रस्त है और उस पर आवागमन बंद है। नहर के दोनों तरफ पीच रोड निर्मित है। ऐसे में नहर पर नया पुल बन जाने पर अकरथापा और आसपास के अनेक गांवों के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत हो जाएगी। साथ ही जानकीनगर ब्रांच कैनाल को हर साल हो रही क्षति से भी बचा जा सकेगा।

## अपूर्ण आवास लाभुकों को मिला अल्टीमेटम, जल्द आवास बनाने का दिया आदेश, प्रशिक्षण के दौरान आवास निर्माण शुरू

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**उमाकांत साह**

बांकाः चांदन प्रखंड आवास पर्यवेक्षक एवं आवास सहायक को बांका के जिला पदाधिकारी एवं बांका उप विकास आयुक्त के निदेर्शानुसार सभी आवास लाभुकों को हिदायत दी गई है, कि 15 मार्च तक सभी अपूर्ण आवास को पूरा कर लेना है .अन्यथा वैसे अपूर्ण लाभुकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसकी सूचना आवास सहायक एवं पर्यवेक्षक गांव गांव जाकर वैसे लाभुक जिनका मकान 2016-17 एवं 2021-22 अब तक आधी अधूरी है, उनसे संपर्क बनाकर उन्हें मकान बनाने के लिए प्रेरित करना है अन्यथा कार्यवाही अवश्य होगी विभागीय निदेर्शानुसार 24 फरवरी को चांदन ग्रामीणआवास पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार, एवं कोरिया पंचायत आवास सहायक राकेश सिंह के द्वारा भौतिक सत्यापन के तहत क्षेत्र भ्रमण किया गया था। जिसमें राजेश तुरी ग्राम कोरिया, देवी यादव ग्राम पटना, मंजू देवी धबौनी, यशोदा देवी ग्राम डुमरिया, कामेश्वर यादव लोहारी आदि गांव से संपर्क स्थापित कर आवास बनाने के लिए प्रेरित किया। सबों ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द अपूर्ण आवास को पूरा कर लिया जाएगा।इसी कड़ी में 1 मार्च को चांदन के प्रशिक्षु बीडीओ अभिषेक राज, चांदन प्रखंड आवास



पर्यवेक्षक जितेंद्र वर्मा, आवास सहायक रविंद्र कुमार, प्रमोद कुमार आदि का तीन पंचायत धनुवसार,बड़फेरा तेतरीया, एवं उतरी कस्बावसीला पंचायत दौरा कर सभी लाभुकों को आवास जल्द से जल्द बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

जितेंद्र कुमार ने बताया कि सभी लाभुकों को पैसा तो मिल चुका है अगर दो-चार दिन में अपना आवाज बना लेते हैं तो ठीक है अन्यथा बाध्य होकर विभागीय निदेर्शानुसार लाभुकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ-साथ भास्कर फाउंडेशन के द्वारा उप विकास आयुक्त बांका के निर्देश के आलोक में मेंशन ट्रेनिंग अंतर्गत सीलिंग लेवल तक कार्य कर लेने वाले लाभुक को एकमुश्त ₹80000 राशि देने को कहा गया। और राशि होने के उपरांत दस दिन के अंदर आवास पुर्ण करने के लिए सभी लाभान्वित एवं भास्कर फाउंडेशन के सहकर्मी को निर्देशित किया गया।

## शीव स्वीट्स एंड नमकीन का उद्घाटन पूर्व विधान पार्षद सदस्य सह वरिष्ठ जदयू नेता बाल्मीकि सिंह के द्वारा किया गया

**सत्येन्द्र कुमार दैनिक समाज जागरण**

बिहटा -बुधवार को बिहटा चौक के पास शीव स्वीट्स एंड नमकीन का



उद्घाटन पूर्व विधान पार्षद सदस्य सह वरिष्ठ नेता जदयू बाल्मीकि सिंह के द्वारा किया गया, वही उन्होंने नए प्रतिष्ठान के मालिक प्रॉपराइटर लालू मुखिया को बधाई दिए, वही मौके पर मुख्य रूप से स्वागत के लिए जदयू बिहटा प्रखंड अध्यक्ष राजू यादव थे, वही इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक सूर्यदेव त्यागी,समाजसेवी रिंकू सिंह, प्रो विपिन बिहारी, अभय वर्मा, सहदेव राय, सरोज सिंह, राम कुमार मिश्र, विश्वनाथ यादव, शीव कुमार वर्मा, मोहन यादव के साथ सैकड़ो लोग शामिल रहे !

## बिहटा प्रखण्ड जदयू कार्यालय में मुख्यमंत्री जी का जन्म दिवस बड़े ही धूम धाम से मनाया गया

**सत्येंद्र कुमार दैनिक समाज जागरण**

बिहटा -बुधवार को बिहटा प्रखंड जदयू कार्यालय में प्रदेश के माननीय



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 72वा जन्मदिन जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजू यादव की नेतृत्व में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया, जहां केक काट कर और गुलाल लगा कर किया गया, वही राजू यादव ने कहा की जिस तरह से माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार का सेवा किया है हमलोग का मानना है आने वाला समय में वो देश की सेवा करेंगे,वही मौके पर सैकड़ों जदयू करकर्ता मौजुद हो कर जन्मदिन मनाया,वही मौके पे पूर्व विधान पार्षद सह वरिष्ठ जदयू नेता बाल्मीकि सिंह,पूर्व विधायक सूर्य देव त्यागी,सरोज सिंह, शिव कुमार वर्मा,मोहन यादव,बिपिन बिहारी,विश्वनाथ यादव, राम कुमार मिश्रा इत्यादि लोग मौजुद रहे।

## बिहटा के मौदही में आयोजित देवी जागरण मे शामिल हुए प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मुकेश यादव

**सत्येन्द्र कुमार दैनिक समाज जागरण**

बिहटा -प्रखंड अंतर्गत मौदही ग्राम मे आयोजित देवी जागरण मे बीते रात



अपने दल -बल के साथ शामिल हुए बिहटा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मुकेश यादव ! !वही शामिल होने के बाद उन्हें मंच पर भोजपुरी के मशहूर गायिका निशा उपाध्याय ने अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत की, वही मुकेश यादव ने कहा की जागरण मे माता का असली रूप देखने को मिलता है लगता है की पूरा समाज भक्तिपूर्ण हो गया है !वही गोलू राजा ने अपने सुरु से पुरे समाज को प्रफ्फुलित किया !वही मौके पर मुख्य रूप से मौजूद भोजपुरी गायक गोलू राजा,गायिका निशा उपाध्याय, गायक चन्दन यादव, गायक पिंटू यादव,गायक सोनू सरगम सभी ने अपने सुर से सबका दिल जीत लिया, वही मुख्य अतिथि मे प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मुकेश यादव रहे, वही उनके साथ संजीत पासवान, ऐरो ग्रीन सिटी के एमडी फारूक खान के अन्य क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद थे !

## दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी सम्पन्न

मनेर ।हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी बुधवार को संपन्न हो गया। प्रदर्शनी में वर्ग 8 क के प्रियांशु, रॉकी, कार्तिक, सुमन, आशु एवं अनिमेष द्वारा तैयार किए प्रोजेक्ट रोबोटिक आर्म ने प्रथम स्थान पाया, द्वितीय स्थान पर वर्ग 9 क के अनिकेत, विशाल, आर्यन, पूजा एवं रवि का प्रोजेक्ट ड्रीप इरीगेशन व तृतीय स्थान सचिन गौतम आदित्य एहसान अहमद प्रोजेक्ट स्टेट एंड कैपिटल रहा।वही फूड उत्सव में वर्ग 8 क के रॉकी, आंसू, कार्तिक, अनिमेष, प्रकाश, अमन, प्रियांशु, रोहित, गौरव एवं आकाश द्वारा बनाए गए बिहारी लिट्टी चोखा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं के बीच विद्यालय के महासचिव अरुण कुमार एवं प्रधानाध्यापिका आदित्य सिंह ने पुरस्कृत किया इस मौके पर शिक्षक एसपी रंजन कुमार सुनील कुमार ,सुबोध कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

## पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब किया बरामद, वाहन किया गया जप्त,दो तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण निज संवाददाता बौंसी**

बौंसी/बांकाः- बौंसी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 40 पेटी विदेशी



शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि झारखंड की तरफ से एक सफेद रंग का स्कार्पियो वाहन पर भारी मात्रा में विदेशी शराब लेकर तस्कर भलजोर के रास्ते बिहार में प्रवेश करने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक होली को लेकर झारखंड की ओर से शराब माफिया शराब लाने का काम तेजी से कर रहे हैं। बिहार में अधिक मूल्य पर होली के अवसर पर इसे बेची जाती है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि, मुख्य चौक पर पुलिस के द्वारा शराब तस्कर को धर दबोचा गया है। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार तस्कर ने अपनी पहचान मधेपुरा जिला के शंकरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलना गांव निवासी सुखदेव शर्मा का पुत्र नीतीश कुमार और मधेपुरा थाना क्षेत्र के मानपुर निवासी संजय साह का पुत्र सौरभ कुमार के रूप में बताया है। बताया गया कि वाहन से 180 एम एल का टेट्रा पैक और 7 बोतल अन्य शराब कुल 346 लीटर विदेशी शराब जप्त की गई।

# भाजपा ने झारखंड को योजनाबद्ध तरीके से चारागाह और लूटखंड बनाया : मुख्यमंत्री

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी, समाज जागरण, दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल**

राँची ( झारखंड ) विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की पहचान और अलग वजूद बना रहे इसकी जिम्मेदारी सांसद विधायकों के साथ आम लोगों की भी है। हमारे विपक्ष के साथी जोहार शब्द का प्रयोग तो नहीं करते थे लेकिन आजकल पार्टी ऑफिस में ही जोहर का बोर्ड लगा रखा है।नये राज्यपाल और नये मुख्य न्यायाधीश आये हैं, राज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह में चीफ जस्टिस ने भी जोहार शब्द से शुरूआत की थी.आदिवासी लोगों का बड़े-बड़े पदों पर पहुंचना तो दूर की बात है उचित सम्मान नहीं मिल रहा है. हमारी सरकार इसी सोच के साथ काम कर रही है कि गरोब आदिवासी, दलित मूलवासी को सम्मान मिले. हम सबको साथ मे लेकर चलते हैं. हमारी मंशा साफ है कि सबको न्याय मिले. यही वजह है कि जो कार्यक्रम आदिवासी दलितों के लिए शुरू करते हैं तो अन्य वर्ग भी इसकी मांग करने लगते हैं और तब हम कोशिश करते हैं कि सभी को जोड़ लें, वही हम कर रहे हैं.सरकार अपने कार्यों को राज्यपाल के माध्यम से लोगों तक लेकर जाती है। हम पॉजिटिव सोच के साथ सरकार चलाने के प्रयास में हैं, हम चाहते तो अभिभाषण में अपनी तारीफ लिखे हैं तो उनकी नाकामी को भी लिख सकते हैं। 20 सालों में इनको पहली बार ट्रेनिंग मिल रहा है कि कैसे सवालों को उठायें. हम तो अभी सत्ता में आये हैं ये तो लंबे अरसे तक सत्ता में ही रहे हैं.उन्होंने कहा कि बाल विवाह, भ्रूण हत्या की वजह गरीबी और अशिक्षा है. सावित्री बाई फुले योजना से इसपर अंकुश लग रहा है। इस योजना से हम बालिकाओं को शिक्षित कर रहे हैं,बच्ची पढ़ेगी तो आनेवाली पीढ़ी भी शिक्षित होगी,

राज्य बनने के बाद ज्यादातर समय इन लोगों ने सरकार चलायी. ये वापस कैसे आयेंगे ये इसकी चिंता में हैं. यही वजह है कि ये लगातार भ्रष्टाचार, लॉ एंड आर्डर की बात उठा रहे हैं. यह एक दिन में नहीं हुआ है. सारा कुछ इनका किया हुआ है. हम तो इस कीचड़ को साफ कर रहे हैं. विपक्ष के लोग ऐसे समूह से आते हैं जिनके पास असीम शक्तियां हैं. ये वो समुदाय के लोग हैं जो गुजरात को चलाते हैं. पूरे देश को चलाते हैं. महाराष्ट्र को चलाते हैं. तब झारखंड क्यों पीछे रह गया. पिछली बार तो डबल इंजन की सरकार थी फिर विकास क्यों



नहीं हुआ.आज कितने आदिवासी दलित आईएएस, आईपीएस, जज हैं. योजनाबद्ध तरीके से आये विपक्ष ने झारखंड को चारागाह बनाया, लूटखंड बनाया. जीएसटी से सालाना सरकार को 5-6 हजार करोड़ का नुकसान है. ऐसी नीति बनायी कि राज्यों को नुकसान हो. 1985 का कट ऑफ डेट बना कर मिठाइयां बांटी. हाथी उड़ा कर जमीन को लूटा. स्कूलों को बंद कर देते हैं. कहते थे कि झारखंड के युवा रोजगार के लायक नहीं हैं. प्रधानमंत्री से भी झूठ बोलवा दिया.

हेमंत सोरेन ने पूजा सिंघल मामले पर कहा कि पूजा सिंघल इस राज्य की अधिकारी जेल में हैं नहीं, बेल में हैं. मनरेगा घोटाला इनकी सरकार का है. चार्जशीट फाइल होता है. एक भी माइंस का जिक्र नहीं होता है.विपक्ष ने सदन का बहिष्कार किया विपक्ष ने सदन का बहिष्कार किया. आजसू के लंबोदर महतो सदन में थे. परिहास करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दल से उधर के हैं लेकिन दिल से इधर के हैं.जिस खनन की बात कर रहे है उसकी जांच के लिए रिटायर्ड न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआइटी का गठन कर दिया है. वो दिन दूर नहीं जब भारत विश्व का सबसे गरीब देश बन जायेगा. एलआइसी बम जो फटा है उससे सभी हलकान हैं. बैंक की भी दशा यही है. मौजूदा बैंक सुरक्षित नहीं हैं. हम तो कहते हैं कि पैसे बैंक में नहीं रखो पॉलीथिन में रख कर मिट्टी में गाड़ दो.

# स्कूल को दिया रेलगाड़ी का रूप, कंप्यूटर की होती है पढ़ाई

***खेलकूद का दिया जाता है प्रशिक्षण, खेल में जिला स्तर पर जीते हैं कई मेडल***

**समाज जागरण बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल सहयोगी, विश्वनाथ कुमार चौधरी सतबरवा**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड के कसियाडीह राजकीयकृत मध्य विद्यालय अब नए साल में झारखंड एजुकेशन एक्सप्रेस का मॉडल के रूप में अपने प्रगति के पथ पर दौड़ते हुए अपने मंजिल पर पहुंचेगा। इसके ड्राइविंग सीट पर प्रिंसिपल गोविंद प्रसाद विराजमान है ,जो नए नए तरीके से बच्चों के अंदर शिक्षा का अलख जगा रहे हैं।

प्रधानाचार्य गोविंद प्रसाद ने बताया कि 2016 में ,मैं इस विद्यालय में ज्वाइन किया हूं। बच्चों को पढ़ाने की ललक शुरू से है। और बेहतर करने की इच्छा के कारण मैं हमेशा अच्छा करने का प्रयास करता हूं ।इसी प्रयास में एक बार मैं फेसबुक पर केरल के एक विद्यालय का फोटो देखा जिसमें रेलगाड़ी की तरह पेंटिंग किया गया था ।इसी को मैंने अपने विद्यालय में उतारा और विद्यालय को रेलगाड़ी की शक्ल दी। जब मैं इस विद्यालय मैं आया था उस समय उपस्थिति मात्र 50 ,60 हुआ करती





थी ।आज उपस्थिति 250 है। 12 कंप्यूटर तथा एक प्रोजेक्टर से बच्चों की पढ़ाई के साथ बच्चों को खेलने के लिए प्रेरित किया ।आज खासकर लड़कियां फुटबॉल, एथलीट, कबड्डी खेलती है ।जिला स्तर पर कई मेडल जीत चुकी है ।प्रसाद ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर बच्चों को पढ़ाया ।साथ ही उनके घर आकर बच्चों की पढ़ाई के साथ हालचाल जाना। इन्होंने अपना भविष्य का प्लान बताते हुए कहा कि मैं 1 साल के अंदर इस विद्यालय को प्राइवेट स्कूल की तरह बना दूंगा। सभी बच्चे फराटे दार अंग्रेजी बोले यह मेरा अपने आपसे कमिटमेंट है। विद्यालय की खूबसूरती के साथ शौचालय भी खूबसूरत है ।साफ सफाई बेहतरीन है ।साथ में विद्यालय प्रांगण में फूल पौधा भी लगाया गया है।

झारखंड सरकार के विद्यालय का कलर चेंज करने के निर्देश पर इस बार हमने इसे हरा रंग से ट्रेन का शक्ल देकर इसे झारखंड एजुकेशन एक्सप्रेस का नाम दिया हूं।

## भाजपा नेता आसिफ रिजवान खान पर जताया प्रधानमंत्री मोदी ने भरोसा।

***बनाया पसमांदा मुसलमान पोलिटिकल एन्ड वेलफेयर अवेयरनेस आफ इंडिया काउंसिल का झारखंड संयोजक (प्रदेश अध्यक्ष)***

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सरायकेला**

सराय केला (झारखंड) भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगुवाई में पसमांदा मुसलमानों को पार्टी से जोड़ने और उनके समाजिक उत्थान के लिए कार्यरत है, इसी क्रम में एस.फयाजुद्दिन एंव राष्ट्रीय मुस्लिम मंच (फ्रर) के दक्षिण भारत के संयोजक एम.ए.सत्तार के नेतृत्व में पसमांदा मुसलमान पोलिटिकल एन्ड वेल्फेयर अवेयरनेस आफ इन्डिया काउंसिल का गठन भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया गया है, इस क्रम में झारखंड प्रदेश की



जिम्मेदारी झारखंड भाजपा के जाने माने अल्पसंख्यक चेहरा एवं वरिष्ठ नेता आसिफ रिजवान खान को संगठन का प्रदेश संयोजक (प्रदेश अध्यक्ष) के रूप में दिया गया है। नई जिम्मेदार मिलने पर उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा एंव पसमांदा मुसलमान पोलिटिकल एन्ड वेल्फेयर अवेयरनेस आफ इन्डियन काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.फयाजुद्दिन एंव संगठन के राष्ट्रीय संगठन महासचिव एम.ए.सत्तार जी का आभार प्रकट किया।

## एक ही परिवार के 6 विकलांग, सभी को विकलांग पेंशन की स्वीकृति का सर्टिफिकेट।

**समाज जागरण , अनूप कुमार राय, प्रखंड संवाददाता, मधुपुर**

देवघर (झारखंड) मधुपुर शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 लालगढ़ मोहल्ला में एक ही परिवार के सभी लोग विकलांग होने के कारण इस परिवार के घरों में भूखमरी जैसी नौबत थी और ना किसी को इस परिवार पर नजर थी! इसी मोहल्ले के समाजसेवी मसर्रफ हुसैन ने कांग्रेस नेता पूर्व नपा अध्यक्ष जिला 20 सूत्री सदस्य श्री फैयाज केसर को दिया खबर मिलते ही फैयाज केसर 2 जनवरी 2023 को इन परिवार के घर पहुंचे और इसको लेकर सिविल सर्जन देवघर और अंचल अधिकारी मधुपुर से बात की और सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की लाभ अभिलंब पहुंचाने की मांग की ताकि सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजना की मंशा पूरी हो सके सरकार की एक ही एलान है कोई भूखे ना रहे ना भूखा सोए सरकार की योजना से कोई वंचित ना रहे इसका फायदा जरूरतमंदों तक लाचार गरीबों तक



पहुंचे यही सरकार की मंशा है जिसका असर आज देखने को मिला सभी विकलांगों को अंचल कार्यालय मधुपुर में सिविल सर्जन देवघर के द्वारा इन विकलांगों की सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया गया जिसे अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा ने 20 सूत्री जिला सदस्य फैयाज केसर पूर्व प्रमुख सुबल प्रसाद सिंह पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि उमेश सिंह, अमीर हसन की उपस्थिति में विकलांग सर्टिफिकेट उपलब्ध कराते हुए सभी विकलांगों को विकलांग पेंशन योजना की स्वीकृति दी गई! इन्हें मिला विकलांग पेंशन कि लाभ और सर्टिफिकेट 1- शहाबुद्दीन शेख 2- शहजाद शेख 3-आजाद शेख 4-गुड़िया खातून 5- सोनिया खातून!

## सेवानिवृत्त सेना की मेहनत लाई रंग सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन पर सैकड़ों पेड़ लगाकर हरियाली लाकर दिखाया!

**समाज जागरण , संवाददाता,अनूप कुमार राय, मधुपुर(देवघर)**

मधुपुर अगर दिल में जुनून हो और कुछ करने की हिम्मत हो तो इंसान कुछ कर सकता है' ऐसा ही उदाहरण है ! मधुपुर अनुमंडल के करो प्रखंड के सीरिया गांव के एक ही परिवार के 3 सेना कैप्टन ब्यास चौधरी, मनोज कुमार चौधरी, एवं उनके सेना पुत्र अमित कुमार चौधरी ने करके दिखाया' लगभग 4 साल पहले झारखंड सरकार के खोज संस्था के सहयोग से 30 बीघा में 884 आम, काजू और अमरूद का पेड़ लगाकर भगवानी का हसरत पूरा किया' लगाए गए पेड़ में काजू 20 पेड़ और अमरूद के एक दर्जन पेड़ लगाकर प्रखंड क्षेत्र में हरियाली ला दिया है जिसे लोग भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे हैं' झारखंड सरकार द्वारा पटवन के लिए,, में पेड़ के पटवन के लिए दो कु कुआं बनवाया गया जिससे फलदार पेड़ के लिए पटवन का काम किया जाता है ! ज्ञात हो कि उक्त जमीन सरकार द्वारा सेना परिवार को सरकारी रूप में दिया गया था जिसका उपयोग सेना के 1परिवार द्वारा फलदार पेड़ लगाकर किया गया !



फलदार पेड़ के कारण इस साल कम से कम लाखों रुपैया कमाई का जरिया बना' साथ ही सेना कैप्टन द्वारा अपने स्तर से एक डीप बोरिंग भी किया गया है और एक चापाकल भी लगवाया गया है जिससे यहां के लोगों को पीने का जरिया बना है' कई बार पदाधिकारियों द्वारा यहां बागान का निरीक्षण भी किया गया और कैप्टन परिवार द्वारा किए गए कार्य को काफी सराहा गया' वर्तमान में लगभग 420 पेड़ में काफी संख्या में मंजर भी आया है जिसका देखभाल परिवार द्वारा किया जाता है ! व्यास प्रसाद चौधरी जो सेना से सेवानिवृत्त हो चुके हैं बागान का देखभाल कर रहे हैं' वर्तमान में झारखंड सरकार द्वारा और 1 कुआं दिए जाने के बाद ही की मांग कैप्टन परिवार ने झारखंड सरकार से कि है' फलदार पेड़ मंजर देखकर आसपास के लोगों के अलावा सेना परिवार काफी खुशी का इजहार कर रहे हैं' इस बाबत सेना कैप्टन मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि काफी मेहनत करने के बाद ऐसा मुकाम हासिल हुआ है और आने वाले दिनों में और मेहनत करेंगे '

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग , रामचन्द्र पुर के रोनक कपड़ा दूकान के लाखों की संपत्ति जलकर हुई खाक।

**दैनिक समाज जागरण ,अनूप कुमार राय, प्रखंड संवाददाता म मधुपुर**

देवघर ( झारखंड) मधुपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम रामचंद्रपुर में रौनक क्लॉथ में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई जिससे अंदर रखे हुए रेडीमेड वस्त्र जलकर पूरी तरह से खाक हो गए। लगभग लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान के प्रोपराइटर नियाज अंसारी ने कहा कि 2 वर्ष पूर्व ही लंबी बीमारी के कारण पिता स्वर्गीय अख्तर का कम उम्र में देहांत हो गया। तत्पश्चात किसी तरह वह



दुकान चलाकर मां, दो भाई, एक बहन के साथ रहकर जीविकोपार्जन कर रहे थे। कुदरत ने भी साथ नहीं दिया और जिससे अपने विधवा मां भाई बहन को इस दुकान चलाकर परवरिश कर रहे थे आज वह पूरी तरह जलकर खाक हो गए जिससे में पूरी तरह तबाह हो गया हूं ! मैं सरकार से मांग करता हूं सरकारी सहायता करें ताकि मैं फिर से अपने नए ढंग से धंधे को चालू कर सकूं और अपने परिवार भरण पोषण कर सकूं यही सरकार से मांग

## डे-नाल्म के सेप घटक लोन प्राप्तकर्ता समूह की महिलाएं एवं छोटे व्यापारियों उद्यमिता कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण का किया गया अयोजन।

**समाज जागरण, अनूप कुमार राय, प्रखंड संवाददाता, मधुपुर**

देवघर ( झारखंड) नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड रांची के द्वारा मधुपुर नगर परिषद अंतर्गत ऊअ -ठवछट के रएढ घटक में लोन प्राप्तकर्ता समूह की महिलाएं एवं छोटे व्यापारियों का उधमिता कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण किसान भवन मधुपुर में कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर के आदेश अनुसार आरंभ किया गया। प्रशिक्षण में मुक्ता रिनसे व्यापार करना एवं समय रिंग वापसी करना साथ ही नए-नए व्यापार करने का तरीका लोन प्राप्त करने का तरीका एवं बैंक से लेनदेन करने का गुण सिखाया





जाएगा। प्रशिक्षण का कार्य प्राइवेट एजेंसी को दिया गया है एवं कार्यपालक सह अनुमंडल पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्वक एवं रिजल्ट ओरिएंटेड दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री अंशु कु मारी, नगर प्रबंधक विश्वनाथ भगत, एवं निर्मल कुमार ,नगर मिशन प्रबंधक विजय कुमार सामुदायिक संगठनकर्ता सोनू कुमार डाटा एंट्री ऑपरेटर राजीव रंजन एवं प्रभाकर कुमार एवं सामुदायिक संसाधन सेवी एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# चुराए गए बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**समाज जागरण, सुनील कुमार गुप्ता, अनुमंडल संवाददाता चांडिल**

चांडिल (सरायकेला) चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में एसडीपीओ ने किया खुलासा, चुराए गए बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार ' ईचागड़ पुलिस को बाइक चोरी के मामले में सफलता मिला है, पुलिस ने स्थानीय लोगों के मदद से तिरुलडीह से चोरी की बाइक के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है ' गिरफ्तार बाइक चोरी आदित्यपुर का रहने वाला धीरज कुमार तांती एवं सूरज सोए (डाकू) है ' बुधवार को चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में संजय कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि मंगलवार रात को तिरुलडीह से एक बाइक चोरी करके भाग रहा था ' उसी समय सूचना मिलने पर पातकुम मैं चेक पोस्ट लगाया गया ' चेकिंग के दौरान जैसे ही बाइक सवार पहुंचे पुलिस देखकर वापस उल्टी दिशा मे भागने




लगे, पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ा गया ' पुलिस द्वारा गाड़ी का कागजात माँगने पर चोर संतोषजनक पेपर नहीं दिखा पाए ' पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर बाइक चोरों ने बाइक चोरी की बात को कबूल किया ' तिरुलडीह से बाइक चोर, बाइक चोरी कर ईचागढ़ पतकुम चौका होते हुए आदित्यपुर ले जाने की फिराक में थे ' उनके पास से पांच बाईक की चाबी दो मोबाइल फोन मोबाइल फोन ₹9000 नगद पुलिस ने बरामद किया है एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों बाइक चोरी करने में शातिर है ' कई बार बाइक चोरी करने के मामले में जेल जा चुका है ' जिस दिन तिरूल्डीह में बाइक चोरी किया था उसी दिन दोनों ने आदित्यपुर में बाइक चोरी कर इधर आए थे' उसी दिन चोरी की बाईक को ₹10,000 में किसी को बेचा था, जिसमें पुलिस ने उसके पास से ₹9,000 बरामद कर लिया है ' पुलिस अन्य मामले की जांच कर रही है '

## मधुसिंहा गांव में नवनिर्मित काली मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण, शिव कुमार यादव, प्रखंड संवाददाता, सारठ,**

देवघर (झारखंड) सारठ प्रखंड के डिंडाकोली पंचायत के मधुसिंहा गांव में नव निर्मित काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को भव्य कलश



यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मधुसिंघा गांव समेत आस पास गांव की सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई और अजय नदी के घोड़वा घाट से कलश में जल भरकर ढोल नगाड़ों व गाजे बाजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण करते हुए काली मंदिर पहुँची। जहां पर पंडित राजेश राजहंस व बबलू झा ने यजमान मदन यादव व उनकी धर्मपत्नी माधुरी देवी को विधिवत पूजा सम्पन्न कराया। बताया गया कि मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चंडी पाठ के साथ पूजा अर्चना करते हुए अंतिम दिन यज्ञ हवन व कुमारी पूजा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। वहीँ रात्रि में भजन कीर्तन का भी आयोजन होने की बात कही गई। कलशयात्रा में पंचायत के मुखिया प्रमोद राय, पूर्व मुखिया पति संजय मंडल, ग्रामीण शम्भू गुप्ता, रामजी गुप्ता, पप्पू गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सुभाष यादव,समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे। वहीं कलश यात्रा में शामिल लोग जय माता दी के जय घोष कर रहे थे !

## हजारी बाग उपायुक्त तथा उप विकास आयुक्त के द्वारा लॉन्च किया गया पलाश गुलाल।

■ ***फूल और अन्य प्राकृतिक चीजों से पलाश समूह की महिलाएं बनाती हैं गुलाल।***

**दैनिक समाज जागरण, धनंजय कुमार वैद्य, ब्यूरो चीफ मझारखंड (प्रदेश)**

रांची (झारखंड) समाहरणालय हजारी बाग समाहरनालय सभागार में आज

हजारीबाग के दारू प्रखंड के पेटो गांव की महिला समूह पलाश प्राकृतिक रंगों से गुलाल को उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय तथा उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने संयुक्त रूप से लॉन्च किया।

पलाश महिलाओं के स्वयं सहायता समूहो के माध्यम से चलता है। जिसे झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी संचालित करती है। यह संस्था महिलाओं के उत्थान के लिए काम करती है।

पलाश समुह की महिलाएं होली को रंगीन बनाने के लिए अरारोट, पालक, पलाश का फूल, गेंदा फूल, गुलाब फूल, बीट, जैस्मिन तेल, चंदन और मुल्तानी मिट्टी से हर्बल गुलाल बनाती हैं। गुलाल पूरी तरह ऑर्गेनिक एवं केमिकल रहित है। जिसके कारण त्वचा को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता है। क्योंकि यह उन्हीं चीजों से निर्मित है जिन्हें हम अपने खानपान में इस्तेमाल करते हैं।

इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि इस हर्बल गुलाल की



डिमांड राज्य स्तर से भी होने लगी है यह पूर्णता प्रकृति से प्राप्त वस्तुओं से निर्मित है। इसके माध्यम से कई महिलाओं रोजगार के साथ आर्थिक समृद्धि प्राप्त होने लगी है।

# सड़क हादसा मे युवक की दर्दनाक मौत।

**दैनिक समाज जागरण, दिलीप कुमार साहू प्रखंड संवाददाता म बुंडू प्रखंड**

राँची झारखंड तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रायडी मोड में एक चेचिस की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया ' जिसे पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु तमाड़ पहुंचाया गया ' वहाँ से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे रांची रिम्स बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया या रास्ते में उसने दम तोड़ दिया जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया' वहीं पुलिस ने चेचिस को भी जप्त कर लिया '




## विधानसभा सदन में ईचागढ़ के लोकप्रिय विधायक श्रीमती सविता महतो ने हाथी से नुकसान का उठाया मामला।

**दैनिक समाज जागरण, सुनील कुमार गुप्ता, अनुमंडल संवाददाता चांडिल**

सरायकेला (झारखंड) ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्रीमती सविता महतो ने बुधवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान क्षेत्र में हाथियों के उत्पात का मामला उठाया. हाथियों के झुंड का उत्पात मचाया जाना विकराल समस्या बन गई है ' आए दिन जंगली हाथियों का झुंड किसी ना किसी गांव में जान व माल का नुकसान करते रहते हैं ' कई क्षेत्रों में तो लोग अंधेरा होने के बाद घर से निकलने में डरते हैं ' विधायक सविता महतो के अल्प सूचित प्रश्न का उत्तर भी विभाग की ओर से दिया गया है ' विधायक के प्रश्न को विभाग ने आंशिक रूप से सही बताया है.



# शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व सम्पन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक।


***उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश।***

**दैनिक समाज जागरण धनंजय कुमार वैद्य, ब्यूरो चीफ मझारखंड (प्रदेश)**

रांची (झारखंड) गढ़वा जिला में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व सम्पन्न कराने को लेकर आज समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा समेत जिला के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों के रूप में विभिन्न प्रखंडों से आए जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। बैठक में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा द्वारा द्वारा जिला में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व संपन्न कराने की बात कहते हुए उपस्थित शांति समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई।*

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा ने शांति समिति सदस्यों का स्वागत करते हुए आपस में मिलकर त्यौहारों को मनाने का अपील किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले अफवाहों से बचने को कहा। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि त्योहारों के दौरान भड़काऊ गाना बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, इसलिए कोई भी व्यक्ति भड़काऊ गाने ना बजाएं। सड़क दुर्घटना जैसे मामलों को देखते हुए उन्होंने ड्रिंक एवं ड्राइव मामले में भी उन्होंने प्रकाश डालते हुए समिति के सदस्यों के माध्यम से आम जनों से अपील किया कि त्योहारों के दौरान शराब का सेवन कर वाहन ना चलाएं। ऐसे मामले में पकड़े जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों ने एक-एक कर पूर्व के दिनों में मनाए गए त्योहारों की जानकारी दिया। उन्होंने जिला प्रशासन को आश्वस्त किया की पूर्व के दिनों में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नहीं हुई है एवं किसी भी त्योहार में हम सभी जाति धर्म के लोग सौहार्द माहौल में हंसी खुशी हर पर्व को मनाते आ रहे हैं। उपायुक्त ने खुशी व्यक्त करते हुए शांति समिति के सदस्य से आगे भी इसी प्रकार प्रेम और भाईचारा का संदेश देते हुए राज्य में गढ़वा जिले का उदाहरण प्रस्तुत करने की बात कहीं। उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए त्योहारों के दौरान यदि कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर उसे जिला प्रशासन को सूचित करने को कहा, साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह से बचने एवं सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट आदि ना करने की अपील किया।



उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान जिला प्रशासन के साइबर सेल द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर किए जा रहे पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने होली पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए आपस में भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने का अपील किया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उपस्थित थाना प्रभारी को त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्व को चिन्हित करने एवं पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने त्योहारों के दौरान सक्रिय होकर पेट्रोलिंग, धारा 107 के तहत कार्रवाई, सोशल मीडिया पर भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर पैनी नजर बनाए रखने समेत अन्य विषयों को लेकर विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आपस में समन्वय बनाए रखने को कहा जिससे त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

शांति समिति के सदस्यों के माध्यम से उन्होंने आमजनों से अपील किया कि त्यौहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर टोल फ्री नंबर 100 डायल कर पुलिस प्रशासन को जरूर दें। जिससे समय पर कार्रवाई की जा सके। त्योहारों को देखते हुए आगजनी जैसी घटनाओं से निपटने हेतु प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर अग्निशमन वाहनों के अतिरिक्त प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर पानी टैंकरों की अतिरिक्त व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया।

उल्लेखनीय है कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने को लेकर इस निमित्त विधि-व्यवस्था नियंत्रण हेतु पर्याप्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ हीं संबंधित पदाधिकारियों को उक्त अवधि में अपने-अपने क्षेत्र में अनुमण्डल, प्रखण्ड, पंचायत एवं ग्राम स्तर पर शांति समिति का विधिवत बैठक कर संवेदनशील स्थलों पर संबंधित ग्राम में दोनों समुदाय के गणमान्य व्यक्ति, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन के सदस्यों से शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु सहयोग करने को कहा गया। अंत में सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।

*इस बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा/रंका, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गढ़वा/रंका/श्री बंशीधर नगर, कार्यपालक दंडाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी/ओ०पी० प्रभारी, गढ़वा जिला, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, गढ़वा जिला समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

